www.navpradesh.com

//-- सुविचार --//

अकेले हो तो विचारों पर काबू रखो और सबके साथ हो तो जुबान पर काबू रखो।

दैनिक
नवप्रदेश
आदित्यवर्णं तमसः परस्तात्
प्रदेश के साथ पूरा देश...

अंदर के पृष्ठों पर ❖❖ 3 | राजधानी 4 | अभिव्यक्ति 5 | आंचलिक 7 | आंचलिक

RNI NO.CHHIN/2012/41806 रायपुर, बुधवार 05 जनवरी 2022, शुक्ल पक्ष तृतीया, विक्रम संवत-2077 वर्ष-10 अंक-318 पृष्ठ-08 मूल्य-3 रुपए रायपुर, बिलासपुर, भोपाल, जबलपुर व रांची से एक साथ प्रकाशित

आज बेबाक

कोरोना वायरस की फितरत भी आम आदमी की तरह है। उसे भी किसी बात की अति पसंद नहीं है। कोई ज्यादा ही होशियारी दिखाता है और कोरोना को हल्के में लेने लगता है तो कोरोना को भी गुस्सा आ जाता है। वह ऐसे डेढ़ होशियार को अपना शिकार बना लेता है। घुंघरू सेठ खबरियां चैनलों पर चौबीसो घंटे घुंघरू की तरह बजते रहे और कोरोना पर प्रवचन देते रहे। उनके बोल वचन से कोरोना को गुस्सा आ गया और उसने घुंघरू सेठ को ही संक्रमित कर दिया। चुनावी रैलियों में उनके संपर्क में आए लोगों की अब धुकधुकी बढ़ गई है।

आंकड़ेबाजी में पैतरेबाजी!

छात्रों का टीकाकरण शुरु होते ही नंबर वन बनने की होड़ शुरू

सुशील शुक्ला/मुंगेली

बच्चों का टीकाकरण शुरु होते ही आंकड़ेबाजी का खेल चालू हो गया है। टीकाकरण के आंकड़े बढ़ा कर नंबर वन बनने के चक्कर में स्वास्थ्य महकमा फर्जीवाड़े पर उतारू हो चुका है। स्वास्थ्य महकमे ने बच्चों को टीकाकृत करने का नायाब तरीका खोज निकाला है। बच्चों को वैक्सीनेशन किए बगैर ही प्रमाणपत्र जारी कर दिया गया है। ऐसा ही एक मामला छत्तीसगढ़ के मुंगेली जिले से सामने आया है। अब अफसर इस मामले में जांच कर कार्रवाई करने की बात कह रहे हैं। सोमवार से कोरोना वायरस बचाव एवं रोकथाम के लिए शासन-प्रशासन द्वारा टीकाकरण अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान के तहत 15 से 18 वर्ग के छात्रों के टीकाकरण के लिए स्कूलों में अध्ययनरत 15 से 18 वर्ष के छात्रों का जिले में सरकारी आंकड़ों के अनुसार 28 हजार 62 विद्यार्थियों ने टीका लगाया गया। दूसरी ओर छात्रों को बिना टीका लगवाये प्रमाण पत्र जारी कर दिया गया। शासन की महत्वकांक्षी टीकाकरण योजना के प्रति प्रशासन कितना गंभीर है और योजना का क्रियान्वयन करने वाले अधिकारी ■ शेष पृष्ठ 6 पर

छात्रों को बिना टीका लगाए जारी कर दिया प्रमाण पत्र

कलेक्टर व जिपं सीईओ ने किया निरीक्षण

जिले में शासकीय हाई एवं हायर सेकेंडरी स्कूलों में अध्ययनरत 15 से 18 वर्ष के विद्यार्थियों के साथ उनके अभिभावकों ने भी टीकाकरण के प्रति खासा उत्साह दिखाया है। कलेक्टर और जिला पंचायत सीईओ ने विभिन्न टीकाकरण केंद्रों का निरीक्षण किया और वहां टीकाकरण के लिए की गई व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि कोरोना वायरस एक फैलने वाली संक्रामक बीमारी है। इस बीमारी की रोकथाम एवं बचाव के लिए ■ शेष पृष्ठ 6 पर

28 हजार से अधिक को लगा टीके

जिले के 130 शासकीय हाई एवं हायर सेकेण्डरी स्कूल में अध्ययनरत 15 से 18 वर्ष के विद्यार्थियों हेतु टीकाकरण अभियान का संचालन किया गया। इस दौरान शाम 05.30 बजे तक 28 हजार 62 विद्यार्थियों ने उत्साह के साथ कोविड-19 का टीका लगवाया। जिसमें सबसे अधिक मुंगेली ब्लॉक में 12 हजार तत्पश्चात दूसरे नम्बर में पथरिया के 8 हजार 333 विद्यार्थियों के साथ ■ शेष पृष्ठ 6 पर

बच्चों को स्कूल में ही पंजीयन कराना है। ऑनलाइन पंजीयन के बाद अगर ऐसी त्रुटि है तो संबंधित के ऊपर कार्रवाई की जाएगी।

***रोहित व्यास,** सीईओ जिला पंचायत।*

सूर्योदय

उदय : 6.35 प्रात:

अस्त : 5:15 संध्या

जनसंख्या

विश्व : 7,917,993,860

भारत : 1,400,843,100

बाजार

सेंसेक्स : 59,885.93

निफ्टी : 17,805.25

गोल्ड : 47,050 प्रति 10 ग्राम

चांदी : 61,700 प्रति किग्रा

अण्डा दर : 5.16 प्रति नग

प्रदेश का मौसम

स्थान	अधिकतम	न्यूनतम
रायपुर	27.1	12.7
बिलासपुर	26.7	11.9
जगदलपुर	27.4	10.3
अंबिकापुर	22.0	08.1

आज का दिवस

विश्व पंछी दिवस: वैश्विक स्तर पर पंछियों के विलुप्त होने की चिंता दिखाई दे रही है। पंछियों के संरक्षण-संवर्धन हेतु 5 जनवरी को विश्व पंछी दिवस मनाया जाता है। आज के तनाव भरे दौर में हर कोई टेंशन भगाने के नुस्खे तलाशने में लगा है। अब बस, अपनी व्यस्त दिनचर्या में से समय निकालकर निकल पड़िए पक्षी-दर्शन को। बाग-बगीचों में जाइए, खुले मैदानों में जाइए। शहर के बाहरी इलाकों में, जहां हरियाली अधिक है, वहां आपको ये पंखों वाले मित्र अधिक संख्या में मिलेंगे।

कोरोना : तीसरी लहर की गिरफ्त में भारत

दिल्ली (ए.)। भारत में पिछले 24 घंटों में कोविड-19 के 37,379 नए मामले दर्ज किए गए हैं. इस बीमारी के कारण पिछले 24 घंटों में 124 लोगों की मौत भी हुई है.स्वास्थ्य मंत्रालय के मुताबिक बीते 24 घंटों में कोरोना के 37,379 नए मरीज मिले हैं. इसी के साथ पिछले छह दिनों में नए मरीज छह गुना बढ़े हैं. भारत में कोरोना के नए मरीजों के मिलने की रफ्तार तेज होती जा रही है. कोरोना के सक्रिय मामलों ने भी सरकारों की चिंता बढ़ा दी है. देश में अब तक सक्रिय मरीजों की संख्या 1,71,830 हो चुकी है.

वहीं इस संक्रमण के चलते अब तक 4,82,017 लोगों की मृत्यु हो चुकी है. देश में कोरोना से स्वस्थ होने वाले मरीजों की कुल संख्या 3,43,06,414 हो गई है. केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय के मुताबिक ओमिक्रॉन के मामलों की संख्या 1,892 हो गई है, जिसमें सबसे अधिक मामले महाराष्ट्र (568) में हैं. दिल्ली में नए वेरिएंट के 382 मामले सामने आए हैं, इसके बाद केरल (185), राजस्थान (174) और गुजरात (152) का स्थान है. केजरीवाल हुए कोरोना पॉजिटव दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने मंगलवार को जानकारी दी कि वह कोरोना से संक्रमित हो गए हैं. हालांकि उन्होंने बताया कि उनमें अभी इसके हल्के लक्षण हैं. ■ शेष पृष्ठ 6 पर

फ्रांस में मिला ओमिक्रॉन से ज्यादा घातक 'IHU' वैरिएंट, मचा सकता है बड़ी तबाही

नई दिल्ली। दुनिया भर में फिलहाल कोरोना के तेजी से फैलने वाले वैरिएंट ओमिक्रॉन से दहशत का माहौल है। इस बीच फ्रांस में वैज्ञानिकों ने एक और नए वैरिएंट 'IHU' का पता लगाया है, जो ओमिक्रॉन से भी ज्यादा तेजी से फैलता है। वैज्ञानिकों की खोज में सामने आए B.1.640.2 यानी IHU वैरिएंट के बारे में दावा किया जा रहा है कि यह टीका लगवा चुके और एक बार संक्रमित हुए लोगों को भी शिकार बना सकता है। ■ शेष पृष्ठ 6 पर

पीएचक्यू के 4 आईपीएस अफसर कोरोना संक्रमित

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ के पुलिस मुख्यालय में पदस्थ चार अधिकारी कोरोना पॉजिटिव मिले। कोरोना बम फटने के बाद स्वास्थ्य विभाग ने सभी अधिकारीयों को कोविड जांच कराने कहा है। सोमवार को सुकमा जिले के चिंतागुफा कैंप में तैनात 75 जवानों में से 38 जवान कोरोना पॉजिटिव पाए गए थे। जिसके बाद जिले के स्वास्थ्य विभाग के हाँथ पांव फूल गए हैं। अब रायपुर पीएचक्यू में अधिकारियों के पॉजिटिव होने के बाद हड़कंप मचा हुआ है। गौरतलब है कि प्रदेश कोरोना संक्रमण की रफ्तार फिर से एक बार बढ़ गई है। बीते सप्ताह भर की यदि बात करें तो लगातार संक्रमण दर में बढ़ोतरी दिखाई दे रही है। संक्रमितों में आम जनता के साथ साथ ड्ढद्धक्क लोगों का भी रिपोर्ट पॉजिटिव आया है। जिसमें सूबे के स्वास्थ्य मंत्री टीएस सिंहदेव के बाद अब आईपीएस अधिकारी भी कोरोना की चपेट में आ गए हैं। नवा रायपुर स्थित पुलिस मुख्यालय में पदस्थ चार आईपीएस अधिकारियों की कोरोना रिपोर्ट पॉजिटिव आई है। इनमें आईजी संजीव शुक्ला, डीआईजी विनीत खन्ना, एआईजी राजेश अग्रवाल और एक महिला आईपीएस ■ शेष पृष्ठ 6 पर

वेल डन यंग इंडिया! टीकाकरण अभियान के पहले दिन 15-18 वर्ष के 53 लाख किशोरों को दी गई वैक्सीन की पहली डोज

नई दिल्ली (ए.)। देश में सोमवार को 15 से 18 वर्ष आयु वर्ग के लिए टीकाकरण अभियान के पहले दिन 50 लाख से अधिक किशोरों ने कोरोनारोधी टीके की पहली खुराक ली। देशभर में इस आयु वर्ग में अनुमानतः 7.4 करोड़ बच्चे हैं। तेलंगाना, केरल, उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड, ओडिशा, कर्नाटक, पश्चिम बंगाल, पुडुचेरी, मध्य प्रदेश उन राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में शामिल हैं, जिन्होंने सोमवार को अभियान शुरू किया। कई लाभार्थियों और उनके माता-पिता ने कहा कि महामारी के मामलों में वृद्धि की पृष्ठभूमि वे इसका बेसब्री से इंतजार कर रहे थे। कोविन पोर्टल पर सोमवार रात 10:30 बजे तक के आंकड़े के अनुसार, 15 से 18 वर्ष तक की आयु के 53,64,599 लाभार्थियों ने टीका लगवाया है।

यूपी में दो लाख किशोरों को वैक्सीन लगी: उत्तर प्रदेश में 15 से 18 वर्ष के करीब दो लाख किशोरों को पहले दिन वैक्सीन लगाई गई। ■ शेष पृष्ठ 6 पर

मोदी सरकार ने पूरा किया राजीव गांधी का 'सपना'

श्रीलंका से बड़ा तेल टैंक समझौता, चीन को झटका

कोलंबो (ए.)। चीन के कर्जजाल से कंगाल श्रीलंका ने ड्रैगन को बड़ा झटका देते हुए भारत के साथ त्रिंकोमाली तेल टैंक समझौता किया है। भारत और श्रीलंका संयुक्त रूप से त्रिकोमाली तेल टैंक परिसर का निर्माण करेंगे। रणनीतिक लिहाज से बेहद अहम इस समझौते के तहत त्रिंको पेट्रोलियम टर्मिनल लिमिटेड सीलोन पेट्रोलियम कार्पोरेशन और इंडियन ऑयल कार्पोरेशन के साथ मिलकर 61 तेल टैंक विकसित करेंगे। भारत के तमिलनाडु राज्य से बेहद करीब बन रहे इन तेल टैंक का सबसे पहले सपना पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी ने देखा था।

श्रीलंका की गोटाबाया राजपक्षे सरकार की कैबिनेट ने त्रिंकोमाली तेल टैंक प्रॉजेक्ट को भारत के साथ मिलकर बनाने को मंजूरी दे दी है। इस डील के बारे में सबसे पहले 29 अक्टूबर 1987 को हुए भारत-श्रीलंका समझौते में जिक्र किया गया था। इसमें कहा गया था कि इस टैंक को संयुक्त रूप से दोनों देश विकसित करेंगे लेकिन 35 साल बीत जाने के बाद भी यह समझौता लटका हुआ था।

चीन के कर्ज को चुकाते-चुकाते श्रीलंका की कमर टूट गई

श्रीलंका की यह हालत कैसे हुई इसके कई कारण हैं। कोरोना संकट के कारण देश का टूरिज्म सेक्टर बुरी तरह प्रभावित हुआ। साथ ही सरकारी खर्च में बढ़ोतरी और टैक्स में कटौती ने हालात को और बदतर बना दिया। ऊपर से चीन के कर्ज को चुकाते-चुकाते श्रीलंका की कमर टूट गई। देश में विदेशी मुद्रा भंडार एक दशक के न्यूनतम स्तर पर पहुंच गया। सरकार को घरेलू लोन और विदेशी बॉन्ड्स का भुगतान करने के लिए पैसा छापना पड़ रहा है।

कोरोना ने पकड़ी रफ्तार, केंद्रीय गृह मंत्रालय ने जनगणना को रोका

नई दिल्ली। कोरोना वायरस महामारी का असर जनगणना की गतिविधियों पर भी पड़ा है। फिलहाल महामारी के कारण जनगणना गतिविधियों को स्थगित कर दिया गया है। गृह मंत्रालय ने पिछले महीने संसद को सूचित किया था कि कोविड -19 के कारण जनगणना 2021 और इससे संबंधित क्षेत्र की गतिविधियों को अगले आदेश तक के लिए स्थगित कर दिया गया है।

सरकार के फैसले के अनुरूप भारत के महापंजीयक और जनगणना आयुक्त विवेक जोशी ने पिछले महीने राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को पत्र लिखकर प्रशासनिक सीमाओं में बदलाव नहीं करने की तारीख को जून के अंत तक के लिए बढ़ा दी थी। जनगणना अभियान के दौरान, हाउस लिस्टिंग फेज और जनसंख्या गणना राज्यों और संघ राज्य क्षेत्रों के जिलों, कस्बो, गांवों और तहसीलों की सीमाओं को नहीं बदलना चाहिए। हालांकि, गृह मंत्रालय के अगले आदेश तक अभ्यास को स्थगित करने के साथ, आरजीआई के इस पत्र का मतलब है कि प्रशासनिक क्षेत्राधिकारों की सीमाओं को 30 जून तक के लिए फ्रीज कर दिया गया है। इस अभ्यास को पहले 31 दिसंबर, 2020 से बढ़ाकर 21 दिसंबर, 2021 तक किया गया था। मुख्य रूप से, हाउस लिस्टिंग और हाउसिंग जनगणना का फील्ड वर्क, जनगणना 2021 का पहला चरण, राष्ट्रीय जनसंख्या रजिस्टर के अपडेशन के साथ विभिन्न राज्यों और संघ राज्य क्षेत्रों, उनकी स्थानीय परिस्थितियों और अन्य प्राथमिकताओं के आधार पर अप्रैल 2020 से सितंबर 2020 के दौरान 45 दिनों की अवधि में आयोजित किया जाना था। पिछले साल हाउस लिस्टिंग के बाद 9 से 28 फरवरी के बीच जनसंख्या की गणना की जानी थी।

कनाडा में भारत की संपत्ति होगी जब्त, कोर्ट का आदेश

दिल्ली (ए.)। कनाडा की एक अदालत ने एयर इंडिया और एयरपोर्ट अथॉरिटी ऑफ इंडिया की संपत्तियां जब्त करने की मंजूरी दे दी है. उपग्रह बनाने वाली कंपनी डेवास के लिए इसे बड़ी जीत माना जा रहा है.कनाडा की एक अदालत ने देश के क्यूबेक प्रांत और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी भारत की एयरलाइंस एयर इंडिया और एयरपोर्ट अथॉरिटी ऑफ इंडिया (आईएटीए) की संपत्तियां जब्त करने को मंजूरी दे दी है. डेवास मल्टीमीडिया कंपनी के लिए दस साल से जारी लड़ाई में इसे बड़ी जीत माना जा रहा है. भारत के अखबार इकोनॉमिक टाइम्स ने खबर छापी है कि 24 नवंबर और 21 दिसंबर को सुपीरियर कोर्ट ऑफ क्यूबेक ने दो अलग-अलग आदेश जारी किए हैं. इन आदेशों में दिखाया गया है कि भारत में हवाई अड्डों का संचालन करने वाली संस्था आईएटीए की 68 लाख डॉलरकी संपत्ति जब्त कर ली गई है. इसके अलावा एयर इंडिया की संपत्ति भी जब्त की गई है, जिसकी असली कीमत अभी सार्वजनिक नहीं हुई है. हालांकि अखबार लिखता है कि डेवास के शेयरधारकों के प्रतिनिधियों ने कहा है कि भारत की तीन करोड़ डॉलर से ज्यादा की संपत्ति उन्होंने जब्त कर ली है.

गलवान घाटी में भारतीय सेना ने फहराया तिरंगा

■ नए साल पर दिया ड्रैगन को कड़ा संदेश

नई दिल्ली (ए.)। भारतीय सेना ने नए साल के मौके पर लद्दाख की गलवान घाटी में सीमा पर तिरंगा फहराया है। भारतीय सेना के सूत्रों के मुताबिक सैनिकों ने नए साल की पूर्व संध्या के मौके पर तिरंगा फहराया। भारतीय सेना की ओर से तिरंगा लहराए जाने की खबर ऐसे मौके पर आई है, जब मीडिया एक वर्ग में चीन द्वारा गलवान घाटी में झंडा फहराए जाने की खबरें सामने आई थीं। इससे पहले यह भी खबर थी कि चीन ने अरुणाचल प्रदेश के कुछ इलाकों के नए नाम रखे हैं। चीन ने विवादित लैंड बाउंड्री लॉ को लागू किए जाने से पहले यह कदम उठाया था।

इन खबरों पर प्रतिक्रिया देते हुए बीते गुरुवार को केंद्र सरकार ने कहा था, 'हमें कुछ मीडिया रिपोर्ट्स के माध्यम से चीन की ओर से अरुणाचल के कुछ हिस्सों के नाम बदलने की खबरें मिली हैं। लेकिन नाम बदलने से हकीकत नहीं बदलती है। अरुणाचल प्रदेश हमेशा भारत का अभिन्न हिस्सा था और आगे भी बना रहेगा।' चीन के कदम के बारे में पूछे जाने पर विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ने कहा था, 'चीन ने 2017 में ■ शेष पृष्ठ 6 पर

गरमा-गरम

कोरोना निर्देश... राज्य के कई जिलों में लगेगा क्लैम्प डाउन, आंगनबाड़ी व स्कूल पर प्रतिबंध के साथ सामाजिक आयोजनों पर भी रोक

4 प्रतिशत से अधिक संक्रमण वाले जिलों में प्रतिबंध लागू

रायपुर/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने प्रदेश में कोविड-19 के बढ़ते मामलों को देखते हुए सभी कलेक्टरों और पुलिस अधीक्षकों को कोरोना संक्रमण की रोकथाम के लिए कोविड-19 गाइडलाईन के तहत सख्ती से हर संभव उपाय सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। मुख्यमंत्री ने कहा है कि हमारा मुख्य उद्देश्य कोविड-19 संक्रमण और इससे संबंधित रिस्क को सीमित करना है, न कि आर्थिक गतिविधियों को धीमा करना।



इस संबंध में जारी निर्देश में कलेक्टरों और पुलिस अधीक्षकों से कहा गया है कि प्रदेश के ऐसे जिले जहां पॉजिटिव रेट 4 प्रतिशत या इससे अधिक है, वहां रात्रि 10 बजे से सुबह 6 बजे तक रात्रिकालीन क्लैम्प डाउन लगाया जाए और नॉन कमर्शियल गतिविधियों पर सख्ती से रोक लगाई जाए। ■ शेष पृष्ठ 6 पर

रायपुर में नाइट कर्फ्यू जारी

सीएम के निर्देश के मुताबिक मंगलवार शाम तक राजधानी रायपुर में नाइट कर्फ्यू लगाने सामान्य प्रशासन विभाग ने आदेश जारी कर दिया है। रात्रि 10 बजे से सुबह 6 बजे तक गैर व्यावसायिक गतिविधियों पर रोक लगी रहेगी। वहीं स्कूल, आंगनबाड़ी केन्द्र और प्ले स्कूल संचालन की अनुमति भी नहीं होगी। निर्देश के अनुसार जिन जिलों में पॉजिटिव रेट 4 प्रतिशत से ज्यादा है, वहां सभी स्कूलों और ■ शेष पृष्ठ 6 पर

जुलूस, रैली, सभा, आयोजनों पर रोक

सभी जिलों में जुलूसों, रैलियों, पब्लिक गैदरिंग, सामाजिक, सांस्कृतिक, धार्मिक और खेल आयोजनों पर प्रतिबंध लगाने के निर्देश दिए गए हैं। जहां जरूरी हो वहां धारा 144 तथा महामारी अधिनियम के प्रावधानों के तहत कार्रवाई करने को कहा गया है। सभी कलेक्टरों और पुलिस अधीक्षकों से कहा गया है कि कोविड-19 संक्रमण के नियंत्रण के लिए निजी डॉक्टरों, निजी अस्पतालों, एनजीओ, मीडिया प्रतिनिधियों ■ शेष पृष्ठ 6 पर

तीन आईएएस का प्रमोशन, सचिव से बने प्रमुख सचिव

रायपुर/नवप्रदेश। राज्य सरकार ने डीपीसी के बाद 97 बैच के आईएएस का प्रमोशन आदेश जारी कर दिया है। 1997 बैच के 3 आईएएस अधिकारियों का प्रमोशन लिस्ट सामान्य प्रशासन विभाग ने जारी कर दिया है। इनमें एम गीता, निहारिका बारिक और सुबोध सिंह शामिल हैं। इन्हें सचिव से प्रमुख सचिव बनाए गए हैं। सुबोध सिंह के केंद्रीय प्रतिनियुक्ति पर होने के कारण उन्हें राज्य सरकार ने प्रोफार्मा प्रमोशन दिया है।

■ न्यूज गैलरी

राष्ट्रीय शिक्षक दिवस पर सावित्री बाई फुले जयंती समारोह संपन्न

भिलाई (नव प्रदेश)। रायपुर में सावित्री बाई फुले ज्ञान एकेडमी सरोना में भारत की प्रथम शिक्षिका सावित्री बाई फुले की जयंती समूारोह आयोजित की गई। जिसमें उनके प्रेरक व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर संगीता घाबर्डे द्वारा प्रकाश डाला गया। दीपक बंजारे, डा. उमेश हुमने, स्नेहलता हुमने, कोमल घाबर्डे द्वारा अमिनीत एकांकी में समाज में स्त्री शिक्षा के प्रसार में उनके योगदान व संघर्ष को प्रस्तुत किया। बिनिका दुर्गम ने सावित्री बाई फुले के रूप में मंच पर पदार्पण किया व आज की परिस्थितियों में सावित्री बाई फुले के विचार रखें। उनके जीवन पर आधरित प्रश्नमंच व गीत प्रस्तुत किए गए। राष्ट्रीय स्तर पर आयोजित सरस व ज्ञानवर्धक कार्यक्रम का सफल संचालन संगीता घाबर्डे द्वारा किया गया। कार्यक्रम के व्यवस्थापक उमेश महिलानी थे। कार्यक्रम में तरूण खाटकर व अर्पण खाटर भी मौजूद थे।

टीपीएल वर्कशॉप में सड़क सुरक्षा अभियान का आयोजन

भिलाई (नव प्रदेश)। भिलाई इस्पात संयंत्र के टीपीएल वर्कशॉप द्वारा हाल ही में प्रातः 08.45 बजे से सड़क सुरक्षा अभियान का आयोजन महाप्रबंधक अशोक कुमार के नेतृत्व में टीपीएल वर्कशॉप मार्ग फारेस्ट अवेन्यु (अग्निगमन मुख्यालय के निकट) किया गया। इस अवसर पर कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे महाप्रबंधक (टीपीएल) अशोक कुमार ने वाहन चालकों से वाहन चलाते वक्त व्यक्तिगत सुरक्षा उपकरणों का प्रयोग एवं गति को नियंत्रित रखने का आग्रह किया। यातायात एवं सड़क संबंधित सुरक्षा के नियमों का पालन करने की भी अपील की। इस कार्यक्रम का संचालन अनील कुमार फुले (विभागीय सुरक्षा अधिकारी) टीपीएल वर्कशॉप ने किया। इस अवसर पर अनील कुमार फुले, (सहायक प्रबंधक) एवं टीपीएल वर्कशॉप के समस्त कार्मिक हाथों में तक्तिया लेकर सड़क पर चल रहे। यातायात की ओर उन्मुख होकर कोविड-19, मास्क पहनना, हेलमेट पहनना एवं सीट बेल्ट बांधने संबंधित सावधानियों को प्रदर्शित कर रहे थे।

ग्रामीण स्वच्छता सर्वे पूरा, जल्द आएंगे नतीजे

केंद्रीय टीम ने पूरा किया सर्वे, 22 पंचायतों में किया सर्वे

नव प्रदेश संवाददाता

दुर्ग। ग्रामीण स्वच्छता को लेकर सरकार की सबसे बड़ी कवायद पूरी हो चुकी है। दुर्ग जिले की 22 पंचायतों में स्वच्छ ग्रामीण सर्वेक्षण 2021 पूरा हो चुका है। इसके लिए केंद्रीय टीम इप्सास के दल ने ग्रामीण क्षेत्रों का व्यापक सर्वे कर लिया है। शीघ्र ही देश भर में सर्वेक्षण के नतीजे सामने आएंगे और दुर्ग जिले के ग्रामीण इलाकों में साफ -सफ ाई की स्थिति की स्पष्ट तस्वीर देश भर के सामने आएगी। सर्वेक्षण में हजार अंक रखे गये हैं। इनमें से 350 अंक सर्विस लेवल प्रोग्रेस से हैं अर्थात स्वच्छता के संबंध में किस तरह की अधोसंरचना जिले में है। इसके बाद स्वच्छता को लेकर किये जा रहे प्रयासों पर ग्रामीण फीडबैक पर 350 अंक रखे गये हैं। टीम ने प्रत्यक्ष अवलोकन भी किया और इसके आधार पर 300 अंक दिये जाएंगे। इस संबंध में चर्चा करने पर जिला पंचायत सीईओ अश्विनी देवांगन ने बताया कि कलेक्टर डॉ. सर्वेश्वर नरेंद्र भुरे के मार्गदर्शन में ग्रामीण क्षेत्रों में स्वच्छता की बेहतर स्थिति के लिए पंचायत विभाग द्वारा लगातार प्रयास किये गये हैं। सर्वेक्षण में जिन पहलुओं को लिया गया है उन सभी पर ग्रामीण क्षेत्रों में अच्छा काम अमले द्वारा किया गया है। उल्लेखनीय है कि टीम ने यादृच्छक रूप से ग्राम पंचायतों का चयन निरीक्षण के लिए किया है और सभी जगहों में बेहतर अधोसंरचना सफाई को लेकर दिखी। पांच ऐसी बातें हैं जिनमें स्वच्छता सर्वे में विशेष ध्यान दिया गया है।

वेस्ट मैनेजमेंट को लेकर अच्छा काम जिससे मिलेंगे बेहतर अंक- स्वच्छता सर्वेक्षण में वेस्ट मैनेजमेंट पर बहुत अधिक जोर दिया गया है। शहरी के साथ ही ग्रामीण इलाकों की पहचान बेतरतीब पड़े कचरे, अव्यवस्थित ड्रेनेज सिस्टम को लेकर होती है और बरसात में इसकी वजह से भयंकर अव्यवस्था होती है। दुर्ग में 100 से अधिक ग्राम पंचायतों में डोर डू डोर कलेक्शन और वेस्ट मैनेजमेंट प्लान चल रहा है। रिक्शों के माध्यम से स्वच्छताग्राही कलेक्शन कर रहे हैं। ग्रामीण विकास मंत्रालय अपेक्षा करता है कि कम से कम 5 प्रतिशत गांवों में ऐसा हो, दुर्ग में यह 25 प्रतिशत है। व्यक्तिगत शौचालय के मामले में- व्यक्तिगत शौचालयों के संबंध में भी सर्वे काफी जोर देता है। इस लिहाज से दुर्ग जिला काफ ी बेहतर है। पांचवें नेशनल फैमिली हेल्थ सर्वे के नतीजों पर गौर करें तो दुर्ग में 89.5 प्रतिशत व्यक्तिगत शौचालय का यूटिलाइजेशन पाया गया है। पूरे प्रदेश में दुर्ग जिले का दूसरा स्थान है। जिला पंचायत सीईओ ने बताया कि ओडीएफ गांव के बाद भी जरूरत के मुताबिक 3500 अतिरिक्त व्यक्तिगत शौचालय बनाये गये हैं।

मेंस्ट्रल हाइजिन के मामले में बढ़िया काम- स्वच्छता सर्वेक्षण इस बात पर विशेष ध्यान रखता है कि मेंस्ट्रल हाइजिन को लेकर कितना काम ग्रामीण क्षेत्रों में हो रहा है क्योंकि इस संबंध में जागरूकता शहरों की तुलना में ग्रामीण क्षेत्रों में कम होती है। दुर्ग जिले में 196 गांवों में सैनिटरी नैपकिन का सेल्फ डिस्पोजल महिलाएं कर रही हैं इसकी ट्रेनिंग दी जा चुकी है और यह प्रैक्टिस में आ चुका है। इस संबंध में जागरूकता बढ़ाने के लिए 25 एनजीओ को एक लाख रुपए दिये गये। इसके माध्यम से वे जागरूकता भी फैला रहे हैं और सैनेटरी पैड्स उपलब्ध कराने की दिशा में भी कार्य कर रहे हैं।

स्वच्छताग्राहियों की बड़ी टीम- पंचायतों में स्वच्छता का दारोमदार सबसे अधिक स्वच्छताग्राहियों पर हैं। तीन हजार से अधिक स्वच्छताग्राही हर दिन सुबह-सुबह साफसफाई का कार्य भी करते हैं और लोगों से स्वच्छता का आग्रह भी करते हैं। इस तरह की बड़ी और संकल्पित मशीनरी की वजह से कठिन लक्ष्य भी हासिल करने में सहयोग मिल रहा है और वेस्ट मैनेजमेंट सेंटर में बड़ी मात्रा में कचरा पहुंच रहा है।

लिक्विड मैनेजमेंट को लेकर भी बड़ा काम- लिक्विड मैनेजमेंट को लेकर भी शानदार काम हो रहा है। घुघुवा पंचायत को ही लें, यहां हाल ही में लिक्विड वेस्ट मैनेजमेंट का बड़ा सेंटर तैयार किया गया है। पूरे गांव का ड्रेनेज सिस्टम इससे बेहतर हो गया है। ड्रेनेज सिस्टम बेहतर होने से गांव का पानी भी बेहतर हो रहा है।

दो दिन के कार्यक्रम में शिक्षकों को किया गया सम्मानित

भिलाई (नव प्रदेश)। SSSX के 50 वर्षों के सफ र में कई नायाब मील के पत्थर हैं और यह कहना अतिश्योक्ति नहीं होगा कि अलग अलग बैचों के छात्र एकजुट होकर स्वेच्छा से समारोह को एक और मील का पत्थर बनाने के लिए तत्परता से काम किया। कारवां - दो दिन का भव्य समारोह - शिक्षकों की सूची , उनका आमंत्रण , विश्व भर से छात्रों को एक करना, खर्चो का प्रावधान और सर्वोपरि कोविड नियमों का पालन करते हुए सञ्चालन की सुचारु व्यवस्था - मात्र तीन हफ्तों में - SSSX के छात्र /छात्राएं ही कर सकते है. दो दिन के कार्यक्रम में शिक्षकों का सम्मान, देश विदेश से आये छात्रों को स्मारक प्रदान, सांस्कृतिक कार्यक्रम, अमित सना (इंडियन आइडल फेम एवं स्स्स्ङ्ग के पूर्व छात्र) का गायन, खेलकूद एवं रात्रि भोजन व् मनोरंजन और खासकर पहले बैच 1971 के 11 छात्रों की उपस्थिति और सबका मिलजुलकर कारवाँ - गोल्डन जुबली सेलिब्रेशन को यादगार बनाने में कुछ छात्रों का नाम (वालंटियर्स) लेना अनिवार्य है। विनय पीतांबरण, नेहा चंद्राकार, मनोज गुप्ता, सोनाली सैन, डॉ प्रदीप चौधुरी, रोहित अग्रवाल, जयंत मित्रा नेहा बासु, सीमा फि लीप, मीरा शर्मा, मो अली हिरानी, राकेश ढोडी, अरुण कुमार, सुबीर दरिपा, प्रणब सेनगुप्ता, एनए रमेश, जेरी कोशी, अनुराग निखाडे, विल्सन मैमन, अमित जैन, सविता तिवारी, प्रभा नायर, मौसमी नंदी, राहुल श्रीवास्तव, संजीव सिंह, श्रीदेवी दुर्गे, राहुल अरोरा , उषा, प्रवीण सिंह, गुरदीप सिंह, समीर घोषाल, संतोष भूसनु, साजू थॉमसऔर सबके अत्यंत प्रिय प्राचार्य श्री ऐ के वर्मा। लाइव चैनल्स में जो धन्यवाद् ज्ञापित हुए उसका श्रेय इन सबको जाता है। SSS X के विष्वव्यापी छात्रवृन्द की ओर से इन सबका अशेष धन्यवाद।

न्यायालय नायब तहसीलदार दुर्ग -1 (छ.ग.)
उद्घोषणा

रा.प्र.क्र./अ-6/ वर्ष 2020-21

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक मुन्ना लाल आ. बिसराम निवासी पुरई तह. व जिला दुर्ग के द्वारा ग्राम .....तह. व जिला दुर्ग स्थित खाता क्र.......... मे दर्ज भूमि खसरा नं. 94/1, 94/3, 646/1, 647/1, 692/1, 1193 रकबा 0.1600, 0.2600, 0.2000, 0.2600, 0.3000, 0.3500 कुल 1.5300 हे भूमि जो कि आवेदक........ के नाम पर शामिलात रूप से वर्तमान राजस्व अभिलेख में दर्ज है। उक्त भूमि का पूर्व में हुए आपसी बंटवारा एवं कास्त कब्जा के आधार पर .... सामान हिस्सों में खाता विभाजन किए जाने हेतु आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत दिनांक 11/01/2022 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 28.12.2021 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — नायब तहसीलदार, दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)
उद्घोषणा

रा.प्र.क्र.//अ-06/वर्ष 2021-22

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि हकप्राप्तकर्ता देवेन्द्र कुमार पिता/पति स्व. बाबूलाल निवासी ग्राम रिसाली भिलाई तहसील व जिला दुर्ग के द्वारा ग्राम रिसाली तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 456/59 रकबा 0.010 हे. भूमि को हकत्यागकर्ता दिनेश कुमार पिता/पति बाबूलाल निवासी ग्राम रिसाली भिलाई से रजिस्टर्ड हकत्याग दिनांक 05.10.2021 को क्रय किया गया है। उक्त आवेदित भूमि को रजिस्टर्ड हकत्याग के आधार पर क्रेता के पक्ष में प्रमाणीकरण किये जाने हेतु आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत पेशी दिनांक 18.01.2022 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 30.12.2021 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — तहसीलदार, दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)
उद्घोषणा

रा.प्र.क्र.//अ-06/वर्ष 2021-22

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि उपहारग्रहिता राजकुमार प्रसाद पिता/पति श्री राम प्रवेश महतो निवासी ग्राम रिसाली भिलाई तहसील व जिला दुर्ग के द्वारा ग्राम रिसाली तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 456/31 का टुकड़ा रकबा 1800 वर्गफुट भूमि को उपहारकर्ता श्रीमती शिवझरी देवी पित/पति श्री रात प्रवेश महतो निवासी ग्राम रिसाली भिलाई से रजिस्टर्ड उपहारपत्र दिनांक 28.09.2021 को क्रय किया गया है। उक्त आवेदित भूमि को रजिस्टर्ड उपहार पत्र के आधार पर क्रेता के पक्ष में प्रमाणीकरण किये जाने हेतु आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत पेशी दिनांक 18.01.2022 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 30.12.2021 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — तहसीलदार, दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)
उद्घोषणा

रा.प्र.क्र.//अ-06/वर्ष 2021-22

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि उपहारप्राप्तकर्ता श्रीमती नीलिमा हिरवानी पिता/पति स्व. जितेन्द्र हिरवानी निवासी ग्राम पोटियाकला दुर्ग तहसील व जिला दुर्ग के द्वारा ग्राम पोटियाकला तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 368/5 का टुकड़ा रकबा 0.206 हे. भूमि को उपहारकर्ता घनश्याम सिंह हिरवानी पिता स्व. सुंदर लाल निवासी ग्राम पोटियाकला से रजिस्टर्ड उपहारपत्र दिनांक 25.03.2021 को क्रय किया गया है। उक्त आवेदित भूमि को रजिस्टर्ड उपहारपत्र के आधार पर क्रेता के पक्ष में प्रमाणीकरण किये जाने हेतु आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत पेशी दिनांक 20.01.2022 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 01.01.2022 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — तहसीलदार, दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)
उद्घोषणा

रा.प्र.क्र.//अ-06/वर्ष 2021-22

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक सुनील कुमार जैन पिता/पति मोतीलाल जैन निवासी ग्राम गंजपारा दुर्ग तहसील व जिला दुर्ग के द्वारा ग्राम कसारीडीह तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 93/34 रकबा 0.014 हे. भूमि को विक्रेता कमलेश कुमार जैन पिता/पति पारसमल जैन निवासी ग्राम नंदई रोड नंदई से रजिस्टर्ड बैनामा दिनांक 21.12.2021 को क्रय किया गया है। उक्त आवेदित भूमि को रजिस्टर्ड बैनामा के आधार पर क्रेता के पक्ष में प्रमाणीकरण किये जाने हेतु आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत पेशी दिनांक 18.01.2022 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 01.01.2022 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — तहसीलदार, दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)
उद्घोषणा

रा.प्र.क्र- 20211210070009//अ-06/वर्ष 2021-22

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक मनोज कुमार टंडन पिता रामदास टंडन निवासी ग्राम गंजपारा दुर्ग तहसील व जिला दुर्ग के द्वारा ग्राम दुर्ग तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 46/159 रकबा 400 वर्गफीट हे. भूमि को दानदाता बिसाहिन बाई पति रामदासा निवासी ग्राम गंजपारा दुर्ग तह. दुर्ग जिला दुर्ग से रजिस्टर्ड दानपत्र दिनांक 16.11.2021 को क्रय किया गया है। उक्त आवेदित भूमि को रजिस्टर्ड बैनामा के आधार पर क्रेता के पक्ष में प्रमाणीकरण किये जाने हेतु आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत पेशी दिनांक 21.12.2021 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 04.12.2021 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — तहसीलदार, दुर्ग (छ.ग.)

नाम परिवर्तन

मैं शपथकर्ती राधा देवी आ. नर्मदा प्रसाद आयु-24 वर्ष निवासी डी-1 महाराजा चौक के पास आदर्श नगर दुर्ग तह. व जिला दुर्ग छ.ग. की हूं। मेरे आधार कार्ड में मेरा नाम उर्मिला देवी आ. नर्मदा प्रसाद त्रुटिवश दर्ज हो गया है तथा मेरे आधारकार्ड नं. 494546936223 है। मेरी सहीं व वास्तविक नाम राधा देवी आ. नर्मदा प्रसाद है जो मेरे शालेय प्रमाण पत्र (अंकसूची) एवं अन्य दस्तावेजों में राधा देवी आ. नर्मदा प्रसाद दर्ज है जो कि सत्य एवं सही है। उक्त शपथ पत्र राधा देवी के नाम से गजट में प्रकाशन करवना चाहती हूं जिसके सत्यता के समर्थन में प्रस्तुत है।

मुहर — शपथकर्ती, राधा देवी

कार्यलय संपदा अधिकारी छ.ग. गृह निर्माण मण्डल सम्पदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-दुर्ग (छ.ग.)
आम सूचना

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता है कि श्रीमती शर्बरी मुखोपाध्याय पति श्री सुब्रोतो मुखोपाध्याय निवासी- एच.आई.जी-1/2197, औद्योगिक क्षेत्र भिलाई, जिला दुर्ग (छ.ग) को छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल, प्रक्षेत्र दुर्ग द्वारा औद्योगिक क्षेत्र भिलाई में स्थित भवन क्रमांक एच.आई.जी-1/2197 जिला दुर्ग में आबंटित किया गया है। आबंटी शर्बरी मुखोपाध्याय द्वारा उक्त भवन का विक्रय पत्र उप पंजीयक कार्यालय दुर्ग से दिनांक 25/08/1999 एवं फ्री होल्ड दिनांक 22/11/2021 अनुसार उक्त भवन उपहार बयनामा रजिस्ट्री दिनांक 14/12/21 को श्री अभिजीत बेनर्जी आ. श्री अरूण कुमार बेनर्जी के नाम पर उपहारपत्र कर दिया गया है। उपहार प्राप्तकर्ताश्री अभिजीत बेनर्जी द्वारा पंजीकृत दस्तावेज आधार पर उक्त भवन का स्वामित्व मण्डल अभिलेख में अपना नाम पर दर्ज कराने हेतु आवेदन किया है।

अतः हक प्राप्तकर्ता श्री अभिजीत बेनर्जी के नाम हस्तान्तरण/नामंतरण किया जाता है तो किसी भी व्यक्ति, वारिसान, शासकीय, अर्धशासकीस बैंक वित्तीय निकायों इत्यादी को कोई आपत्ति हो तो इस आम सूचना प्रकाशन के 15 दिवस के भीतर लिखित में आपत्ति/दावा इस कार्यालय में कार्यालयीन समय पर उपस्थित होकर प्रस्तुत करें। बाद में प्राप्त आपत्ति/दावा पर कोई विचार नहीं किया जावेगा एवं नामांतरण की कार्यवाही करने के लिए मण्डल स्वतंत्र रहेगा। मेरे हस्ताक्षर तथा कार्यालय के मोहर के साथ आज दिनांक 4/01/22 को जारी किया गया है।

सम्पदा अधिकारी, छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल, प्रक्षेत्र दुर्ग (छ.ग)

न्यायालय अनुविभागीय दण्डाधिकारी छावनी, जिला दुर्ग (छ.ग.)
सूचना विज्ञप्ति

प्रकरण क्र. 927/2021, धारा 133 दं.प्र.सं

चौहान हाऊसिंग प्रा.लि. द्वारा डायरेक्टर अजय चौहान पिता स्व. विपत उर्फ दीपेश्वर चौहान, निवासी- राजीव नगर, सुपेला भिलाई तह. व जिला दुर्ग (छ.ग.).....**आवेदक**

विरूद्ध

1. फास्ट्रेक फिनवेस्ट प्रा. लिमिटेड द्वारा डायरेक्टर श्री संजय बाफना आ. श्री पी.सी.बाफना, विक्रय पत्र अनुसार पता-रॉयल ग्रीन जुनवानी तह.व जिला दुर्ग (छ.ग.), वर्तमान पता बाफना गोल्फकोर्स, चिखली, तह. व जिला दुर्ग (छ.ग.)।
2. रॉलय ग्रीन्स रेसीडेन्ट्स वेलफेयर एसोसिएशन द्वारा अध्यक्ष/सचिव पता- बी-7, रॉयल ग्रीन जुनवानी तह.व जिला दुर्ग (छ.ग.), पुलिस चौकी- स्मृति नगर, पुलिस थाना सुपेला, तह. व जिला दुर्ग (छ.ग.)
3. रॉयल ग्रीन्स टावर-ए रेसीडेन्ट्स वेलफेयर एसोसिएशन द्वारा अध्यक्ष/सचिव, पता- टॉवर-ए फ्लैट नं. 402ख रॉयल ग्रीन्स जुनवानी तह. व जिला दुर्ग, पुलिस चौकी- स्मृति नगर, पुलिस थाना सुपेला, तह. व जिला दुर्ग (छ.ग.) ....**अनावेदकगण**

आवेदक के भूमिस्वामी हक की भूमि पर अनावेदकगणों द्वारा आम रास्ता को अवरोध उत्पन्न कर लोक न्यूसेंस किए जाने के कारण अनावेदकगणों के विरूद्ध दण्ड प्रक्रिया संहिता की धारा 133 के तहत प्रकरण पंजीबद्ध कर अनावेदकगणों को कारण बताओं नोटिस दिनांक 20.092021 को जारी किया गया था। तत्पश्चात विधिवत नोटिस तामिल के उपरांत भी अनावेदकगण अनुपस्थित रहें। विज्ञप्ति के माध्यम से पुनः सूचित किया जा रहा है कि दिनांक 05/01/2022 को अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में उपस्थित होकर अपना पक्ष समर्थन में जवाब प्रस्तुत करें। अन्यथा प्रकरण में एकपक्षीय कार्यवाही की जाएगी। मेरे हस्ताक्षर व न्यायालय मुद्रा से आज दिनांक 27/12/2021 को जारी किया गया।

मुहर — अनुविभागीय दण्डाधिकारी, दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)
उद्घोषणा-पत्र

रा.प्र.क्र- 202112100700344//अ-06/वर्ष 2021-22

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्रवण सिन्हा वगै. पिता स्व. गणेश राम सिन्हा निवासी ग्राम बांधा तालाब तहसील व जिला दुर्ग के द्वारा ग्राम दुर्ग तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 46/124 रकबा 0.014 हे. भूमि जो कि आवेदक/शामिलात सखातेदार के नाम पर वर्तमान राजस्व अभिलेख में दर्ज है। आवेदित भूमि के खातेदार कचरा बाई की मृत्यु हो जाने पर फौती दर्ज कर मृतक खातेदार के सभी विधिक वारिसानों का नाम राजस्व अभिलेख में दर्ज किए जाने हेतु आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत पेशी दिनांक 19.1.2022 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 28.12.2021 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — तहसीलदार, दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय नजूल जांच अधिकारी दुर्ग (छ.ग.)
ईश्तहार

रा.प्र.क्र- 202111103800003//अ-20(3)/ वर्ष 2021 -22

आवेदिका श्रीमती शहनाज बेगम पति स्व. एम.शेख साहिब निवासी एलआईजी 235 आमदी नगर हुडको भिलाई द्वारा इस आशय का आवेदन प्रस्तुत किया है कि आमदी नगर हुडको भिलाई में स्थित खसरा ने. 1/2, 2/2 का टुकड़ा प्लाट नं. एलआईजी 233 क्षेत्रफल 96 वर्गमीटर भूमिधारक मोका शेख साहिब आ. ख्वाजा हुसैन निवासी हुडको भिलाई के नाम पर नजूल अभिलेख में दर्ज है। धारक की मृत्यु दिनांक 8/7/19 को हो चुकी है। मृतक धारक के वारिसान उनकी पत्नी श्रीमती शहनाज बेगम पुत्री मेहरू निशा, एजाज अहमद, जरीना बेगम, गुलनाज बेगम, मेहनाज बेगम, फरहा शिरिन है। आवेदिक द्वारा प्रश्नाधीन भूखण्ड से मृतक धारक का नाम विलोपित कर उनके वारिसानों के नाम पर फौती नामांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। जिसका प्रकरण न्यायालय में विचाराधीन है।

अतएव् एतद द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता है कि उपरोक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति अथवा संस्था को आपत्तिया दावा हो प्रकरण की सुनवाई 24/11/21 या इसके पूर्व इस न्यायालय में स्वतः उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति दावा या जिस भूखण्ड संबंधी जानकारी हो आवश्यक अभिलेख प्रस्तुत किया जावे अथवा करवाया जावें। बाद में प्राप्त आपत्ति आवेदन पर कोई कार्यवाही नही किया जावेगा।

आज दिनांक 02.11.2021 को मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय के पद मुद्रा से प्रकाशन हेतु जारी किया जाता है।

मुहर — नजूल अधिकारी, दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय नजूल जांच अधिकारी दुर्ग (छ.ग.)
ईश्तहार

रा.प्र.क्र-202112103800015//अ-20(3)/ वर्ष 2021 -22

आवेदिका श्रीमती पूर्णिमा माइती पति प्रशांत माइती निवासी ब्राम्हणपारा दुर्ग द्वारा इस आशय का आवेदन प्रस्तुत किया है कि दुर्ग में स्थित भूमिस्वामी अधिकार में प्राप्त नजूल भूमि शीट क्रमांक 29ए प्लाट नं. 4/2 क्षेत्रफल 67.50 वर्गमीटर भूमिधारक रामकृष्ण सामन्ता पिता पूर्णाचंद सामान्ता निवासी सिकोलाभाठा दुर्ग के नाम पर नजूल अभिलेख में दर्ज है। धारक द्वारा उक्त भूखण्ड पंजीकृत बैनामा दिनांक 14/12/2021 द्वारा आवेदिका का विक्रय की है। आवेदिका द्वारा उक्त पंजीकृत बैनामा के आधार पर प्रश्नाधीन क्रय शुदा भूखण्ड से धारक का नाम विलोपित कर स्वयं के नाम पर नामांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। जिसका प्रकरण न्यायालय में विचाराधीन है।

अतएव् एतद द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता है कि उपरोक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति अथवा संस्था को आपत्तिया दावा हो प्रकरण की सुनवाई 19/01/22 या इसके पूर्व इस न्यायालय में स्वतः उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति दावा या जिस भूखण्ड संबंधी जानकारी हो आवश्यक अभिलेख प्रस्तुत किया जावे अथवा करवाया जावें। बाद में प्राप्त आपत्ति आवेदन पर कोई कार्यवाही नही किया जावेगा।

आज दिनांक 30.12.2021 को मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय के पद मुद्रा से प्रकाशन हेतु जारी किया जाता है।

मुहर — नजूल अधिकारी, दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार भिलाई के न्यायालय में मामला

क्रमांकः 202112101000010/202112101000010

विषयः अ-6 सन्- 2020-2021

मामले की श्रेणी-राजस्व

कोहका प.ह.न. 00019 (हे.)

पक्षकारों का विवरण- आवेदक पक्षकार - हीरामणी पटेल / अनावेदक पक्षकार-

ईश्तहार

एतद द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदिका श्रीमती हीरामणी पटेल पिता स्व. राम सेवक पटेल (अन्य02) पता सुपेला भिलाई द्वारा ग्राम कोहका प.ह.नं. 19 रा.नि.मं. कोहका तह.व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नं. 5006/1 रकबा 0.20 हे. भूमि को आवेदकगण के पिता स्व. रामसेवक पटेल पिता राम कृपाल पटेल ने अपने पुत्रगण हीरामणी पटेल पिता स्व. रामसेवक पटेल (अन्य-2) को उपंजीकृत वसीयत की है। इस आधार पर आवेदकगण का नाम दर्ज करने हेतु न्यायालय में आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है।

अतएव इस संबंध में किसी भी व्यक्ति/संस्था को उजर दावा हो सुनवाई तिथि दिनांक 18.01.2022 तक या उसके पूर्व स्वयं या अपने मान्य अधिवक्तागण के साथ उपस्थित होकर अपना आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित तिथि के बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा । यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 01.01.2022 को जारी किया जाता है।

अति. तहसीलदार, भिलाई (छ.ग.)

न्यायालय नायब तहसीलदार जामगांव (आर) के न्यायालय में मामला

क्रमांकः 202112101700093/202112101700093

विषयः ब-121 सन्- 2021-2022

मामले की श्रेणी-राजस्व

डिडाभाठा प.ह.न. 00054 (हे.)

पक्षकारों का विवरण- आवेदक पक्षकार - कुमार / अनावेदक पक्षकार-

ईश्तहार

एतद द्वारा सर्वसाधारण एवं ग्राम डीडाभाठा प.ह.नं. 54 तह. पाटन जिला दुर्ग के आम जनता को सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि आवेदक कुमार पिता चरण निवासी ग्राम डीडाभाठा तह. पाटन व जिला दुर्ग के द्वारा ग्राम डीडाभाठा प.ह.नं.54 तह. पाटन जिला दुर्ग स्थित अपने नाम दर्ज भूमि खसरा नं. 50/1 रकबा 0.10 हे. का मूल त्रणपुस्तिका गुम हो जाने से द्वितीय प्रति ऋणपुस्तिका प्रदाय किए जाने हेतु आवेदन पर प्रकरण विचाराधीन है।

अतएव आवेदक कुमार पिता चरण द्वारा प्रस्तुत आवेदन के आधार पर उपरोक्त भूमि का आवेदक को द्वितीय प्रति ऋणपुस्तिका प्रदाय किए जाने की कार्यवाही में जिस किसी भी व्यक्ति/ संस्था को उजर दावा हो सुनवाई तिथि दिनांक 10.01.2022 तक या उसकेपूर्व स्वयं या अपने मान्य अधिवक्तागण के साथ उपस्थित होकर अपना आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित तिथि के बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा । यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 24.12.2021 को जारी किया जाता है।

नायब तहसीलदार, पाटन (छ.ग.)

न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)
ईश्तहार

रा.प्र.क्र- 20220110410000१/अ-06/ वर्ष 2020-21

एतद् द्वारा सर्वसाधारण आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदिका प्रभा बाई वैष्णव जौजे स्व. माखन दास वैष्णव एवं अन्य 05 निवासी ग्राम अंजोरा तह. व जिला दुर्ग के द्वारा मौजा ग्राम अंजोरा प.ह.नं. 28 रा.नि.मं. दुर्ग 01 स्थित भूमि खसरा नं. 69/1 रकबा 0.1600 हे. भूमि राजस्व अभिलेख में माखन दास आ. शंकरदास वैष्णव के नाम पर दर्ज है। जिनकी मृत्यु दिनांक 27/03/19 को हो चुकी है। जिसे मृतक खातेदार का नाम विलोपित कर उनके विधिक वारिसानों का नाम दर्ज किए जाने फौती नामांतरण हेतु आवेदन पेश किया गया है।

अतएव उपरोक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा/आपत्ति करना हो तो नियत पेशी दिनांक 17.01.2022 अथवा प्रकाशन तिथि से 15 दिवस तक स्वयं अथवा अपने द्वारा अधिकृत व्यक्ति के माध्यम से कार्यालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 01.01.2021 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय मुहर के साथ जारी किया गया।

मुहर — अति. तहसीलदार, दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)
उद्घोषणा

रा.प्र.क्र- 202112100700349//अ-06/वर्ष 2021-22

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक दिनेश कुमार वर्मा वगै. पिता कुलेश्वर प्रसाद वर्मा निवासी ग्राम साकेत कालोनी दुर्ग तहसील व जिला दुर्ग के द्वारा ग्राम तितरडीह तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 11/14 रकबा 1344 वर्गफीट भूमि को विक्रेता मायारानी पति स्व. पी.एम. सरकार निवासी ग्राम सिंधिया नगर दुर्ग से रजिस्टर्ड बैनामा दिनांक 23.12.2021 को क्रय किया गया है। उक्त आवेदित भूमि को रजिस्टर्ड बैनामा के आधार पर क्रेता के पक्ष में प्रमाणीकरण किये जाने हेतु आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत पेशी दिनांक 19.01.2022 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 28.12.2021 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — तहसीलदार, दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)
उद्घोषणा-पत्र

रा.प्र.क्र.//अ-06/वर्ष 2021-22

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदिका श्रीमती मनीषा मानिकपुरी पति स्व. अनिल कुमार मानिकपुरी निवासी ग्राम साजा तहसील साजा जिला बेमेतरा के द्वारा ग्राम पोटियाकला तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 89/401, 116/113, 117/103 रकबा 0.014 हे. भूमि जो कि आवेदक/शामिलात सखातेदार के नाम पर वर्तमान राजस्व अभिलेख में दर्ज है। आवेदित भूमि के खातेदार अनिल कुमार मानिकपुरी की मृत्यु हो जाने पर फौती दर्ज कर मृतक खातेदार के सभी विधिक वारिसानों का नाम राजस्व अभिलेख में दर्ज किए जाने हेतु आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत पेशी दिनांक 20.01.2022 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 03.01.2022 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — तहसीलदार, दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)
उद्घोषणा

पंजी. नं. 202112100400189

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदक संयोग कुमार ताम्रकार आ. मनोहर आ. मनोहर लाल ताम्रकार निवासी बोरसी द्वारा अपने स्वामित्व की भूमि ग्राम हनोदा प.ह.न. 39 तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 311/3 रकबा 0.027 हें/ 2915 वर्गफीट के आवासीय प्रयोजन हेतु डायवर्सन के लिए छ.ग.भू.रा.सं. 1959 की धारा 59 (2) के तहत् पुर्ननिर्धारण बाबत् आवेदन प्रस्तुत किया है। जिसके संबंध में प्रकरण विचाराधीन है।

अतएव इस संबंध में आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का दावा -आपत्ति हो तो प्रकरण में उद्घोषणा के प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस तक स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा ।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 10.12.2021 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — अनुविभागीय अधिकारी, दुर्ग जिला, दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग जिला - दुर्ग (छ.ग.)
उद्घोषणा-पत्र

रा.प्र.क्र. पक्षकार का नाम ऑनलाईन ई-कोर्ट श्री अखिलेश कुमार आ. स्व. प्रहलाद कुमार एवं अन्य-03 ममता जैन रजिस्ट्रेशन नं.- 202112100400049८

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदक श्री अखिलेश कुमार आ. स्व. प्रहलाद कुमार निवासी क्वा. नं. 09 बी सड़क 70 सेक्टर-05 भिलाई तहसील व जिला दुर्ग द्वारा नीचे अनुसूची में दर्शित भूमि को उसके सम्मुख दर्शित प्रयोजन के लिए व्यपवर्तन/पुर्ननिर्धारण हेतु आवेदन पत्र छ.ग.भू.रा.सं. 1959 की धारा 172 सहपठित धारा 59 (2)(5) तहत् आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया हैं, जिसके संबंध में इस न्यायालय में प्रकरण विचाराधीन हैं।

अनुसूची

ग्राम/प.ह.नं.जहां भूमि स्थित है	खसरा नंबर	रकबा	प्रयोजन
ग्राम रिसाली प.ह.न. 22 तह. व जिला दुर्ग	651/10	0.020 हें 2775 वर्गफीट	आवासीय

अतएव इस संबंध में आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार की कोई दावा/ आपत्ति हो तो प्रकरण उद्घोषणा के प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस तक स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/ आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 28.12.2021 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — अनुविभागीय अधिकारी, दुर्ग, जिला दुर्ग

नाम-परिवर्तन

एतद द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं ओवेस खान (OWES KHAN) पिता श्री डा. अब्दुल लतीफ, उम्र-33 वर्ष वर्तमान पता क्वा.नं. 1/डी सड़क नं. 27 बी सेक्टर-7 भिलाई तह. व जिला दुर्ग छ.ग. स्थाई पता न्यू अमन पार्क सुखबाघ रोड पालनपुर बनासकांटा (गुजरात) का हूं। मेरा नाम ओवेस खान(OWES KHAN) है जो कि मेरे दाखिज खारिज में दर्ज है, तथा मेरे जन्म प्रमाण पत्र में मेरा नाम ABDUL UWEZ KHAN ALIAS OWES KHAN दर्ज हो गया है। ओवेस खान (OWES KHAN) एवं ABDUL UWEZ KHAN दोनों ही नाम एक ही व्यक्ति के है। परंतु मेरे जन्म प्रमाण पत्र में मेरा नाम त्रुटिवश ABDUL UWEZ KHAN ALIAS OWES KHAN दर्ज हो गया है। मै अपना नाम ABDUL UWEZ KHAN ALIAS OWES KHAN के स्थान पर ओवेस खान (OWES KHAN) कराना चाहता हूं जिसके लिए मैं छ.ग. के राजपत्र में प्रकाशन कराना चाहता हूं। आज दिनांक के पश्चात से ही मुझे ओवेस खान (OWES KHAN) के नाम से जाना पहचाना व पुकारा जावे एवं भविष्य के मेरे समस्त दस्तावेजों में भी मेरा वहीं नाम इन्द्राज किया जावें। आज दिनांक के पश्चात से मेरे संपूर्ण शासकीय अर्धशासकीय व अशासकीय दस्तावेजों में मुझे ओवेस खान (OWES KHAN) पिता श्री डॉ. अब्दुल लतीफ से जाना पहचाना व पुकारा जावेगा एवं मेरा यही नाम दर्ज किया जावेगा।

मुहर — शपथकर्ता, ओवेस खान

न्यायालय नायब तहसीलदार दुर्ग -1 (छ.ग.)
उद्घोषणा

रा.प्र.क्र./अ-6/ वर्ष 2020-21

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक क्रेता विरेन्द्र कुमार साहू पिता श्री श्रवण कुमार साहू जाति तेली निवासी क्वा. नं. 18-ए, 24 भिलाई-01 दुर्ग तह. व जिला दुर्ग के द्वारा ग्राम उतई प.ह.न 42 तह. व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नं. 214/1 रकबा 0.0790 हे. में से 2800 वर्गफीट लगान अभिलेखानुसार भूमि को विक्रेता थान सिंह पिता स्व. सुखलाल जाति तेली निवासी नेहरू नगर भिलाई तह. व जिला दुर्ग छ.ग. से रजिस्टर्ड बैनामा दिनांक 27/12/2021 को क्रय किया गया है। उक्त आवेदित भूमि को रजिस्टर्ड बैनामा के अधार पर क्रेतागण के पक्ष में प्रमाणिकरण किए जाने हेतु आवेदन पत्र इस न्यायाालय में प्रस्तुत किया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत दिनांक 07/01/2022 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 15.12.2021 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — नायब तहसीलदार, दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय नायब तहसीलदार दुर्ग -1 (छ.ग.)
उद्घोषणा

रा.प्र.क्र./अ-6/ वर्ष 2020-21

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदिका क्रेता श्रीमती हेमलता साहू पिता श्री सुनिल कुमार साहू जाति तेली निवासी शिव मंदिर के पास कमल किराना स्टोर मौहारी वार्ड नं-44 मड़ौदा भिलाई तह. व जिला दुर्ग के द्वारा ग्राम उतई प.ह.न 42 तह. व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नं. 214/1 रकबा 0.0790 हे. में से 3130 वर्गफीट लगान अभिलेखानुसार भूमि को विक्रेता थान सिंह पिता स्व. सुखलाल जाति तेली निवासी नेहरू नगर भिलाई तह. व जिला दुर्ग छ.ग. से रजिस्टर्ड बैनामा दिनांक 27/12/2021 को क्रय किया गया है। उक्त आवेदित भूमि को रजिस्टर्ड बैनामा के अधार पर क्रेतागण के पक्ष में प्रमाणिकरण किए जाने हेतु आवेदन पत्र इस न्यायाालय में प्रस्तुत किया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत दिनांक 07/01/2022 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 15.12.2021 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — नायब तहसीलदार, दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग जिला - दुर्ग (छ.ग.)
उद्घोषणा-पत्र

रा.प्र.क्र. पक्षकार का नाम ऑनलाईन ई-कोर्ट माया डोंगरे पति श्री बी. डोंगरे रजिस्ट्रेशन नं.- 202112100400433

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदिका माया डोंगरे पति श्री बी. डोंगरे निवासी आर्किड 237-बी ब्लाक तालपुरी रिसाली भिलाई तहसील व जिला दुर्ग द्वारा नीचे अनुसूची में दर्शित भूमि को उसके सम्मुख दर्शित प्रयोजन के लिए व्यपवर्तन/पुर्ननिर्धारण हेतु आवेदन पत्र छ.ग.भू.रा.सं. 1959 की धारा 172 सहपठित धारा 59 (2)(5) तहत् आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया हैं, जिसके संबंध में इस न्यायालय में प्रकरण विचाराधीन हैं।

अनुसूची

ग्राम/प.ह.नं.जहां भूमि स्थित है	खसरा नंबर	रकबा	प्रयोजन
ग्राम रिसाली प.ह.न. 22 तह. व जिला दुर्ग	724/2	0.02 हें 2400 वर्गफीट	आवासीय

अतएव इस संबंध में आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार की कोई दावा/ आपत्ति हो तो प्रकरण उद्घोषणा के प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस तक स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/ आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 24.12.2021 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — अनुविभागीय अधिकारी, दुर्ग, जिला दुर्ग

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)
उद्घोषणा

पंजी. नं. 202112100400330

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदक चंद्रकुमार साहू आ. हरिराम साहू निवासी स्टेशन मरोदा द्वारा अपने स्वामित्व की भूमि ग्राम धनोरा प.ह.न. 39 तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 775/5 रकबा 0.051 हें/ 550 वर्गफीट के आवासीय प्रयोजन हेतु डायवर्सन के लिए छ.ग.भू.रा.सं. 1959 की धारा 59 (2) के तहत् पुर्ननिर्धारण बाबत् आवेदन प्रस्तुत किया है। जिसके संबंध में प्रकरण विचाराधीन है।

अतएव इस संबंध में आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का दावा -आपत्ति हो तो प्रकरण में उद्घोषणा के प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस तक स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा ।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 21.12.2021 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — अनुविभागीय अधिकारी, दुर्ग जिला, दुर्ग (छ.ग.)

प्रदेश में 15 से 18 वर्ष के किशोरों को टीकाकरण, शुरूआत अच्छी

पहले ही दिन कुल लक्ष्य के 11 प्रतिशत को लगाए गए टीके

■ टीकाकरण के लिए किशोरों में दिखा भारी उत्साह, परिजनों के साथ बड़ी संख्या में पहुंचे टीका लगवाने

रायपुर/नवप्रदेश। प्रदेश में 15 से 18 वर्ष के किशोरों की टीकाकरण की अच्छी शुरूआत हुई है। पहले ही दिन 3 जनवरी को प्रदेश भर में एक लाख 85 हजार 906 किशोर-किशोरियों को कोरोना से बचाव का टीका लगाया गया। यह प्रदेश में इस आयु वर्ग के कुल 16 लाख 39 हजार 811 किशोरों के 11 प्रतिशत से अधिक है। मुंगेली और धमतरी जिले में पहले ही दिन कुल लक्ष्य के 39-39 प्रतिशत, कोंडागांव में 37 प्रतिशत, कांकेर में 20 प्रतिशत, गरियाबंद और दुर्ग में 19-19 प्रतिशत, बालोद में 18 प्रतिशत, राजनांदगांव में 15 प्रतिशत, बलौदाबाजार-भाटापारा और महासमुंद में 14-14 प्रतिशत तथा कोरिया में 12 प्रतिशत किशोर-किशोरियों को टीका लगाया गया।

प्रदेश भर में 1.86 लाख किशोरों को लगाए गए टीके

टीकाकरण की शुरूआत के पहले दिन किशोरों में खासा उत्साह देखा गया। वे अपने अभिभावकों के साथ बड़ी संख्या में टीकाकरण केंद्र पहुंचे और सहर्ष कोरोना से बचाव का टीका लगवाया। प्रदेश में 15 से 18 वर्ष आयु वर्ग के टीकाकरण के लिए 2452 टीकाकरण साइट्स बनाए गए हैं। कोरोना सक्रंमण से बचाव के लिए 3 जनवरी को मुंगेली जिले में 18 हजार 938, धमतरी में 18 हजार 637, कोंडागांव में 13 हजार 434, कांकेर में 9199, गरियाबंद में 6904, दुर्ग में 19 हजार 519, बालोद में 8858, राजनांदगांव में 14 हजार 846, बलौदाबाजार-भाटापारा में 13 हजार 498, महासमुंद में 9041, कोरिया में 4602, सूरजपुर में 4852, कोरबा में 7010 और कबीरधाम में 4524 किशोरों को टीका लगाया गया।

जशपुर जिले में 3370, दंतेवाड़ा में 1091, रायपुर में 8589, जांजगीर-चांपा में 5611, बिलासपुर में 4065, रायगढ़ में 3385, बस्तर में 1752, बलरामपुर-रामानुजगंज में 1501, सुकमा में 424, गौरेला-पेंड्रा-मरवाही में 576, सरगुजा में 927, बेमेतरा में 597, बीजापुर में 117 तथा नारायणपुर में 39 किशोरों को 3 जनवरी को कोरोनारोधी टीके की पहली खुराक दी गई।

■ न्यूज गैलरी

कोरोना से बचाव के लिए प्रदेश में अब तक 3.15 करोड़ टीके लगाए गए

रायपुर/नवप्रदेश। प्रदेश में कोरोना से बचाव के लिए अब तक (3 जनवरी तक) कुल तीन करोड़ 15 लाख 26 हजार 212 टीके लगाए गए हैं। प्रदेश में 18 वर्ष से अधिक के 96 प्रतिशत आबादी को कोरोना वैक्सीन का पहला टीका और 63 प्रतिशत को दोनों टीके लगाए जा चुके हैं। वहीं 15 से 18 वर्ष आयु वर्ग के टीकाकरण की शुरूआत के बाद 3 जनवरी को पहले ही दिन एक लाख 85 हजार 906 किशोरों का टीकाकरण किया गया है। प्रदेश भर में इस आयु वर्ग के लिए लक्षित 11 प्रतिशत से अधिक किशोरों को कोरोना से बचाव का टीका पहले ही दिन लगाया गया। राज्य में 18 वर्ष से अधिक के एक करोड़ 89 लाख 41 हजार 014 लोगों को कोरोना वैक्सीन का पहला टीका और एक करोड़ 23 लाख 99 हजार 292 को दोनों टीके लगाए जा चुके हैं।

कलेक्टर सौरभ से मुलाकात कर स्वर्ण सखी परिवार ने भेंट किया कंबल

रायपुर/नवप्रदेश। रायपुर के स्वर्ण सखी परिवार की महिलाओं ने कलेक्टर सौरभ कुमार से मुलाकात कर जरूरतमंदों के लिए कंबल भेंट किया। महिलाओं के इस सहयोग के लिए आभार व्यक्त करते हुए कलेक्टर सौरभ कुमार ने इसे अनुकरणीय कहा । उन्होंने महिला बाल विकास विभाग के अधीन संचालित मनोरोगी महिलाओं के आश्रय स्थल पर प्रदत्त कंबल के उपयोग हेतु निर्देशित किया। इस अवसर पर स्वर्ण सखी परिवार की अंगूरी अग्रवाल, आरती अग्रवाल, संतोष अग्रवाल, सरिता सरावगी, प्रेमलता बधान, कुसुम अग्रवाल भी साथ थीं।

रायपुर निगम ने सभी चौराहों पर स्वास्थ्य अमले को किया तैनात

10 जोनों के 885 लोगों से वसूले 67 हजार 420 रुपये

रायपुर/नवप्रदेश। कोरोना के बढ़ते मामले को देखते हुए नगर निगम का स्वास्थ्य अमला अलर्ट मोड पर आ गया। नगर के सभी प्रमुख चौराहों और चौराहों पर बिना मास्क के पाए जाने वालों पर निगम के स्वास्थ्य अमले ने भारी जुर्माना लगाया। इसके तहत

मंगलवार को चंद घंटों में शहर के 10 जोनों से करीब 800 से ज्यादा लोगों पर जुर्माना लगाया गया, क्योंकि ये लोग अब भी बिना मास्क के सड़क पर घूमते नजर आए। पूरे राज्य में कोरोना कहर बरपा रहा है। हर दिन सैकड़ों मरीजों का ग्राफ बढ़ता ही जा रहा है। इसे देखते हुए सीएम ने सभी जिलों के कलेक्टरों को सख्ती बरतने का आदेश किया था, जिसके बाद कलेक्टर सौरभ कुमार ने कल नगर निगम आयुक्त प्रभात मलिक, एसपी प्रशांत अग्रवाल को रायपुर में बिना मास्क के घूमने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने का निर्देश दिया।शहर के 10 जोनों के प्रमुख चौक-चौराहों पर महिला स्वसहायता समूहों की महिलाओं ने मोर्चा संभाला। इस दौरान कोविड 19 प्रोटोकॉल नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ चालान की कार्रवाई की गयी। नगर स्वास्थ्य अधिकारी विजय पांडेय ने बताया कि मास्क नहीं पहनने वाले 885 लोगों से 67 हजार 420 रुपये वसूल किए गए. साथ ही उन्हें बिना मास्क के घर से बाहर न निकलने की सलाह दी। जोन 1 की टीम ने गुढियारी, भनपुरी, गोगांव मार्ग चौक सहित मुख्य मार्गो में मास्क नहीं पहनने पर 45 लोगों 3250 रू. जुर्माना किया। जोन 2 की टीम ने रेल्वे स्टेशन चौक सहित विभिन्न मुख्य चौक-चौराहों में बिना मास्क के बाहर निकलने वाले 83 लोगों पर 8150 रू. का जुर्माना किया। जोन 3 ने शंकरनगर चौक सहित मुख्य मार्ग शंकर नगर एवं अन्य मुख्य मार्गो में मास्क नहीं पहनने पर 126 लोगों पर 8000 रू. जुर्माना किया। जोन 4 ने विभिन्न प्रमुख्य चौक-चौराहों में 98 लोगों पर 7900 रूपये का जुर्माना किया। जोन 5 ने लाखे नगर रायपुरा चौक सहित विभिन्न मुख्य मार्गो में मास्क नहीं पहने मिले 218 लोगों पर 17250 रू. का जुर्माना किया। जोन 6 ने विभिन्न मुख्य मार्गो में मास्क बिना पहने मिले 53 लोगों पर 4540 रूपये जुर्माना किया। जोन 7 ने तेलघानी नाका चौक एवं सरस्वती नगर पुलिस थाना के सामने जीई रोड सहित विभिन्न मुख्य मार्गो में मास्क नहीं पहने मिले 92 लोगों पर 5250 रू. का जुर्माना किया।

जोन 8 ने टाटीबंध मुख्य मार्ग जीई रोड सहित विभिन्न मुख्य मार्गो में मास्क नहीं पहनने पर 38 लोगों पर 3000 रू. का जुर्माना किया। जोन 9 ने विभिन्न मुख्य चौराहों पर बिना मास्क पहने मिले 56 लोगों पर 3500 रूपये जुर्माना किया। इसी तरह जोन 10 ने विभिन्न मुख्य मार्गो में बिना मास्क पहने मिले 76 लोगों पर 6580 रूपये जुर्माना वसूला।

बृजमोहन झूठ बोल रहे पाकिस्तानी संस्था नहीं छग में पंजीकृत संस्था ने आवेदन किया था : कांग्रेस

■ जमाते इस्लामी आतंकी संगठन तो मोदी सरकार प्रतिबंध क्यों नहीं लगाती : आरपी सिंह

■ बृजमोहन अग्रवाल को जमीन कब्जे का पुराना अनुभव इसलिये आरोप लगा रहे : चंद्रशेखर शुक्ला

रायपुर/नवप्रदेश। राजीव भवन में पत्रकारों से अनौपचारिक चर्चा करते हुये प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा कि बृजमोहन अग्रवाल झूठ बोल रहे कि किसी दावते इस्लामी नामक पाकिस्तानी संस्था को राज्य में जमीन आबंटन के लिये आवेदन किया था। रायपुर के बोरिया खुर्द में दावते इस्लामी नामक जिस संस्था ने आवेदन किया था उसका छत्तीसगढ़ में पंजीयन है जिसका पं.क्र. CG6328207012021038 है। यह संस्था छत्तीसगढ़ की है इसका दावते

इस्लामी नामक वैश्विक संस्था से कोई संबंध नहीं है। यह संस्था छत्तीसगढ़ में पिछले 15 सालों से अधिक समय से काम कर रही है। बृजमोहन अग्रवालन झूठ बोल रहे कि दावते इस्लामी नामक संस्था ने 25 एकड़ जमीन के लिये आवेदन किया था इस संस्था ने केवल 10000 हजार वर्गफुट जमीन के लिये आवेदन किया था। त्रुटिवश इस्तेहार में 10 हजार वर्ग फिट की जगह हेक्टेयर प्रकाशित हुआ था। जहां पर जमीन मांगा गया बोरिया में इतनी जमीन है ही नहीं। छत्तीसगढ़ में शासकीय भूमि आबंटन के लिये जो नियम बने है उसके अनुसार जिलाधीश को सिर्फ 7000 वर्ग फुट जमीन आबंटन का अधिकार है। अतः 10 हजार वर्ग फुट आवेदन के लिये कोई भी निर्णय जिला प्रशासन, राज्य प्रशासन को प्रस्तुत करता है। बृजमोहन के प्रेस कांफ्रेंस करने के पहले ही उक्त आवेदन को इसी आधार पर निरस्त कर नस्तीबद्ध किया जा चुका है। दावते इस्लामी पाकिस्तान की संस्था नहीं बल्कि छत्तीसगढ़ में पंजीकृत है। इस संस्था ने कोरोना महामारी के समय जरूरतमंदों के लिये भोजन दवा आदि उपलब्ध करवाने के लिये सराहनीय कार्य किया था। यह संस्था रायपुर में भी 15 सालों से अधिक समय से काम कर रही। बृजमोहन अग्रवाल के दक्षिण विधानसभा के मतदाता ने संस्था की तरफसे आवेदन किया है। यदि संस्था पाकिस्तान की है तो बृजमोहन 15 सालों तक मंत्री रहते क्यों कार्यवाही नहीं करवाये?

आपदा में अवसर की तलाश, भाजपा की पूरी नहीं होगी आस : कांग्रेस

■ यहां कोरोना का रोना रोने की बजाय मोदी को रोकें टोकें

रायपुर/नवप्रदेश। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष मोहन मरकाम ने पूर्व स्वास्थ्य मंत्री अजय चंद्राकर के बयान को उनके मानसिक संक्रमण का प्रभाव ठहराते हुए कहा है कि छत्तीसगढ़ में मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कोरोना की रोकथाम, जांच, इलाज और नए वैरियंट ओमिक्रोन के फैलाव को रोकने के लिए पहले से ही समुचित इंतजाम कर रखे हैं और छत्तीसगढ़ सहित पूरे देश की जनता के स्वास्थ्य के लिए संवेदनशील हमारी राष्ट्रीय अध्यक्ष सोनिया गांधी ने भी इंतजाम की जानकारी ली है। इस पर भी भाजपा ओछी राजनीति और घटिया मानसिकता का भौंडा प्रदर्शन करने से बाज नहीं आई।

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष मोहन मरकाम ने कहा कि जब देश में कोरोना आया भी नहीं था, तब हमारे पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने जनता की चिंता करते हुए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को आगाह किया था लेकिन मोदी जी ने न केवल कोरोना को भारत बुलाया, छत्तीसगढ़ सहित पूरे देश में फैलाया बल्कि जनता की जान से खिलवाड़ करते हुए छत्तीसगढ़ के लोगों से राजनीतिक बदले की भावना से भेदभाव किया। छत्तीसगढ़ ने भाजपा को नौ सांसद दिए, इसका अहसान चुकाना तो दूर, छत्तीसगढ़ को जरूरत के मुताबिक टीके देने में भी आनाकानी की। अन्य प्रांतों में फंसे छत्तीसगढ़ के लोगों को लाने के लिए जब मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ट्रेन मांग रहे थे तब मोदी और तत्कालीन रेल मंत्री छत्तीसगढ़ के साथ राजनीति कर रहे थे।

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष मोहन मरकाम ने कहा कि तब भाजपा के सांसद और राष्ट्रीय पदाधिकारी का तमगा लगाकर घूमने वाले मौत का तमाशा देख रहे थे। भूपेश बघेल सरकार के प्रयासों में बाधा खड़ी कर रहे थे। भाजपा के पंद्रह साल में प्रदेश की स्वास्थ्य व्यवस्था चौपट कर देने वालों ने अपनी विनाशलीला पर प्रायश्चित करने की बजाय कांग्रेस सरकार की जुझारू कोशिशों की नुक्ताचीनी करने को ही अपना धर्म समझ रखा था। अब तीसरी लहर को लेकर भी भाजपा ने अपनी संकीर्ण मानसिकता का परिचय दिया है।

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष मोहन मरकाम ने कहा है कि पूर्व स्वास्थ्य मंत्री अजय चंद्राकर अपने कार्यकाल के घपले घोटाले, कांड और बदइंतजामी को याद करें और यहां पैंतरेबाजी दिखाने की जगह मोदी और योगी को रोकें टोकें जो यूपी में यमराज की भूमिका निभाने बेताब हैं। यहां मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने अपनी जनता को जैसे पहली और दूसरी लहर में बचाया, वैसे ही तीसरी लहर में भी बचा रहे हैं।

ओमिक्रॉन से सावधानी ही है बचाव

स्वास्थ्य मंत्री सिंहदेव ने कहा

अगर केस बढ़ा तो लॉकडाउन ही आखरी विकल्प

रायपुर/नवप्रदेश। स्वास्थ्य मंत्री टीएस सिंहदेव ने कहा कि छत्तीसगढ़ में कोरोना के केस लगातार बढ़ रहे हैं। इसलिए यह मानकर चलें कि तीसरी लहर आ चुकी है। सिंहदेव ने वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से पत्रकारों से बातचीत में यह बातें कहीं। स्वास्थ्य मंत्री सिंहदेव ने कहा कि कोरोना विदेशों से ही आया है। ओमिक्रॉन भी विदेशों से ही आ रहा है। बाहर से आने वालों पर अभी प्रतिबंध नहीं लगाया गया तो यहां के बॉर्डर पर रोक लगाने का कोई औचित्य नहीं है, लेकिन बॉर्डर पर चौकसी और जांच बढ़ाने की जरूरत है ताकि इसके फैलाव को रोका जा सके। सिंहदेव ने कहा कि ओमिक्रॉन का एक भी मरीज अभी तक छत्तीसगढ़ में नहीं मिला है, लेकिन यहां यह सुनामी की तरह आएगी। क्योंकि ओमिक्रॉन तेजी से फैलता है। हालांकि उन्होंने यह भी कहा कि यह जितनी तेजी से बढ़ेगा उतनी ही तेजी से उतर भी जाएगा। स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि प्रदेश में कोरोना की रफ्तार रोकने के लिए हमे कड़े फैसले लेने होंगे। यदि पॉजीटिविटी दर तीन प्रतिशत से ज्यादा होती है तो स्कूल, कॉलेज, जिम और सिनेमा को लेकर फैसला लिया जा सकता है। वैसे वर्तमान में रायपुर में ये दर 6 फीसदी तथा दुर्ग जिले में चार फीसदी है। यदि यह प्रदेश में 10 फीसदी तक हुआ तो लॉकडाउन ही विकल्प होगा।

विस अध्यक्ष ने किया छग विधान सभा के वर्ष 2022 कैलेण्डर का विमोचन

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ विधान सभा अध्यक्ष डॉ. चरणदास महंत ने आज पूर्वान्ह 11.00 बजे छत्तीसगढ़ विधान सभा के वर्ष 2022 के कैलेण्डर का विमोचन किया। इस अवसर पर अपने सम्बोधन में विधान सभा अध्यक्ष डॉ. चरणदास महंत ने कहा कि लोकसभा एवं राज्यसभा की तरह छत्तीसगढ़ विधान सभा ने भी अपना कैलेण्डर जारी किया है । अपने 03 वर्ष के कार्यकाल की उपलब्धियों पर चर्चा करते हुए उन्होंने कहा कि-राष्ट्रपिता महात्मा गांधी, संत कबीर, संत गुरू घासीदास एवं अपने पुरखों की भावनाओं के अनुरूप उनका यह सदैव प्रयास रहा कि सदन की गरिमा बरकरार रहे । उन्होंने सदैव ''ना काहू से दोस्ती, ना काहू से बैर'' के कबीर जी के सिद्धांत को सदन के संचालन में अपना मूल वाक्य बनाया है । उनका यह प्रयास होगा कि छत्तीसगढ़ विधान सभा अपनी प्रक्रिया, परम्परा एवं कार्य संचालन में पूरे देश मे ही नहीं वरन् विदेशों में भी अपनी विशिष्ट पहचान बनाये । उन्होंने इस बात पर भी जोर दिया कि सदन में पक्ष एवं विपक्ष की चर्चा में समय प्रबंधन अत्यंत महत्वपूर्ण होता है।

छत्तीसगढ़ यातायात पुलिस की अनूठी पहल

रायपुर/नवप्रदेश। पुलिस मुख्यालय छत्तीसगढ़ की यातायात शाखा ने सुगम एवं सुदृढ़ यातायात प्रबंधन के लिए एक विशेष पहल के तहत नव निर्मित इंस्टिट्यूट ऑफ़ ड्राइविंग एंड ट्रैफिक रिसर्च में 120 यातायात पुलिस कर्मियों के प्रथम बैच की विशेष ट्रैनिंग आयोजित की है।

इस अवसर पर इंस्टिट्यूट ऑफ़ ड्राइविंग एंड ट्रैफिक रिसर्च की गर्वनिंग बाडी सदस्य एवं एआईजी ट्रैफिक श्री संजय शर्मा ने स्वागत उद्बोधन में अवगत कराया कि एक सप्ताह के इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में सड़क के नियमो, यातायात संकेतकों, ट्रैफिक कंट्रोल डिवाईस का बेहत्तर उपयोग, रोड़रेज़ और इससे जुड़ी कानूनी जटिलताओं, मोटर व्हीकल एक्ट में हुए संशोधन के आलोक में सभी यातायात पुलिस कर्मियों को नये नियमों की स्पष्ट जानकारी, व्याख्या सहित गुड सेमेरिटन कानून, गोल्डन आवर प्रिन्सिपल, सड़क हादसों के दौरान प्राथमिक उपचार एवं आवश्यक अन्य वैधानिक कार्यवाही के साथ-साथ ट्रैफिक मैनेजमेंट की रिफ्रेशर ट्रेनिंग भी दी जावेगी।

कार्यक्रम का आगाज करते हुए मुख्य अतिथि अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक श्री प्रदीप गुप्ता जी ने सभी प्रशिक्षुओं को सड़क सुरक्षा की शपथ दिलाई एवं सभी प्रशिक्षुओं को यातायात की व्यवहारिक समस्याओं पर ध्यान केंद्रित करते हुए उनका उचित निराकरण सीखने का सन्देश दिया। यातायात के अनछुए पहलुओं को सीखते हुए आचार और व्यव्हार का संयम रखते हुए अधिक से अधिक यातायात विषयों पर पारंगत होने के लिए प्रेरित किया।

प्रशिक्षण संस्थान के संयुक्त निदेशक श्री अमित गुप्ता ने अवगत कराया कि इस प्रशिक्षण में काम के तनाव को कम करने के लिए और सड़क पर बेहतर यातायात संचालन के लिए यातायात कर्मियों को सॉफ्ट स्किल की भी ट्रेनिंग दी जाएगी, जिसमें उन्हें सम्प्रेषण कौशल, श्रवण कौशल ए टीम कौशल, एवं नेतृत्व के गुण तथा तर्कसंगती से समस्याओं के निराकरण करने के टिप्स दिए जायेंगे। इनको सीखने के लिए ट्रेनिंग के दौरान बहुत ही रोचक खेलों का आयोजन किया जायेगा। इससे प्रशिक्षण ले रहे प्रशिक्षु का यातायात संचालन में बेहतर होगा एवं सड़क दुर्घटनाओं के नियंत्रण में सहायता मिलेगी।

जन सुनवाई | वकील बेटे ने मां के खाते से 9 लाख आहरण करना आयोग के समक्ष किया स्वीकार

आयोग के समक्ष समाज प्रमुखों ने आवेदिका को वापस किए 30 हजार रुपए

■ आयोग के समक्ष पति ने पत्नी को 5 हजार रुपये भरण पोषण राशि देने हुआ तैयार

■ आयोग की समझाइश पर पति पत्नी व दो बच्चों के साथ रहने हुए तैयार

रायपुर/नवप्रदेश। राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष डॉ. किरणमयी नायक एवं सदस्यगण डॉ अनिता रावटे, श्रीमती अर्चना उपाध्याय की उपस्थिति में आज शास्त्री चौक स्थित, राज्य महिला आयोग कार्यालय में महिलाओं से संबंधित शिकायतों के निराकरण के लिए सुनवाई की गई।

आज पिछली सुनवाई में समाज प्रमुखों को आयोग की ओर से समझाइश दिया गया था, कि आवेदिकागणो पर लगाए गए प्रतिबंध और पूर्व में 30 हजार सामाजिक दण्ड लिया गया था। आज की सुनवाई में आयोग के समक्ष आवेदिका को समाज प्रमुखों ने वापस किया। दोनो पक्षो को आयोग द्वारा दिये गए निर्देश के पालन करने की समझाइश दिया गया, भविष्य में आवेदिका के साथ कोई भी प्रतिबंधात्मक कार्यवाही समाज प्रमुखों द्वारा नही किया जाएगा। समाज प्रमुखों ने आयोग के समक्ष कहा कि आयोग के दिशा निर्देश से सार्वजनिक रूप से ग्राम पंचायत के माध्यम से मुनादी कराने की बात कही है जिससे सामाजिक व्यक्ति आवेदिका पक्ष के साथ बिना किसी प्रतिबंध के सामान्य व्यवहार का पालन करें। भविष्य

में यदि पुनः कोई सामाजिक प्रतिबंध आवेदिकागण से किया गया तब अनावेदकगण के विरुद्ध आपराधिक प्रकरण दर्ज किया जा सकता है।इस समझाइश के साथ प्रकरण को नस्तीबद्ध किया गया।

एक अन्य प्रकरण में आवेदिका की दो बेटियां है अनावेदक एनटीपीसी सीपत में वर्कमैन के पद पर कार्यरत है। उसकी तनख्वाह 50 हजार रूपये प्रतिमाह है। आवेदिका ने बताया कि उसकी बच्ची 6 साल की है उसे पिछले 6 माह से अनावेदक छीनकर ले गया है। उसकी पढ़ाई भी छुड़ा दिया है और मिलने भी नहीं देता है। ननंद-नंदोई, सास-ससुर एकराय होकर अनावेदक के अवैध सबंध के पक्ष में है उसी के कारण आवेदिका को 10 माह से छोड़ रखा है और कोई भी भरण-पोषण राशि नहीं दे रहा है। आयोग की समझाइश पर पति पत्नी साथ रहने के लिये तैयार हुये और अनावेदिका दूसरी महिला को आयोग द्वारा समझाइश दिया गया कि पति-पत्नी के बीच न आए जिसे अनावेदिका ने लिखित में सहमति दिया अगर भविष्य में अनावेदिका द्वारा पति-पत्नी के बीच दखलंदाजी रहा तो उन पर कड़ी कार्यवाही किया जायेगा। पति-पत्नी को आयोग द्वारा 6 महीने की निगरानी में रखा गया।जिसमें पति-पत्नी 10 बिन्दुओं पर अपनी शर्तें लिखित में आयोग के समक्ष जमा किया है।इस आधार पर प्रकरण को नस्तीबद्ध किया गया।

इसी तरह एक अन्य प्रकरण में समाज प्रमुखों ने आयोग के समक्ष स्वीकार किया कि परिक्षेत्र के सामाजिक बैठकों के लिये मना किया था और शेष कार्यों के लिये सहमति दिया था। आवेदिका ने पिछली सुनवाई में आयोग के समक्ष मांग किया था कि 42 हजार रूपये परिक्षेत्र ग्रामीण समाज वालों ने लिया है और इसके बाद भी उनके परिवार का सामाजिक बैठकों में आना प्रतिबंधित कर दिया है। समाज प्रमुखों को पूछा गया कि वह आवेदिका व उसके परिवार वालों को किसी भी तरह के सामाजिक प्रतिबंध खत्म करेंगे या नहीं जिस पर समाज प्रमुखों ने सहमति व्यक्त किया कि आवेदिका एवं उनके परिवारजनों के विरूद्ध किसी भी तरह का कोई जातिगत प्रतिबंध और सामाजिक प्रतिबंध नहीं रखेंगे। इस प्रकरण को निगरानी में रखते हुये नस्तीबद्ध किया गया।

संपादकीय

कोरोना काल में चुनाव की चुनौती

भारत में एक बार फिर कोरोना ने अपनी रफ्तार तेज कर दी है ऊपर से कोरोना के नए वैरिएंट ओमिक्रान ने भी कोहराम मचाना शुरू कर दिया है जो डेल्टा वायरस के मुकाबले सात गुना अधिक तेजी से फैलता है। एक के बाद एक देश के अनेक राज्य कोरोना की चपेट में आने लगे है। इनमे वे राज्य भी शामिल है जहां कुछ माह बाद ही विधानसभा चुनाव होने जा रहे है। उत्तर प्रदेश, पंजाब और उतराखण्ड सहित जिन पांच राज्यों में विधानसभा चुनाव होने है वहां भी कोरोना के मामले लगातार बढ़ रहे है और वहां की राज्य सरकारों ने नाईट कर्फ्यू और विकेंड कर्फ्यू जैसे सतही कदम उठाकर अपने कर्तव्य की इतिश्री कर ली है। इन सभी राज्यों ने राजनीतिक दलों की विशाल रैलियां हो रही है जिसमें लाखों की संख्या में भीड़ जुटाई जा रही है और इस बहाने अपनी ताकत दिखाई जा रही है। रैली के दौरान न तो लोग मास्क पहनते है और न ही अन्य सावधानीयां बरतते है। लाखों की भीड़ में सोशल डिस्टेंसिंग का तो सवाल ही नहीं उठता। जाहिर है यह राजनीतिक रैलियां चुनावी राज्यों में कोरोना विस्फोट का कारण बनेंगी। कोरोना काल के बीच चुनाव कराना निश्चित रूप से एक बड़ी चुनौती है। अभी तक इन पांच राज्यों के चुनावी कार्यक्रम घोषित नहीं हुए है। चुनाव आयोग ने इस बारे में सभी राजनीतिक पार्टियों से चर्चा की थी जिसमें सभी दलों ने समय पर ही चुनाव कराने की पूरजोर मांग की है। इसका मतलब साफ है कि कोरोनाकाल में चुनाव आगे नहीं बढ़ाए जाएंगे। ऐसी स्थिति में कोरोना विस्फोट को रोकने का एक ही रास्ता बचता है कि ऐसी तमाम राजनीतिक रैलियों पर तत्काल प्रभाव से रोक लगाई जाएं और राजनीतिक पार्टियों से कहा जाए कि वे वर्चुअल रैलियां करें या अन्य माध्यमों से चुनाव प्रचार करें। इसके लिए भी राजनीतिक पार्टियां तैयार होगी या नहीं इस बारे में कुछ कहा नहीं जा सकता किन्तु चुनाव आयोग और केन्द्र सरकार को इस बारे में जल्द ही किसी नतीजे पर पहुंचना होगा क्योंकि एक के बाद एक कई नेता भी कोरोना से संक्रमित हो रहे है, जिन्होने अब तक कई रैलिया की है। उनके संपर्क में आएं हजारों लोगों के भी कोरोना से संक्रमित होने का खतरा पैदा हो गया है। यदि चुनावी रैलियों पर रोक नहीं लगी तो निश्चित रूप से स्थिति भयावह हो सकती है।

विचार

पहचान पत्रों का जुड़ना जरूरी

भारतीय संसद ने हाल ही में चुनाव कानूनों में एक संशोधन को मंजूर किया है, जिसके मुताबिक, देश का कोई भी नागरिक अब स्वेच्छा से अपने आधार को देश की मतदाता सूची से डिजिटल तरीके से जोड़ सकता है। यह चुनाव कानून (संशोधन) विधेयक, 2021 पिछले साल 20 दिसंबर को लोकसभा से पारित किया गया और उसके अगले दिन राज्यसभा से। हालांकि, चुनाव सुधार की जरूरत पर गौर करने के बजाय इस बिल पर अनावश्यक विवाद भी पैदा किया गया।

सुधारों की हमें कितनी सख्त जरूरत है, यह कोई छिपी हुई बात नहीं है। हमारी मतदाता सूचियों में बड़ी गड़बड़ियां हैं। हमारे पास नागरिकों का कोई राष्ट्रीय डाटाबेस नहीं है, जिसे मतदाता सूची के रूप में इस्तेमाल किया जा सके। चूंकि हमारी आबादी काफी ज्यादा है, इसलिए नाम दर्ज करने की प्रक्रिया भी कठिन है। इसमें खासा समय लगता है और यह सुनिश्चित करने के लिए भी जांच की जरूरत है कि डाटा पूरी तरह और सही तरीके से दर्ज हो।

भारत में हर राज्य अपनी-अपनी मतदाता सूची का प्रबंधन करता है। जैसे ही चुनाव के दिन करीब आते हैं, मतदाता सूची को संशोधित किया जाता है और नागरिकों को अपने विवरण की जांच करने के लिए कहा जाता है। कमोबेश इसमें गलतियां होती ही हैं और उनको ठीक करना काफी मुश्किल होता है। मसलन, कभी-कभी जैसे ही सूची प्रकाशित होती है, मतदाता के नाम ही गायब हो जाते हैं। अगर कोई निवास स्थान बदलने या किसी दूसरे शहर में स्थानांतरित होने के बाद कोई बदलाव करता है, तो नए स्थान पर नामांकन की प्रक्रिया काफी समय लेती है। भले ही आपके पास मतदाता पहचान पत्र हो, लेकिन मतदाता सूची से उसके विवरण का मिलान आवश्यक है।

आज मतदान करने वाला हर नागरिक अपने निवास स्थान के आधार पर एक खास मतदान-केंद्र से जुड़ा है, और यदि आप चुनाव के वक्त यात्रा पर हैं, तो आप किसी अन्य स्थान पर वोट नहीं दे सकते। इस भौगोलिक बंदिश के कारण बड़ी संख्या में लोग मतदान से वंचित हो जाते हैं, जो हमारे लोकतंत्र की एक जगजाहिर कमी है। इतना ही नहीं, यदि मतदाता सूची दुरुस्त न हो, तो कोई योग्य भारतीय इलेक्ट्रॉनिक रूप से भी अपना मत नहीं दे सकता। इसलिए भारत को आज जिस चीज की सर्वाधिक जरूरत है, वह है मतदान के योग्य नागरिकों का एक इलेक्ट्रॉनिक डाटाबेस। डाटाबेस इस तरह से बनना चाहिए कि एक बार यदि मतदाता अपनी नागरिकता के आधार पर पंजीकृत हो जाए, तो निवास स्थान में बदलाव या अन्य तमाम संशोधन वह आसानी से कर सके, ताकि अनावश्यक परेशानियों से बचते हुए वह अपना वोट दे सके। ऐसा करने का एकमात्र तरीका मतदाता सूची को आधार से जोड़ना है। आज 18 साल से अधिक उम्र के अधिकांश नागरिकों के पास आधार है। सरकारी आंकड़ों के मुताबिक, 31 अक्तूबर, 2021 तक 126 करोड़ से अधिक आधार कार्ड जारी हो चुके थे। इनमें वे लोग भी शामिल हैं, जिनकी मौत हो चुकी है। अब तक करोड़ों प्रमाण पत्रों को प्रमाणीकृत किया जा चुका है और यह प्रक्रिया लगातार चल रही है।

हम हादसों से सबक नहीं सीखते

राजेश माहेश्वरी

वैष्णो देवी श्राइन बोर्ड इस हादसे के लिए साफतौर पर जिम्मेदारीहै। भीड़ को अनुशासित और नियंत्रित करना स्थानीय प्रशासन, पुलिस और अर्द्धसैनिक बल का बुनियादी दायित्व है। श्राइन बोर्ड का बयान आया है कि माता के दरबार में दर्शन के लिए 35,000 श्रद्धालुओं का पंजीकरण किया गया था, लेकिन आपदा प्रबंधन से जुड़े विशेषज्ञों का मानना है कि मां शेरां वाली के तीर्थ-क्षेत्र में 10,000 से अधिक भीड़ को नियंत्रित करना संभव नहीं है। इस भीड़ में सरकारी कर्मचारी, बल के जवान और भक्त आदि सभी सम्मिलित हैं। दर्शनों के लिए 2500-3000 की भीड़ को ही अनुमति दी जानी चाहिए, क्योंकि यह पर्याप्त संख्या है। यहां का रास्ता संकरा है और वहां ढलान भी है। मंदिर से आने वालों और ऊपर जाने वालों का रास्ता भी एक ही है।

नए साल की शुरूआत में जम्मू से दुखभरी खबर आई। मां वैष्णो देवी मंदिर में भगदड़ की वजह से 12 श्रद्धालुओं की मौत हो गई और करीब 20 लोग घायल हो गए। इस खबर ने पूरे देश को हिलाकर रख दिया है। ऐसी भगदड़ पहले भी कई प्रसिद्ध पूजा-स्थलों में हो चुकी है, लेकिन अफसोस इस बात का है कि हम हादसों से सबक सीखने की बजाय दोषारोपण, मुआवजा और दूसरे गैर जरूरी कामों में ज्यादा ध्यान लगाते हैं। और नतीजा हर बार किसी नयी घटना के तौर पर हमारे सामने होता है।

मां वैष्णों देवी मंदिर परिसर में मौत का आंकड़ा 12 पर ही थम गया, अलबत्ता नैना देवी मंदिर की दो भगदड़ों को याद करके रोंगटे खड़े हो जाते हैं। उनके कारण जनवरी, 2013 में 80 भक्तों और 2008 में 167 श्रद्धालुओं को अपने प्राण गंवाने पड़े थे। कई और उदाहरण हैं, लेकिन जम्मू-कश्मीर के कटरा की इस त्रासदी के मूल में घोर लापरवाही, अनदेखी और कोरोना नियमों के सरेआम उल्लंघन हैं। लेकिन ये समय दोषारोपण का नहीं है। प्रशासन ने जांच बिठा दी है, उम्मीद की जानी चाहिए कि जांच के आलोक में ऐसी पुख्ता तैयारियां और व्यवस्था की जाएंगी जिससे ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति नहीं होगी।

वैष्णो देवी मंदिर की घटना से पूर्व भी कई घटनाएं घट चुकी है। आंकड़ों की रोशनी में बात की जाए तो देश में बीते कुछ वर्षों के दौरान मंदिरों और अन्य हिंदू धार्मिक कार्यक्रमों में भगदड़ की घटनाओं में सैकड़ों लोगों की मौत हुई है। देश में पिछले दो दशक में ऐसी कई घटनाएं हुई हैं, जिनमें लोगों की जानें गई हैं। इनमें कुंभ मेले से लेकर लैंड स्लाइड जैसी घटनाएं भी शामिल हैं। वर्ष 2001 के बाद से, औसत रुप से हर महीने 19 भगदड़ की घटनाएं हुई हैं और इन घटनाओं में औसत 14 लोगों की मौत हुई हैं। यह जानकारी राष्ट्रीय अपराध रिकार्ड ब्यूरो (एनसीआरबी) के आंकड़ों में सामने आई है। डाटा-पत्रकारिता पोर्टल द्वारा जुटाए गए आंकड़ों के अनुसार, वर्ष 2001 से 2014 के बीच बड़े समारोहों में 3,126 भगदड़ की घटनाएं हुई। इन घटनाओं में 2,421 लोगों की जान चली गई। अपने देश में भगदड़ की सबसे ज्यादा घटनाएं वर्ष 2009 में हुई हैं। 2009 में 1,532 भगदड़ मचीं। हालांकि भगदड़ में सबसे अधिक मौतें वर्ष 2011 में हुई हैं। वर्ष 2011 में ऐसी घटनाओं में 489 लोगों की जान चली गई। वर्ष 2011 में आंध्र प्रदेश, तमिलनाडु और केरल में से प्रत्येक तीन राज्यों में 100 से अधिक लोगों ने भगदड़ में जान गवाई है। पहले सात वर्ष (2001-07) में होने वाली मौतों की तुलना में पिछले सात वर्षों के दौरान (2008 से 2014) प्रति वर्ष तीन गुना ज्यादा लोगों ने भगदड़ों में अपनी जिंदगी खोई है।

27 अगस्त, 2003 महाराष्ट्र के नासिक जिले में कुंभ मेले में पवित्र स्नान के दौरान मची भगदड़ में 39 लोग मारे गए थे और लगभग 140 अन्य घायल हो गए थे। 25 जनवरी, 2005 महाराष्ट्र के सतारा जिले के मंधारदेवी मंदिर में एक वार्षिक तीर्थयात्रा के दौरान 340 से अधिक श्रद्धालुओं की कुचल कर मौत हो गई और सैकड़ों अन्य घायल हो गए। यह हादसा उस समय हुआ जब श्रद्धालुओं द्वारा नारियल तोड़ने से सीढ़ियों पर फिसलन हो गई थी, जिसमें कुछ लोग फिसलकर गिर गए।

वहीं सितंबर, 2008 को राजस्थान के जोधपुर शहर में चामुंडा देवी मंदिर में बम विस्फोट की अफवाहों के कारण मची भगदड़ में लगभग 250 भक्तों की मौत हो गई और 60 से अधिक घायल हो गए। 4 मार्च, 2010 को उत्तर प्रदेश के प्रतापगढ़ जिले में कृपालु महाराज के राम जानकी मंदिर में मची भगदड़ में लगभग 63 लोगों की मौत हो गई थी. ये लोग वहां मुफ्त कपड़े और भोजन लेने के लिए एकत्रित हुए थे। कुंभनगरी हरिद्वार में 8 नवंबर, 2011 को गंगा नदी के किनारे हर-की-पौड़ी घाट पर मची भगदड़ में कम से कम 20 लोगों की मौत हो गई। वहीं 19 नवंबर, 2012 को पटना में गंगा नदी के किनारे अदालत घाट पर छठ पूजा के दौरान एक अस्थायी पुल के ढह जाने से लगभग 20 लोगों की मौत हो गई और कई अन्य घायल हो गए। नासिक में कुंभ मेले के दौरान अगस्त, 2003 में मची भगदड़ में 30 से ज्यादा लोगों की मौत हो गई थे। हरिद्वार में साल 1986 में एक धार्मिक आयोजन के दौरान भगदड़ में 50 लोगों की मौत हो गई थी। इलाहाबाद में साल 1954 में भी कुंभ मेले के दौरान भगदड़ का भयानक मंजर सामने आया था। उस हादसे में लगभग 800 श्रद्धालुओं की जान गई थी। 13 अक्टूबर, 2013 को मध्य प्रदेश के दतिया जिले में रतनगढ़ मंदिर के पास नवरात्रि उत्सव के दौरान मची भगदड़ में 115 लोगों की मौत हो गई और 100 से अधिक घायल हो गए। भगदड़ इस अफवाह से शुरू हुई थी कि श्रद्धालु जिस नदी पुल को पार कर रहे हैं, वह ढहने वाला है। अक्टूबर, 2014 को पटना के गांधी मैदान में दशहरा समारोह समाप्त होने के तुरंत बाद मची भगदड़ में 32 लोगों की मौत हो गई थी और 26 अन्य घायल हो गए थे। जुलाई, 2015 में आंध्र प्रदेश में राजमुंदरी में गोदावरी नदी के तट पर एक प्रमुख स्नान स्थल पर मची भगदड़ में 27 तीर्थयात्रियों की मौत हो गई और 20 अन्य घायल हो गए, वहां 'पुष्करम' उत्सव की शुरुआत के दिन भक्तों की भारी भीड़ जमा थी।

वैष्णो देवी श्राइन बोर्ड इस हादसे के लिए साफ तौर पर जिम्मेदारीहै। भीड़ को अनुशासित और नियंत्रित करना स्थानीय प्रशासन, पुलिस और अर्द्धसैनिक बल का बुनियादी दायित्व है। श्राइन बोर्ड का बयान आया है कि माता के दरबार में दर्शन के लिए 35,000 श्रद्धालुओं का पंजीकरण किया गया था, लेकिन आपदा प्रबंधन से जुड़े विशेषज्ञों का मानना है कि मां शेरां वाली के तीर्थ-क्षेत्र में 10,000 से अधिक भीड़ को नियंत्रित करना संभव नहीं है। इस भीड़ में सरकारी कर्मचारी, बल के जवान और भक्त आदि सभी सम्मिलित हैं। दर्शनों के लिए 2500-3000 की भीड़ को ही अनुमति दी जानी चाहिए, क्योंकि यह पर्याप्त संख्या है। यहां का रास्ता संकरा है और वहां ढलान भी है। मंदिर से आने वालों और ऊपर जाने वालों का रास्ता भी एक ही है।

वैष्णो देवी मंदिर में दुखद हादसे के बाद वहां मौजूद लोगों ने साफ कहा कि न तो पंजीकरण पर्ची देखी गई, न कोरोना-रपट की मांग की गई और न ही आरटीपीसीआर जांच की गई। भीड़ बेकाबू और बेहिसाब थी। श्राइन और अन्य अधिकारियों ने ऐसा कैसे और क्यों होने दिया? भीड़ को टुकड़ों में बांट कर नियंत्रित क्यों नहीं किया गया? यह किसकी जिम्मेदारी थी? एंबुलेंस वाहन कहां थे, क्योंकि मृतकों और घायलों को आम लोगों ने ही उठाया और निश्चित, सुरक्षित स्थान तक पहुंचाया? प्रशासनिक कर्मचारियों और सीआरपीएफ के जवान कहां थे?यदि हादसा इससे भी बड़ा हो जाता या आतंकी हमला कर देते, तो जवाबदेही किसकी बनती? बेशक भगदड़ का कारण आपसी धक्कामुक्की, हाथापाई हो या सुरक्षा कर्मियों ने भीड़ को धकिया कर पीछे करने की कोशिश की हो अथवा पत्थर गिरने की कोई

महंगाई और नशे की लत दोनों बढ़ा दिये कोविड ने

नरविजय यादव

विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार, दुनिया में प्रति वर्ष अल्कोहल के अधिक सेवन से 30 लाख लोगों की जान जाती है। विश्व में बीमारियों के इलाज पर होने वाले खर्च में पांच प्रतिशत भाग अल्कोहल जनित रोगों पर होता है। इसी तरह, तम्बाकू की वजह से हर साल 80 लाख लोगों की मौत होती है। इनमें 12 लाख ऐसे लोग भी शामिल हैं, जो खुद तम्बाकू का सेवन नहीं करते, न ही सिगरेट पीते हैं, लेकिन जो ऐसा करने वालों के साथ रहते हैं। एक अनुमान के मुताबिक, विश्व में 1.3 अरब लोग धूम्रपान तथा तम्बाकू वाले अन्य उत्पादों का प्रयोग करते हैं। ब्रिटेन में हुए एक अध्ययन में पाया गया कि पहले लॉकडाउन में ही 40 प्रतिशत से अधिक, करीब 45 लाख लोगों ने अल्कोहल का सेवन शुरू कर दिया।

कोविड महामारी ने दुनिया भर के लोगों का सुख चैन, सेहत और रोजगार ही नहीं छीने, इसके दुष्प्रभाव और भी कई रूपों में सामने आ रहे हैं। लॉकडाउन के दौरान लोगों में अल्कोहल व तम्बाकू उत्पादों का सेवन करने की लत बेतहाशा बढ़ गयी। कोरोना की वजह से पूरी दुनिया में हर मोर्चे पर व्यवस्था भंग हुई और महंगाई में बेतहाशा वृद्दि हुई। भारत की अर्थव्यवस्था भले ही पटरी पर लौटने लगी है, परंतु अभी कई महीने लग जायेंगे सब कुछ लाइन पर आने में। महामारी की वजह से सभी मुल्कों में महंगाई बढ़ी है। लॉकडाउन के समय अनेक चीजों का उत्पादन घट गया, लेकिन लॉकडाउन हटने के बाद बाजार में अचानक से तमाम चीजों की मांग बढ़ती गयी। यही वजह है कि महंगाई यकायक बढ़ गयी। उदाहरण के लिए, कई देशों में अभी भी कर्मचारियों की किल्लत बनी हुई है। मलेशिया में इसी कारण से पॉम ऑयल का पर्याप्त उत्पादन नहीं हो पा रहा है। पॉम ऑयल की कीमतें बढ़ने से साबुन, तेल, शैम्पू, बिस्कुट, कॉस्मेटिक्स, नमकीन आदि के दामों में बढ़ोतरी हुई है।

कच्चे तेल का दाम बढ़ने से मालवाहन और सामान की डिलीवरी के दाम बढ़े हैं। इसी वजह से रासायनिक खाद, पेंट, रबड़ और सिंथेटिक धागे आदि की कीमतों में वृद्धि हुई है। समुद्री मार्ग से माल की ढुलाई महंगी हो गयी है। चीन में कामगारों की कमी की वजह से पीतल, तांबा, इस्पात, निकल व कोबाल्ट आदि औद्योगिक धातुएं महंगी हुई हैं। इसका असर टेलीविजन सेट, फ्रिज, एसी, वॉशिंग मशीन आदि प्रोडक्ट्स की कीमतों पर पड़ा है। जलवायु परिवर्तन से कई देशों में कृषि उत्पादों की आपूर्ति प्रभावित हुई है, जैसे कि ब्राजील में इसी कारण से गन्ने की फसल प्रभावित हुई। फलस्वरूप चीनी की कीमत बढ़ गयी। कोरोना के कारण लॉकडाउन लगने से सेमीकंडक्टर या चिप का उत्पादन घट गया, जिसकी कमी की वजह से कार, फ्रिज, टीवी, वाशिंग मशीन आदि इलेक्ट्रॉनिक उत्पादों का उत्पादन प्रभावित हुआ है।

कच्चे तेल का दाम बढ़ने से मालवाहन और सामान की डिलीवरी के दाम बढ़े हैं। इसी वजह से रासायनिक खाद, पेंट, रबड़ और सिंथेटिक धागे आदि की कीमतों में वृद्धि हुई है। समुद्री मार्ग से माल की ढुलाई महंगी हो गयी है। चीन में कामगारों की कमी की वजह से पीतल, तांबा, इस्पात, निकल व कोबाल्ट आदि औद्योगिक धातुएं महंगी हुई हैं। इसका असर टेलीविजन सेट, फ्रिज, एसी, वॉशिंग मशीन आदि प्रोडक्ट्स की कीमतों पर पड़ा है। जलवायु परिवर्तन से कई देशों में कृषि उत्पादों की आपूर्ति प्रभावित हुई है, जैसे कि ब्राजील में इसी कारण से गन्ने की फसल प्रभावित हुई।

विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार, दुनिया में प्रति वर्ष अल्कोहल के अधिक सेवन से 30 लाख लोगों की जान जाती है। विश्व में बीमारियों के इलाज पर होने वाले खर्च में पांच प्रतिशत भाग अल्कोहल जनित रोगों पर होता है। इसी तरह, तम्बाकू की वजह से हर साल 80 लाख लोगों की मौत होती है। इनमें 12 लाख ऐसे लोग भी शामिल हैं, जो खुद तम्बाकू का सेवन नहीं करते, न ही सिगरेट पीते हैं, लेकिन जो ऐसा करने वालों के साथ रहते हैं। एक अनुमान के मुताबिक, विश्व में 1.3 अरब लोग धूम्रपान तथा तम्बाकू वाले अन्य उत्पादों का प्रयोग करते हैं। ब्रिटेन में हुए एक अध्ययन में पाया गया कि पहले लॉकडाउन में ही 40 प्रतिशत से अधिक, करीब 45 लाख लोगों ने अल्कोहल का सेवन शुरू कर दिया। देश भर में सार्वजनिक स्थानों पर थूकने पर रोक लागू है। इसके बावजूद लोग हैं कि मानते नहीं। इधर-उधर थूकते रहते हैं। इससे सरकारी भवन ही नहीं, रेलवे भी परेशान है। थूक के दाग मिटाने के लिए रेलवे को हर साल 1200 करोड़ रुपये धनराशि खर्च करनी पड़ती है। पानी की बर्बादी होती है सो अलग। गुटखा चबाकर थूकने वालों की सहूलियत के लिए देश के 42 स्टेशनों पर स्पिटर कियोस्क लगाये जा रहे हैं, जहां स्पिटून पाउच मिलेंगे।

पाठकों की बात

पत्र, प्रतिक्रियाएं, सोशल मीडिया

हंसते-मुस्कुराते चेहरे

हंसते-मुस्कुराते चेहरे मास्क के पीछे जाकर छिप गए न जाने कब होगी शुरुआत सामान्य दिनों की जब बिना किसी आवरण बिना सेनिटाइजर हम फिर एक बार खुलकर हंसेगे खुली हवा में सांस लेंगे इस बरस ग्रहण कुछ अधिक लम्बा हो गया नये साल पर शायद, नया सूरज लेकर आये नई सुबह यही उम्मीद सबको है टूटे न अनगिनत दिलों की आस करते रब से यही दुआ। - **सुश्री इंदु सिंह**

रास आई न

रास आई न संजीदगी। ज़िंदगी हो गई मसखरी। हौसले में न आई कमी।ज़िंदगी आजमाती रही।। टूटना ही तो थाआख़िरश। मेरी उम्मीद थी आख़री।। जाने जाँ आप समझा करो। बेबसी मेरे हालात की।। रूह के तार जुड़ जाएं तो। रस्म होती महज काग़ज़ी। अश्क़ करते हक़ीक़त बयाँ। इश्क़ तो था जरा सा सही।

- **अनिल शर्मा**

खास पाती

हरि जी अब आपहिं आन

हरि जी अब आपहिं आन उबारो। जन्म लियो नर रूप धरा जब, प्रहलादहिं तन म्हारो। मम रसना सिमरै प्रतिपल ही, भगवन नाम तुम्हारो। हिरणाकुश सो म्हारो मनवा, बहुविधि करत प्रहारो। कबहुँ गिराय देत नग ते वहि, कबहुँ गजहिं पग डारो। कबहुँ गोद बिठावै होलिका, मारै विविध प्रकारो। विषय विकार मानि कै वर सौं, कपटी भयो करारो। होय निरन्कुश उधम करै यहि,खुदहिं आप सम्भारो। अथक प्रयास करूँ मैं भगवन, होय न अंतस खारो। हिया-थम्ब महि करौ वास प्रभु, नरसिंह रूप पधारो। करहुँ कृपा निज मान मोहि प्रभु, हिरणाकुश मन मारो। चरणन विनती है यहि थारो, आ रजनी कै तारो। - **रजनी रामदेव**

साल निकल रहा है.? कुछ



साल निकल रहा है.? कुछ नया होता है.. कुछ पुराना पिछे रह जाता है। कुछ ख्वाहिश दिल में रह जाती है कुछ बिन मांगे मिल जाती है.! कुछ छोड़कर चले गए कुछ नए जुड़ेंगे इस सफर में.. कुछ खफा है. कुछ खुश होंगे.? कुछ भूल जाएंगे कुछ याद करेंगे.. कुछ शायद अनजान है कुछ परेशान होंगे.! कुछ को मेरा इंतजार रहेगा.. कुछ का मुझे इंतजार रहेगा..! कुछ सही है कुछ गलत भी.। कोई गलती की हो तो माफ़ कीजिये. कुछ आपको सही लगा हो तो याद कीजिये। - **नीलकमल वैष्णव अनिश**

नाम ले कर क्यों तुम्हारा लोग

नाम ले कर क्यों तुम्हारा लोग मुझको ताकते हैं दर्द कितना उठ रहा है, मन ही मन ये आँकते हैं मैं विवश सी सोचती हूँ काश तुम आ कर सँभालो अंक में भर लो मुझे उन मूक बाणों से बचा लो पर हृदय तो जानता है पीर ही अब ज़िन्दगी है।

- **ममता लड़ीवाल**

तूफ़ान/कितना जोर/लगा कर

तूफ़ान/कितना जोर/लगा कर च/ला गया बैठे श/जर के पंछी/उड़ा कर च/ला गया क्या कम सि/तम था जो तू/सताता र/हा सनम राहों में/कांटे यार /बिछा कर च/ला गया लब तक न/आ सके जो/ख़याले वि/साल थे आंखों में/सारे दर्द/छिपा कर च/ला गया परवाज़/हम करें तो/करें किस के/वास्ते क्या दुश्म/नी थी पर भी/जला कर च/ला गया कितना हु/नर छुपा के/रखा था दि/नेश ने ये दिन भी/मेरी उम्र/बढा कर च/ला गया। - **दिनेश भोपाली**



अनकहे चुपचाप मत जाना उदास

अनकहे चुपचाप मत जाना, उदास होता है मन, कोई संकेत सचेत करे इस बेहोशी को, उछाल देना एक कंकड़ तालाब में, किनारों की ओर बढ़ता वलय बता देगा बढ़ती दूरियाँ, एक मुठ्ठी धूल आकाश की ओर, पल भर के लिये सूरज बंद करेगा अपनी आँखें, कान में फुसफुसाकर ज़ोर से कर देना कू. जब भी जाओ एक संकेत देना, मेरे जीवन,मेरी मृत्यु। - **शेश अमित**

नई उमंगे नई तरंगे,और सुगंधित

नई उमंगे नई तरंगे,और सुगंधित पुष्पों वाला, प्रेमिल पथ हर बार मिले, सुरभित जीवन,हर्षित हर पल,उदित सूर्य अंगड़ाई लेकर स्वागत को तैयार मिले। जो कुछ गम थे, ज्यादा कम थे,पतझड़ था,या था वो सावन, भूलो जो कुछ बीत गया। अबकि खुशियों वाले मौसम सबको बारंबार मिले,और प्रार्थना ईश्वर से कि जिनकी आंखों में जो सपनें ,स्वप्न सभी साकार मिले। **-शोभा किरन**

हारते ही रहे, चाल बदले कई

हारते ही रहे, चाल बदले कई। ज़ख़्म फिर भी लगे, ढाल बदले कई। हाय रब नें मुकद्दर में क्या लिख दिया, हाल बदले नही, साल बदले कई। - **कवि अंकित चहल 'विशेष'**

QUIZ TIME

1) जातक कथाएं किस प्राचीन भाषा में लिखी गई थीं?

2) 1867 में अमेरिका ने रूस से 1.25 मिलियन डॉलर मूल्य पर कौन-सा क्षेत्र खरीदा था?

3) 1960 में किस कंपनी ने एक कंप्यूटर के साथ जुड़ने वाले छोटे पहिए का 'बॉक्स' विकसित किया था, जिसे आज हम 'माउस' के नाम से जानते है?

4) किस प्रतियोगिता में चैंपियन बनने के कारण उरूग्वे को प्रथम विश्व कप फुटबॉल की मेजबानी का अधिकार दिया गया था?

5) प्राचीन विश्व का कौन-सा आश्चर्य ईसा पूर्व छठी शताब्दी में राजा नेबुशेड्नेजर ने

Ramaquiz

उत्तरमाला-(1) पाली (2) अलास्का (3) ज़ीरॉक्स (4) ओलिंपिक्स (5) हैंगिंग गार्डन ऑफ़ बेबीलोन

आज का इतिहास

नई दिल्ली (वार्ता)। 1659: खाजवाह की लड़ाई में औरंगजेब ने शाह शुजा को हराया। 1671: छत्रपति शिवाजी महाराज ने मुगलों से सल्हर क्षेत्र को अपने कब्जे में किया. 1893: योगगुरू और आध्यात्मिक गुरू परमहंस योगानन्द का उत्तर प्रदेश के गोरखपुर में जन्म 1933: अमेरिका के सान फ्रांसिस्को शहर में बने झूलने वाले गोल्डन गेट ब्रिज का निर्माण कार्य शुरू. यह पुल 1937 में बनकर तैयार हुआ. 1941: क्रिकेटर मंसूर अली खान पटौदी का भोपाल में जन्म। 1955: पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी का कलकत्ता (अब कोलकाता) में जन्म। 1970: चीन के यूनान प्रांत में रिक्टर पैमाने पर 7.7 तीव्रता वाले भूकंप से 15000 लोगों की मौत. 1971: इंग्लैंड और आस्ट्रेलिया के बीच क्रिकेट इतिहास का पहला सीमित ओवर का एकदिवसीय अन्तरराष्ट्रीय मैच खेला गया. 1993: करीब 85,000 टन कच्चा तेल लेकर नार्वे से कनाडा जा रहा एक तेल टैंकर तूफान में फंसकर शेटलैंड द्वीप के पास दुर्घटनाग्रस्त. 2000: अंतरराष्ट्रीय फुटबाल एवं सांख्यिकी महासंघ ने 'पेले' को शताब्दी का सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी घोषित किया। 2003: अल्जीरिया में विद्रोहियों के हमले में 43 सैनिक मरे। 2009: नेशनल कांफ्रेंस के अध्यक्ष उमर अब्दुल्ला ने जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री पद की शपथ ली। 2014: भारतीय संचार उपग्रह जीसैट-14 को सफलतापूर्वक कक्षा में स्थापित किया गया. जीसैट-14 में भारत में निर्मित क्रायोजेनिक इंजन का इस्तेमाल हुआ था।

विद्या बालन ने 'अतरंगी रे' के लिए सारा अली खान की तारीफ की

मुंबई (वार्ता)। बॉलीवुड अभिनेत्री विद्या बालन ने फिल्म 'अतरंगी रे' देखने के बाद सारा अली खान की तारीफ की है। सारा अली खान की फिल्म 'अतरंगी रे' हाल ही में प्रदर्शित हुयी है।इस फिल्म को दर्शकों से अच्छा खासा रिस्पॉन्स मिल रहा है। फिल्म में सारा ने न केवल रिंकू सूर्यवंशी के अपने किरदार से दर्शकों का दिल जीत लिया है, बल्कि इंडस्ट्री के कई सेलेब्स को भी प्रभावित किया है।

सारा अली खान ने बताया कि विद्या बालन ने अतरंगी रे की रिलीज़ के बाद उन्हें फोन किया था और उन्होंने मुझसे कहा कि मेरी परफॉर्मेंस में एक भी फॉल्स नोट नहीं था। उन्होंने कहा कि जब मेरे किरदार की बात आती है तो उसमें मसाला और मस्ती थी, लेकिन इमोशन भी था। उन्होंने यह भी कहा कि उन्होंने पूरी फिल्म का आनंद लिया है। गौरतलब है कि ट्रायल एंगल लव स्टोरी 'अतरंगी रे' में सारा अली खान के साथ अक्षय कुमार और दक्षिण भारतीय स्टार धनुष ने भी मुख्य किरदार निभाया है। आनंद एल राय के निर्देशन में बनी इस फिल्म का निर्माण फिल्म भूषण कुमार, कलर येलो प्रोडक्शंस और केप ऑफगुड फिल्म्स द्वारा किया गया है।

रंजिश ही सही का ट्रेलर रिलीज

मुंबई (वार्ता)। बॉलीवुड फिल्मकार महेश भट्ट निर्मित वेबसीरीज फिल्म रंजिश ही सही का ट्रेलर रिलीज कर दिया गया है। वेब-सीरीज़ रंजिश ही सही में ताहिर राज भसीन, अमला पॉल और अमृता पुरी मुख्य भूमिकाओं में हैं। महेश भट्ट द्वारा निर्मित, विशेष एंटरटेनमेंट प्रोडक्शन, पुष्पदीप भारद्वाज द्वारा लिखित और निर्देशित यह वेबसीरीज एक नवोदित फिल्म निर्देशक के इर्द-गिर्द घूमती है, जो एक सनकी सुपरस्टार के साथ विवाहेतर संबंध में आ जाता है, जो हमेशा के लिए अपना जीवन बदल देता है।रंजिश ही सही का प्रीमियर वूट सिलेक्ट पर 13 जनवरी 2022 को होगा। निर्देशक पुष्पदीप भारद्वाज ने कहा कि इतने सारे थ्रिलर और क्राइम शो के साथ, मैं संगीत के साथ एक नाटकीय प्रेम कहानी बनाने के लिए उत्सुक था। कुछ ऐसा हो जो अलग दिख सके।

उर्वशी ने मां मीरा का भव्य तरीके से मनाया जन्मदिन

मुंबई (वार्ता)। बॉलीवुड अभिनेत्री उर्वशी रौतेला ने अपनी मां मीरा रौतेला का जन्मदिन भव्य तरीके से मनाया। उर्वशी रौतेला इन दिनों दुबई में हैं। उर्वशी ने अपनी मां मीरा रौतेला के जन्मदिन के साथ नए साल के जश्न में शिरकत की। उर्वशी ने एक होटल की 75वीं मंजिल पर अपनी मां के लिए जन्मदिन की पार्टी रखी। उर्वशी ने अपने सोशल मीडिया पर जन्मदिन की पार्टी का एक वीडियो शेयर किया, जिसमें हम उर्वशी की मॉं को देख सकते हैं,जो गुब्बारों के साथ खुशी-खुशी पोज दे रही हैं।इस वीडियो को साझा करते हुए, उर्वशी ने कैप्शन लिखा, जन्मदिन मुबारक हो हमारे पूरे जीवन में, आप हमेशा वह ताकत रही हैं जो हमें सबसे तूफानी समय में रखती है। हम आपसे प्यार करते हैं। आप एक ऐसे जन्मदिन के लायक हैं जो आपके लिए अद्भुत है! बहुत आभारी सालों भर आपके प्यार और देखभाल के लिए।

ऋतिक रौशन को लेकर एक्शन थ्रिल्म बनायेंगे करण जौहर!

मुंबई (वार्ता)। बॉलीवुड फिल्मकार करण जौहर, माचो मैन ऋतिक रौशन को लेकर एक्शन थ्रिल्म बनाने जा रहे हैं। करण जौहर इन दिनो रॉम-कॉम 'रॉकी और रानी की प्रेम कहानी' बना रहे हैं। इस फिल्म में रणवीर सिंह, आलिया भट्ट, जया बच्चन, शबाना आजमी और धर्मेंद्र हैं। करण जौहर 'रॉकी और रानी की प्रेम कहानी' खत्म करते ही अपनी एक्शन थ्रिलर की शूटिंग में लग जाएंगे। बताया जा रहा है कि करण जौहर की इस एक्शन थ्रिलर में ऋतिक रोशन दिखाई दे सकते हैं। करण जौहर को लगता है कि एक्शन जॉनर में डेब्यू करने के लिए उन्हें ऋतिक रौशन से बेहतर साथी नहीं मिलेगा।ऐसे में यह संभव है कि ऋतिक रौशन जल्द ही धर्मा प्रोडक्शन की एक्शन थ्रिलर में दिखाई दें।

रेड के सीक्वल में काम करेंगे अजय देवगन

मुंबई (वार्ता)। बॉलीवुड के सिंघम स्टार अजय देवगन सुपरहिट फिल्म रेड के सीक्वल में काम करते नजर आयेंगे। अजय देवगन ने वर्ष 2018 में प्रदर्शित सुपरहिट फिल्म रेड में काम किया था। फिल्मकार कुमार मंगत फिल्म रेड का सीक्वल रेड 2 बनाने जा रहे हैं।

ब्रह्मास्त्र में कैमियों करेंगे शाहरूख-नागार्जुन

मुंबई (वार्ता)। बॉलीवुड फिल्मकार करण जौहर का कहना है कि उनकी आने वाली फिल्म ब्रह्मास्त्र में शाहरूख खान और नागार्जुन कैमियो रोल करते नजर आयेंगे।करण जौहर निर्मित और अयान मुखर्जी निर्देशित फिल्म ब्रह्मास्त्र पार्ट एक- शिवा में रणबीर कपूर और आलिया भट्ट की मुख्य भूमिका है। करण जौहर ने बताया कि फिल्म ब्रह्मास्त्र में शाहरुख खान और नागार्जुन कैमियो रोल प्ले करते नजर आएंगे। करण जौहर ने कहा दोनों ने हमारे लिए एक बड़ा कैमियो किया है और दोनों का किरदार खास है। शाहरुख खान और नागार्जुन को फिल्म की कहानी पसंद आई थी। दोनों ही फिल्म के लिए एक बड़ा कैमियो रोल प्ले करने के लिए तैयार हुए। दोनों ने शूटिंग के टाइम भी दिया।

न्यूज गैलरी

कार्ड, वालेट से छोटे ऑफलाइन भुगतान के नए नियम जारी किए रिजर्व बैंक

नई दिल्ली (वार्ता)। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने छोटे मूल्य के भुगतान कार्ड, वालेट या मोबाइल से ऑफ्लाइन यानी बिना इंटरनेट की सुविधा से भुगतान करने की सुविधा के संबंध में सेमवार को एक नयी व्यवस्था घोषित की। इसके लिए ऊपरी सीमा 200 रुपये रखी जाएगी। ऑफ्लाइन भुगतान के लिए इंटरनेट कनेक्शन की जरूरत नहीं होती। आरबीआई ने कहा ,'आफ्लाइन भुगतान के लिए कार्ड, वालेट या मोबाइल उपकरण आदि किसी भी रास्ते का प्रयोग किया जा सकता है। ऑफ्लाइन भुगतान निकट से (आमने सामने) करना होगा।' केंद्रीय बैंक ने कहा है कि एक तरीके से आफ्लाइन लेन-देन की अधिकतम सीमा किसी एक समय पर 2,000 रुपये से अधिक नहीं होगी। समाप्त हो चुकी सीमा का संभरण पहचान की अतिरिक्त प्रक्रिया (एएफए) के बाद ही किया जा सकेगा।

एसपीएमसीआईएल ने दिया 240 करोड़ रुपये का लाभांश

नई दिल्ली (वार्ता)। सरकारी मुद्रण कंपनी द सेक्युरिटी प्रिंटिंग एंड मिंटिंग कार्पोरेशन ऑफइंडिया लिमिअेड (एसपीएमसीआईएल) ने वर्ष 2020-21 के लिए सरकार को 240/41 करोड़ रुपये का अंतिम लाभांश दिया है।

कंपनी ने दिपम के नियमों के अनुसार अपने शुद्ध लाभ का 57 प्रतिशत हिस्सा सरकार को लाभांश के तौर पर दिया है। कंपनी की अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक तृप्ती पी घोष ने आज यहां वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण को इस संबंध में चेक प्रदान किये। इस मौके पर आर्थिक मामलों के सचिव अजय सेठ और वित्त मंत्रालय की विशेष सचिव एवं वित्तीय सलाहकार मीरा स्वरूप भी मौजूद थी।

ज़िम्बाब्वे अंडर-19 के चार खिलाड़ी कोरोना संक्रमित

हरारे (वार्ता)। अंडर-19 विश्व कप से पहले ज़िम्बाब्वे टीम के चार खिलाड़ी कोरोना संक्रमित पाए गए हैं। वह फ़िलहाल वेस्टइंडीज़ में आइसोलेट कर रहे हैं। आरटी-पीसीआर टेस्ट होने के बाद ज़िम्बाब्वे क्रिकेट ने पॉज़िटिव मामलों की पुष्टि की। उन्होंने बताया कि वह चारों खिलाड़ी ठीक हैं। उनकी दोबारा से जांच की जाएगी और निगेटिव रिपोर्ट आने पर ही वह सेट फिट्स में बाक़ी दल के साथ जुड़ पाएंगे।

एआईएफएफ ने आई-लीग को छह हफ्ते के लिए किया स्थगित

कोलकाता (वार्ता)। अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ (एआईएफएफ) ने कोरोना संक्रमण के मामलों में वृद्धि के मद्देनजर हीरो आई-लीग को अगले छह हफ्ते के लिए स्थगित कर दिया है। इससे दो दिन पहले पश्चिम बंगाल सरकार ने कोरोना महामारी से निपटने के लिए राज्य में 50 प्रतिशत लॉकडाउन लगाया था।

एआईएफएफके वरिष्ठ उपाध्यक्ष एवं लीग समिति के अध्यक्ष सुब्रत दत्ता ने सोमवार को सभी प्रतिभागी क्लबों के साथ वर्चुअल रूप से बैठक की अध्यक्षता की, जिसमें उन्होंने एआईएफएफस्पोर्ट्स मेडिकल कमेटी के सदस्य हर्ष महाजन के सुझाव को सभी क्लबों के सामने रखा और फिर सर्वसम्मति से टूर्नामेंट को अगले छह हफ्ते के लिए स्थगित करने का निर्णय लिया गया।

महाजन ने क्लबों को सूचित किया है कि पूरे देश में कोरोना संक्रमित मामलों की संख्या तेजी से बढ़ रही है और राज्य सरकार द्वारा प्रतिबंध लागू किए जा रहे हैं और एआईएफएफ की प्राथमिकता खिलाड़ियों और अधिकारियों के स्वास्थ्य और सुरक्षा के साथ कोई समझौता नहीं करना है। यह उचित होगा कि हीरो आई-लीग 2021-22 को कम से कम छह हफ्ते के लिए स्थगित कर दिया जाए। महाजन ने कहा, ÷ ओमिक्रॉन संक्रमण बहुत तेजी से फैलता है, लेकिन बहुत तेजी से नीचे भी आता है। हमें सरकार के नियमों और नीतियों को भी ध्यान में रखना चाहिए और उन पर विचार करना चाहिए। एआईएफएफने एक बयान में कहा कि स्थिति का जायजा लेने के लिए लीग समिति की चार हफ्ते बाद समीक्षा बैठक होगी। उल्लेखनीय है कि अब तक खेले गए लीग के छह मैचों के बाद विभिन्न क्लबों के लगभग 15 खिलाड़ियों के कोरोना पॉजिटिव पाए जाने की सूचना के बाद 29 दिसंबर को मैचों को रद्द कर दिया गया था। समझा जाता है कि टूर्नामेंट के बायो-बबल प्रोटोकॉल सात जनवरी तक जारी रहेगा, क्योंकि सभी टीमों का पांच जनवरी को फिर से कोरोना टेस्ट किया जाएगा और नेगेटिव आने पर टीमें अपने-अपने गंतव्यों की यात्रा कर सकती हैं।

जिन टीमों के खिलाड़ी और अधिकारी पॉजिटिव पाए गए हैं, उन्हें पहले ही होटलों में आईसोलेट कर दिया गया है और कोलकाता में निर्धारित स्वास्थ्य मानकों के अनुसार उनका इलाज और क्वारंटीन अवधि तय की जाएगी और उनके नेगेटिव आने के बाद ही उन्हें बायो-बबल छोड़ने की अनुमति दी जाएगी।

फिनो पेमेंट्स बैंक को विदेशों से भारत में धन-प्रेषण की सेवा देने का लाइसेंस

नई दिल्ली (वार्ता)। फिनो पेमेंट्स बैंक (फिनोपीबी) ने सोमवार को बताया कि उसे भारतीय रिजर्व बैंक से अंतरराष्ट्रीय रेमिटेंस (धन-प्रेषण) कारोबार करने की अनुमति प्राप्त हुई है। वह एक विदेशी सेवा प्रदाता के साथ मिल कर विदेशों से लोगों को भारत में धन भेजने वालों के लिए सेवाएं देगा।

फिनोपीबी ने सोमवार को एक बयान में कहा कि इस सेवा के लिए उसने किसी विदेशी फर्म के साथ मिल कर काम करेगी और उसका ब्योरा तय किया जा रहा है। फिनोपीबी यह कारोबार धन अंतरण सेवा योजना (एमटीएसएस) के तहत परिचालित करेगा। गौरतलब है कि विश्वबैंक की नवंबर 2021 की एक रिपोर्ट के अनुसार चालू वित्त वर्ष में विदेशों में काम कर रहे लोगों से भारत में 2021 के दौरान कुल 87 अरब डालर की राशि आने का अनुमान है जो दुनिया में किसी देश को विदेश से उनके नागरिकों द्वारा भेजे गए धन से अधिक होगी। वर्ष 2022 में यह तीन प्रतिशत बढ़ कर 89.6 अरब डालर तक पहुंच सकता है। फिनोपीबी के मुख्य परिचालन अधिकारी आशीष अहूजा ने एक बयान में कहा, ÷ हम अपने ग्राहकों को वर्ष 2022-23 की पहली तिमाही में भारत में भेजी जाने वाली धन-प्रेषण सेवा देने के लिए तैयार हो जाएंगे। हम इसके लिए मोबाइल ऐप के समावेश का भी विचार कर रहे हैं।

इस वर्ष इलेक्ट्रिक दोपहिया वाहनों की रहेगी धूम

नई दिल्ली (वार्ता)। सरकार के इलेक्ट्रिक वाहनों के उपयोग को बढ़ावा देने की नीति के साथ ही हर दिन बदली प्रौद्योगिकी से वाहनों में मिल रही अत्याधुनिक सुविधाओं के बल पर इस वर्ष इलेक्ट्रिक दोपहिया वाहनों की धूम रहने वाली है। बढ़ते तेल आयात बिलों के साथ-साथ वैश्विक जलवायु परिवर्तन से निपटने के लिए अंतर्राष्ट्रीय प्रतिबद्धताएं सरकार की हालिया नीतिगत पहलों को ई-मोबिलिटी में परिवर्तन को गति देने वाले प्रमुख कारकों में से हैं। इलेक्ट्रिक वाहनों (ई वी) के दोपहिया श्रेणी जिसे हीरो मोटोकॉर्प समर्थित एथर एनर्जी, ओला इलेक्ट्रिक, ओकिनावा ऑटोटेक, रिवोल्ट इंटेलीकॉर्प जैसे स्टार्ट-अप का व्यापक समर्थन मिल रहा है। सरकार देश में ई-वी अपनाने में तेजी लाने की कोशिश कर रही है। विभिन्न सब्सिडी के साथ ही राज्य सरकारें भी अपने स्तर पर भी ई वी को प्रोत्साहित करने की कोशिश कर रहे है जिससे इन वाहनों की मांग अब बढ़ने लगी है। सरकार अपने 'फास्टर एडॉप्शन एंड मैन्युफैक्चरिंग ऑफ हाइब्रिड एंड इलेक्ट्रिक व्हीकल्स (फेम-2) स्कीम' में दोपहिया ई-वी को प्रोत्साहित कर रही है। दोपहिया ईवी में 40 प्रतिशत लागत सिर्फ बैटरी की होती है लेकिन अब देश में बैटरियों के निर्माण होने पर इसकी लागत कम होने की उम्मीद की जा रही है जिससे इन वाहनों की कीमतें भी कम होंगी।

पेट्रोल और डीजल 61 वें दिन भी स्थिर

नई दिल्ली (वार्ता)। घरेलू स्तर पर पेट्रोल और डीजल की कीमतों में मंगलवार को लगातार 61 वें दिन भी कोई बदलाव नहीं हुआ। केंद्र सरकार के पेट्रोल और डीजल की कीमतों पर उत्पाद शुल्क क्रमशः पांच और दस रुपये घटाये जाने की घोषणा चार नवंबर को किये जाने के बाद कीमतों में काफी कमी आयी थी और इसके बाद राज्य सरकार के वैट कम करने के फैसले के बाद दिल्ली में दो दिसंबर को पेट्रोल लगभग आठ रुपये सस्ता हुआ था। घरेलू बाजार में 61 वें दिन भी पेट्रोल और डीजल के दाम में कोई बदलाव नहीं हुआ। राजधानी दिल्ली में वैट कम किये जाने के कारण भारत पेट्रोलियम कार्पोरेशन लिमिटेड (बीपीसीएल) के पंप पर पेट्रोल की कीमत 95.41 रुपये प्रति लीटर पर और डीजल के दाम 86.67 रुपये प्रति लीटर पर टिके रहे। पेट्रोल-डीजल के मूल्यों की रोजाना समीक्षा होती है और उसके आधार पर हर दिन सुबह छह बजे से नयी कीमतें लागू की जाती हैं।

आईसीआईसीआई प्रू आईप्रोटेक्ट रिटर्न ऑफप्रीमियम किया लॉन्च

64 गंभीर बीमारियों के लिए कवर का विकल्प

मुंबई। आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल लाइफ इंश्योरेंस ने एक नया टर्म इंश्योरेंस उत्पाद -'आईसीआईसीआई प्रू आईप्रोटेक्ट रिटर्न ऑफ प्रीमियम' लॉन्च किया है। यह ग्राहक-केंद्रित प्रस्ताव जो जीवन-अवस्था आधारित कवर की पेशकश करता है जिसमें जीवन बीमा की मात्रा ग्राहक के जीवन चरणों के आधार पर स्वचालित रूप से समायोजित हो जाती है।

आईसीआईसीआई प्रू आईप्रोटेक्ट रिटर्न ऑफ प्रीमियम 64 गंभीर बीमारियों पर कवर प्रदान करने के अलावा, जीवित रहने पर भुगतान किए गए सभी प्रीमियमों का 105% रिटर्न प्रदान करता है, जो उद्योग में सबसे अधिक है। यह दो प्रकार के कवर प्रदान करता है - लाइफ स्टेज कवर और लेवल कवर।

लाइफस्टेज कवर एक नई विशेषता है जो ग्राहकों के जीवन-स्तर के आधार पर जीवन राशि या जीवन बीमा को स्वतः समायोजित करती है। यह ग्राहकों को अपने जीवन बीमा को बढ़ाने में सक्षम बनाती है जब यह सबसे ज्यादा मायने रखता है क्योंकि शुरुआती चरणों में जिम्मेदारियां बढ़ती हैं। साथ ही, यह जीवन के बाद के चरणों में जिम्मेदारियां कम होने के साथ जीवन कवर को स्वतः ही कम कर देता है। महत्वपूर्ण बात यह है कि पॉलिसी की पूरी अवधि के दौरान प्रीमियम स्थिर रहता है। यह उन ग्राहकों के लिए उपयुक्त है जो अपने जीवन के सभी चरणों में पर्याप्त जीवन बीमा चाहते हैं। साथ ही, यह ग्राहकों को इस बात के चुनाव की छूट देता है कि यदि ग्राहक चाहें तो वो पॉलिसी अवधि के अंत तक या परिपक्वता पर लगातार सुरक्षा के साथ 60 या 70 वर्ष की कम उम्र में ही भुगतान किये गये प्रीमियम का 105% वापस पा सकते हैं।

लेवल कवर वैरिएंट उन लोगों के लिए उपयुक्त है जो ऐसा टर्म इंश्योरेंस प्लान चाहते हैं जो निश्चित मृत्यु लाभ के साथ-साथ उत्तरजीविता लाभ भी प्रदान करे।

उलटफेर

बंगलादेश ने अपनी पहली पारी में 176.2 ओवरों का सामना किया

विश्व टेस्ट चैंपियन न्यूजीलैंड पर हार का मंडराया खतरा

माउंट मौंगानुई (वार्ता)। आईसीसी विश्व टेस्ट चैंपियन न्यूजीलैंड पर बंगलादेश के खिलाफपहले क्रिकेट टेस्ट मैच में हार का खतरा मंडराने लगा है। न्यूजीलैंड ने अपनी दूसरी पारी में मंगलवार को चौथे दिन का खेल समाप्त होने तक पांच विकेट खोकर 147 रन बनाए हैं और उसके पास केवल 17 रन की बढ़त है। बंगलादेश ने सुबह कल के छह विकेट पर 401 रन से आगे खेलना शुरू किया और उसकी पहली पारी 458 रन पर समाप्त हुई। बंगलादेश को इस तरह पहली पारी में 130 रन की बढ़त मिली। न्यूजीलैंड की पहली पारी 328 रन पर समाप्त हुई थी। बंगलादेश की 130 रनों की बढ़त साल 2017 की शुरुआत से न्यूज़ीलैंड के खिलाफ़ घर पर बनाई गई सबसे बड़ी बढ़त है। इससे पहले नेपियर में इंग्लैंड ने पहली पारी में 101 रनों की बढ़त हासिल की थी। बंगलादेश ने अपनी पहली पारी में 176.2 ओवरों का सामना किया। बंगलादेश के क्रिकेट इतिहास में यह केवल दूसरा मौक़ा है जब उन्होंने इतने ओवरों का सामना किया है। 2013 में श्रीलंका के विरुद्ध गॉल में उन्होंने 196 ओवर बल्लेबाज़ी की थी। साथ ही एशिया के बाहर उन्होंने दूसरी बार ऐसा कर दिखाया है। दिलचस्प बात यह है कि दोनों बार यह कारनामा उन्होंने न्यूज़ीलैंड के विरुद्ध किया है। न्यूज़ीलैंड ने आज चौथे दिन वापसी करते हुए बंगलादेश को सिर्फ57 रन और जोड़ने दिए और उसके चार विकेट गिरा कर दिया। उसे ऑलआउट कर दिया। बंगलादेश के शीर्ष आठ बल्लेबाज़ों ने पहली पारी में 50 से अधिक गेंदों का सामना किया। यह बंगलादेश के टेस्ट क्रिकेट इतिहास में पहली बार हुआ है। यह चौथा मौक़ा है जब बंगलादेश ने न्यूज़ीलैंड के एक पारी में 400 रनों का आंकड़ा पार किया है। साल 2010 की शुरुआत से उन्होंने यह सिलसिला शुरू किया है। इस दौरान केवल ऑस्ट्रेलिया ने न्यूज़ीलैंड में चार बार 400 से अधिक का स्कोर खड़ा किया है। न्यूज़ीलैंड के तेज गेंदबाज़ों ने 890 गेंदें फेंकीं। इस सदी में किसी अन्य टीम के तेज़ गेंदबाज़ों को पारी में पूरे 10 विकेट चटकाने के लिए इतनी गेंदबाज़ी नहीं करनी पड़ी। और तो और साल 2007 की शुरुआत से किसी भी टीम के तेज़ गेंदबाज़ों द्वारा एक पारी में डाली गई यह सर्वाधिक गेंदें भी हैं। इस तरह 130 रनों से पिछड़ते हुए न्यूज़ीलैंड ने दूसरी पारी शुरू की, लेकिन बंगलादेश ने उसे शुरुआती झटके देकर दबाव में डाल दिया।

29 के स्कोर पर कप्तान टॉम लाथम के रूप में पहला और 63 के स्कोर पर सलामी बल्लेबाज डेवॉन कॉन्वे के रूप में न्यूजीलैंड का दूसरा विकेट गिरा। लाथम दो चौकों की मदद से 30 गेंदों पर 14 और कॉन्वे एक चौके की बदौलत 40 गेंदों पर 13 रन बना कर आउट हुए।

क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया ने घरेलू मैच स्थगित किए

तस्मानिया (वार्ता)। क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया ने मंगलवार को कोरोना महामारी के चलते लगे सीमा प्रतिबंधों के कारण 2021-22 महिला राष्ट्रीय क्रिकेट लीग के दो मैचों को स्थगित कर दिया।

तस्मानिया और पश्चिमी ऑस्ट्रेलियाई टीम के बीच ब्लंडस्टोन एरिना में सात और नौ जनवरी को खेले जाने वाले ये दो मैच दोनों राज्यों के बीच लगाए गए प्रतिबंधों के कारण अब नौ और 11 मार्च को खेले जाएंगे। वहीं फ़ाइनल अब निर्धारित समय से 12 दिन बाद 18 मार्च को होगा।

क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया के क्रिकेट संचालन एवं निर्धारण प्रमुख पीटर रोच ने एक बयान में कहा, ÷ खिलाड़ियों, मैच अधिकारियों, कर्मचारियों और प्रशंसकों की सुरक्षा और हित हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता बनी हुई है, क्योंकि हमारा लक्ष्य 2021-22 महिला राष्ट्रीय क्रिकेट लीग के सभी 29 मैचों का आयोजन करना है। क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया ने संशोधित शेड्यूल के लिए राज्यों और क्षेत्रों के साथ मिलकर काम किया, जिसका प्रीमियर क्रिकेट फ़ाइनल पर कम से कम प्रभाव पड़ा, जबकि देश के शीर्ष क्रिकेटरों को महिला राष्ट्रीय क्रिकेट लीग मैचों के लिए उपलब्ध होने की अनुमति दी गई। हम राज्यों और क्षेत्रों को उनके लचीलेपन और समझ के लिए धन्यवाद देते हैं, क्योंकि हमने शेड्यूलिंग चुनौतियों का अच्छे से सामना किया है। ÷

साधना-सत्संग शिविर : हृदय की जगह मस्तिष्क से काम, पतन का मार्ग-स्वामी कृष्णानंद

तिल्दा-नेवरा/नवप्रदेश। सद्गुरु धाम गौरखेड़ा में छः दिवसीय साधना-सत्संग शिविर में अमावस्या पर्व पर स्वामीजी ने कहा- वर्तमान समय में मस्तिष्क-विज्ञान वृद्धि को प्राप्त किया, किंतु हृदय अर्थात् प्रेम सद्भाव समाप्त हो गया। आज विश्वविद्यालयों में सौ-प्रतिशत वालो का ही प्रवेश लिया जाता है और इनकी संख्या बढ़ती जा रही है, किंतु वही बुद्धिजीवी की चिंता बढ़ती जा रही है। विज्ञान की उपलब्धि जो पृथ्वी को सौ बार नष्ट कर सकती है। जो विश्व के लिए चिंतनीय विषय है, प्रेम (हृदय) आपको जोड़ता है परमात्मा से, प्रकृति से, परिवार से, समाज से लेकिन जहां मस्तिष्क से काम होगा, वहां मैं- मेरा तक सिमटकर रह जाता है। आप जिस धन का उपाजर्न करते है उसमें केवल आपका अधिकार नहीं, उसमें आपके परिवार की सदस्य समाज सभी का अंश है।

जो व्यक्ति कमाता है और स्वयं खाता है वह पाप को खाता है, अगर आपको अपने घर में सुख-समृद्धि, निरोग रहना है तो लक्ष्मीपति भगवान विष्णु इस सृष्टि के पालनकर्ता है उनके नाम से दसवा भाग या पांच प्रतिशत या कम से कम अढाई प्रतिशत का दान निकालना आवश्यक है। सूत्र भी कहता है धनात्धर्मः ततः सुखम्! धन से धर्म, धर्म से सुख की प्राप्ति होती है। सद्विप्र समाज सेवा के राष्ट्रीय उपसंगठक व कबीर सेना के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष आचार्य संतोष शर्मा जी ने जानकारी दी कि चार जनवरी को सुबह ब्रह्मदीक्षा व सत्संग सभा की पूर्णाहुति है।

पांच-छः जनवरी अकलतरा छत्तीसगढ़, आठ से बारह जनवरी- पुरी, और तेरह से बीस जनवरी हैदराबाद में आयोजन है। दिव्य गुप्त विज्ञान और ब्रह्मदीक्षा में हजारों की संख्या में भक्त लाभान्वित हुए और सभी के सहयोग से यह कार्यक्रम सफल हुआ।

विधायक ने भाई-बहिनी बर कॉपी वितरण कार्यक्रम का किया शुभारंभ

राजनांदगांव/नवप्रदेश। डोंगरगढ़ विधायक एवं अध्यक्ष अनुसूचित जाति विकास प्राधिकरण भुनेश्वर बघेल द्वारा ग्राम घुमका, टोलागांव, पांडादाह देवरी और ढारा में भाई-बहिनी बर कॉपी वितरण कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। विधायक ने कहा कि उनका लक्ष्य साक्षर डोंगरगढ़ का निर्माण करना है, इसलिए इस अभियान की शुरुआत किया गया है। पूरे डोंगरगढ़ विधानसभा के सभी हाई स्कूल में कॉपी वितरण किया जाएगा, जिसका आज शुभारंभ किया जा रहा है। छत्तीसगढ़ सरकार लगातार शिक्षा को ऊपर उठाने का काम कर रही है। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से घुमका ब्लॉक अध्यक्ष रतन यादव, मुढ़ीपार ब्लॉक अध्यक्ष कोमल साहू, डोंगरगढ़ ग्रामीण ब्लॉक अध्यक्ष सुरेश सिन्हा, जिला पंचायत सदस्य पुष्पा वर्मा, जनपद सभापति ओमप्रकाश साहू, जनपद सदस्य गीतालाल वर्मा, जिला सचिव नवीन लुनिया, विधायक प्रतिनिधि चंद्रेश वर्मा, घुमका सरपंच फूलमती वर्मा सहित अन्य जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

क्रिकेट समापन में पहुंचे विधायक, सीसी रोड़ का किया भूमिपूजन

राजनांदगांव/नवप्रदेश। इरईकला में क्षेत्रीय डोंगरगढ़ विधायक भुनेश्वर बघेल क्रिकेट समापन में पहुंचे। साथ में 5 लाख के सीसी रोड का भूमि पूजन किया गया। फइनल मैच में इरईकला विरूद्ध उरईडबरी का मैच हुआ जिसमें इरईकला विजयी रहा। टूर्नामेंट में 33 टीम ने भाग लिया। कार्यक्रम में जनपद सभापति ओमप्रकाश साहू, ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष रतन यादव, क्षेत्रीय जनपद डोमार दास साहू, ग्राम के सरपंच तुलसी बाई साहू, प्रेमलाल साहू, उप सरपंच रोहित साहू, रोजगार सहायक नलव दास साहू, क्रिकेट टीम के खिलाड़ी एवं ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

स्वास्थ्य के सुदृढ़ीकरण के लिए लगेंगे स्वास्थ्य मेले

राजनांदगांव/नवप्रदेश। प्रदेश के सभी जिलों के हेल्थ एवं वेलनेस सेंटरों और उप स्वास्थ्य केन्द्रों में 9 जनवरी तक स्वास्थ्य मेला लगाया जाएगा। यह मेले आजादी के अमृत महोत्सव के उपलक्ष्य में आयोजित होंगे। इनमें उच्च रक्तचाप, मधुमेह, मुंह के कैंसर, स्तन कैंसर, सर्वाइकल कैंसर समेत पांच प्रकार की बीमारियों की जांच एवं परामर्श और एनसीडी पोर्टलों एवं अन्य माध्यमों से विशिष्ट स्वास्थ्य आईडी तैयार की जाएगी। साथ ही टेली कंसलटेशन (टेलीपरामर्श) के जरिए लोगों को स्वास्थ्य सुविधाओं की जानकारी एवं परामर्श प्रदान किया जाएगा। संयुक्त संचालक राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन डॉ. एस. पामबोई ने बताया, स्वतंत्रता की 75वीं वर्षगांठ के अवसर पर विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन हो रहा है। संयुक्त सचिव भारत सरकार ने आजादी का अमृत महोत्सव के बैनर तले 3 जनवरी से 9 जनवरी तक आजादी का अमृत महोत्सव सप्ताह मनाने का निर्देश दिया है। स्वास्थ्य के सुदृढ़ीकरण के मद्देनजर प्रदेश में भी कई तरह की गतिविधियां संचालित किए जाने का निर्णय लिया गया है। इसके तहत सभी जिलों को आवश्यक दिशा-निर्देश भी जारी कर दिया गया है।

सावित्री बाई फुले की जीवनी को पाठ्यक्रम में शामिल करना गौरवपूर्ण निर्णय : आशीष

राजनांदगांव/नवप्रदेश। नगर बौद्ध कल्याण समिति जिला राजनांदगांव युवा विंग उपाध्यक्ष आशीष रामटेके ने देश की महान समाज सुधारक सावित्री बाई फुले की फोटो चित्र लगाने एवं उनके व्यक्तित्व को जीवनी के माध्यम से पाठ्यक्रम में शामिल कर जनसमान्य के सामने रखने के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के निर्णय पर हर्ष जताते हुए कहा है कि मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के इस निर्णय से सावित्री बाई फुले के योगदान के साथ आज पूरा पूरा न्याय हुआ है। सीएम भूपेश बघेल राजनांदगांव जिले के गण्डई में राष्ट्रमाता सावित्री बाई फुले जयंती सम्मान समारोह एवं मां भगवती शाकम्भरी पूजा-अर्चना कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए थे। नगर बौद्ध कल्याण समिति जिला राजनांदगांव युवा विंग उपाध्यक्ष आशीष रामटेके ने यह भी कहा कि, मुख्यमंत्री ने सभी प्राथमिक एवं माध्यमिक विद्यालयों में भी सावित्री बाई फुले की फोटो चित्र लगाने का भी अभूतपूर्व निर्णय लिया है। इस निर्णय से शिक्षा जगत से जुड़े हुए विद्वानों और मूलनिवासियों में खुशी की लहर दौड़ गई है। सावित्री बाई फुले देश की प्रथम शिक्षिका मानी जाती है।

सांस्कृतिक कार्यक्रमों से बढ़ता है आपसी प्रेम और समरसता : पुष्पेंद्र चंद्राकर

गुंडरदेही/नवप्रदेश। गुंडरदेही विधानसभा क्षेत्र के ग्राम बोरगहन एवं चिचबोड़ में नववर्ष के उपलक्ष्य में रिकॉर्डिंग डांस एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया था। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जिला पंचायत सदस्य पुष्पेंद्र चंद्राकर उपस्थित हुए। कार्यक्रम के दौरान छोटा बच्चा को गोद में उठाकर उस पर अपना विशेष अनुराग प्रकट किया। लोगों को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि चंद्राकर ने कहा कि वर्तमान समय के भागदौड़ के समय में सांस्कृतिक कार्यक्रम से मन को शांति मिलती है। उन्होंने कहा कि ऐसे कार्यक्रमों से ऊंच-नीच का भेदभाव मिट जाता है। सभी समाज के लोग एक साथ बैठकर आनंद लेते है। जिससे आपसी प्रेम और समरसता बढ़ता है। सांस्कृतिक कार्यक्रम मन को जोड़ने का कार्य करता है। इससे सौहार्द का वातावरण बनता है। कार्यक्रम के दौरान रिकॉर्डिंग गीतों पर रात भर दर्शक झूमते रहे। कार्यक्रम में रात भर श्रोतागण गीतों के सागर में डुबकी लगाते रहे। कार्यक्रम में भारी संख्या में दर्शक पहुंचे थे। इस दौरान ग्राम बोरगहन में अध्यक्षता सरपंच संत चंद्राकर, दया राम सिन्हा सांसद प्रतिनिधि तथा चिचबोड़ में जनपद सदस्य तेज राम साहू सहित भारी संख्या में प्रतिभागी कलाकार व दर्शक उपस्थित रहे।

प्रथम पृष्ठ का शेष...

छात्रों का टीकाकरण...

और कर्मचारी कितने सजग हैं। इसका जीता जागता उदाहरण जिले में देखने को मिला। वेब पोर्टल में ऑनलाइन पंजीयन कराने के बाद जब विद्यालय छात्र संबंधित स्थान सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में टीका लगवाने पहुंचा तो वहां से यह कहकर चलता किया गया कि आप लोगों का टीका स्कूल में लगेगा, वहां गए तो नहीं हो पाया और एकाएक विद्यार्थी के मोबाइल पर प्रथम टीकाकरण हो जाने एवं ड्यूटी टीकाकरण की तारीख की सूचना प्राप्त हुई जिससे विद्यार्थी हक्के-बक्के रह गए। बिना टीका लगवाए कागजों पर ही टीकाकरण हो जाने की घटना से किशोर विद्यार्थियों के टीकाकरण के उत्साह पर पानी फिर गया।

कलेक्टर व जिपं...

टीकाकरण जरूरी है। इस दौरान उन्होंने टीकाकरण कराने वाले छात्रों से मुलाकात की और टीकाकरण से होने वाले फायदों के बारे में जानकारी दी।

28 हजार से ...

तीसरे स्थान पर लोरमी के 7 हजार 729 विद्यार्थियों को टीका लगाया गया। इस अभियान में पथरिया विकास खण्ड में लोरमी विकास खण्ड से बढ़त लेकर दूसरे स्थान पर रहीं। टीकाकरण अभियान में कुछ स्कूलों में अच्छा उत्साह देखा गया।

कोरोना: तीसरी लहर...

उन्होंने ट्वीट कर कहा कि वे घर पर आइसोलेट हो गए हैं और अपने संपर्क में आए लोगों से जांच कराने और खुद को आइसोलेट करने की अपील की. वहीं केंद्रीय भारी उद्योग मंत्री महेंद्र नाथ पांडे भी कोरोना की चपेट में आ गए हैं. पांडे को पिछले दो-तीन दिनों से सर्दी, बुखार और गला खराब था, जिसके बाद उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया था.

फ्रांस में मिला ओमिक्रॉन...

शोधकर्ताओं का कहना है कि इस वैरिएंट के 46 म्यूटेशन हो सकते हैं, जो ओमिक्रॉन के मुकाबले कहीं ज्यादा हैं। इस नए वैरिएंट के कम से कम 12 केस मार्सिलिस में पाए गए हैं। सभी संक्रमित लोग अफ्रीकी देश कैमरून की यात्रा से लौटे थे।

अब पीएचक्यू में ...

अधिकारी शामिल हैं।

बता दें कि ये सभी नए साल पर डीजीपी मुख्यालय के स्टाफको संबोधित करने के लिए एकत्रित हुए थे। 2 जनवरी को संजीव शुक्ला की तबीयत खराब लगी। उन्होंने अपना टेस्ट कराया तो पॉजिटिव आया। इसके बाद विनीत खन्ना, राजेश अग्रवाल और एक महिला आईपीएस ने जांच कराया तो कोरोना की पुष्टि हुई। अधिकारीयों में कोरोना की पुष्टि होने के बाद स्वास्थ्य विभाग ने पीएचक्यू में पदस्थ सभी अधिकारीयों और कर्मचारियों को कोरोना टेस्ट करवाने कहा है। माना जा रहा है कि टेस्ट के बाद पीएचक्यू से और भी लोग पॉजिटिव निकल सकते हैं। हालांकि पॉजिटिव मिले अधिकारीयों को फिलहाल होम आइसोलेट किया गया है। उल्लेखनीय है कि सोमवार को सुकमा जिले के चिंतागुफा कैंप में तैनात 75 जवानों में से 38 जवान कोरोना पॉजिटिव पाए गए थे। जिसके बाद जिले के स्वास्थ्य विभाग के हाँथ पांव फूल गए हैं। अब रायपुर पीएचक्यु में अधिकारीयों के पॉजिटिव होने के बाद हड़कंप मचा हुआ है।

वेल डन यंग इंडिया! टीकाकरण ...

प्रदेश में 15 से 18 वर्ष आयु के बच्चों की संख्या लगभग एक करोड़ 40 लाख है। इस आयु वर्ग के लिए प्रदेश में 2,150 बूथ पर टीकाकरण शुरू हुआ है। उत्तराखंड में पहले दिन करीब 60 हजार किशोरों का टीकाकरण किया गया। राज्य भर में बनाए गए 1300 टीकाकरण बूथों में से 500 पर किशोरों का टीकाकरण किया गया। राज्य में छह लाख 28 हजार के करीब किशोरों का टीकाकरण किया जाना है। इन सभी का टीकाकरण एक सप्ताह में पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है।

गलवान घाटी में ...

भी इस तरह का कदम उठाया था।' 2020 में गलवान घाटी में ही भारत और चीन के सैनिकों के बीच झड़प हो गई थी। इसमें 20 भारतीय सैनिक शहीद हुए थे। इसके अलावा कई मीडिया रिपोर्ट्स में चीन के भी 40 से ज्यादा सैनिकों के मारे जाने की बात सामने आई थी। अब इसी गलवान घाटी में भारतीय सैनिकों की ओर से तिरंगा फहराए जाने को चीन को करारा जवाब माना जा रहा है। गलवान घाटी में दोनों देशों के सैनिकों के बीच झड़प के बाद से स्थिति बदली है। कई राउंड की बातचीत दोनों देशों के बीच हो चुकी है और उसके बाद कई मोर्चों से चीन ने अपने सैनिकों की तैनाती को कम किया है या हटा लिया है।

सीएम के निर्देश : रायपुर...

इसके लिए जहां जरूरी हो वहां धारा 144 तथा महामारी अधिनियम के प्रावधानों के तहत कार्रवाई की जाए।

जांच बढ़ने निर्देश : कलेक्टरों और पुलिस अधीक्षकों को यह भी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं कि प्रदेश के सभी एयरपोर्ट पर आरटीपीसीआर जांच अनिवार्य की जाए। ऐसे व्यक्ति जिन्हें कोविड-19 के दोनो टीके लगाए जा चुके हैं वे यात्रा की तिथि के 72 घंटे की आरटीपीसीआर की नेगेटिव रिपोर्ट प्रस्तुत करें। साथ ही एयरपोर्ट पर आने वाले सभी यात्रियों की आरटीपीसीआर जांच अनिवार्य रूप से की जाए। सभी रेल्वे स्टेशनों और राज्य के सीमावर्ती क्षेत्रों में कोरोना संक्रमण की रेन्डम जांच के निर्देश दिए गए हैं।

मेडिकल उपलब्धता की डेली रिपोर्टिंग के निर्देश: मुख्यमंत्री ने जिला प्रशासन को यह निर्देश भी दिए हैं कि जहां आवश्यक हो, वहां कोरोना संक्रमण को रोकने के लिए माइक्रो या मिनी कंटेनमेंट जोन बनाए जाएं। जहां आवश्यक हो वहां संक्रमितों की पहचान के लिए ट्रेसिंग और ट्रेकिंग की जाए। होम आईसोलेशन वाले संक्रमितों के लिए सप्ताह में सातों दिन 24 घंटे कॉल सेंटर्स को सक्रिय किया जाए। ग्रामीण क्षेत्रों में मितानिनों के माध्यम से संक्रमण की स्थिति पर नजर रखी जाए। उन्होंने जिला प्रशासन को हॉस्पिटल बेड, दवाईयों के स्टॉक, पीएसए प्लांट्स और ऑक्सीजन की उपलब्धता डेली रिपोर्टिंग के निर्देश भी दिए हैं। उन्होंने जिला प्रशासन को यह सुनिश्चित करने के यह भी निर्देश दिए हैं कि कोरोना की पिछली दो लहर के दौरान सभी शासकीय और निजी अस्पतालों में बिस्तरों की उपलब्धता की जानकारी रियल टाईम में ऑनलाईन उपलब्ध कराई जाए। मुख्यमंत्री ने एनजीओ और निजी संगठनों को कोरोना नियंत्रण के उपायों के लिए सहयोग और आवश्यक सामाग्रियों के दान हेतु प्रोत्साहित किया जाए।

आम लोगों पर बरती जाये सख्ती : मुख्यमंत्री ने सार्वजनिक स्थानों, भीड़-भाड़ वाले बाजारों और दुकानों में संक्रमण से बचाव के लिए मास्क के उपयोग को सख्ती से लागू करने के निर्देश जिला प्रशासन को दिए हैं। ऐसे लोग जो मास्क नहीं लगाते हैं उनका पुलिस और नगर निगम के स्टाफ के माध्यम से सख्ती से चालान किया जाए। मुख्यमंत्री ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से बैठकें आयोजित करने तथा शासकीय अधिकारियों, कर्मचारियों को जब तक बहुत जरूरी न हो हवाई यात्रा या रेल से यात्रा नहीं करने को कहा है।

ये हैं सीएम के निर्देश

कोविड-19 संक्रमण की रोकथाम के लिए सभी कलेक्टर और पुलिस अधीक्षक हर सम्भव उपाय करें

सभी जिलों में जुलूस, रैलियों, पब्लिक गैदरिंग, सामाजिक, सांस्कृतिक, धार्मिक और खेल आयोजनों पर लगाई जाए रोक

चार प्रतिशत या अधिक पॉजिटिव रेट वाले जिलों में सभी स्कूलों, आंगनबाड़ी केन्द्रों, पुस्तकालयों, स्वीमिंग पूल और सार्वजनिक स्थानों को बंद रखा जाए

रात्रि 10 बजे से सुबह 6 बजे तक रात्रिकालीन क्लैम्प डाउन लगाएं

सार्वजनिक स्थानों, भीड़-भाड़ वाले बाजारों और दुकानों में संक्रमण से बचाव के लिए मास्क के उपयोग को सख्ती से लागू करें

सभी एयरपोर्ट पर आरटीपीसीआर जांच अनिवार्य की जाए

सभी रेल्वे स्टेशनों और राज्य के सीमावर्ती क्षेत्रों में कोरोना संक्रमण की रेन्डम टेस्टिंग के निर्देश

आवश्यतानुसार माइक्रो और मिनी कंटेनमेन्ट जोन बनाएं

होम आईसोलेशन वाले मरीजों के लिए सप्ताह में सातों दिन 24 घंटे कॉल सेंटर्स संचालित हों

कोविड-19 संक्रमण के नियंत्रण के लिए निजी डॉक्टरों, निजी अस्पतालों, एनजीओ, मीडिया प्रतिनिधियों के साथ आयोजित की जाएं बैठकें

हॉस्पिटल बेड, दवाईयों के स्टॉक, पीएसए प्लांट्स और ऑक्सीजन की उपलब्धता की डेली रिपोर्टिंग के निर्देश

चार प्रतिशत या अधिक पॉजिटिव रेट वाले स्थानों में मॉल, सिनेमा, स्वीमिंग पूल, मेरिज पैलेस, होटल, रेस्टोरेंट, ऑडिटोरियम पर प्रतिबंध लगाने और अन्य जिलों में एक तिहाई क्षमता से संचालित करने के निर्देश

रायपुर में नाइट ...

आंगनबाड़ी केन्द्रों, पुस्तकालयों, स्वीमिंग पूल और ऐसे सार्वजनिक स्थानों को बंद रखा जाए। ऐसे जिले जहां बीते 7 दिनों में कोरोना पॉजिटिविटी रेट 4 फीसदी से कम है, वहां कलेक्टर अन्य जिलो के प्रावधान लागू कर सकेंगे।

बीते 24 घंटे में सबसे ज्यादा रायपुर जिले में 222 संक्रमित मिलने के बाद जिले का पाजिटिविटी दर 7 प्रतिशत के करीब पहुँच गया है। प्रशासन में हड़कंप मचा हुआ है। रायपुर के बाद बिलासपुर में 133 और रायगढ़ में 103 मरीजों की पुष्टि की गई है। ऐसे में रायपुर लॉक डाउन की ओर बढ़ता नजर आ रहा है।

गैदरिंग पर...

के साथ बैठकें आयोजित की जाएं। कोरोना संक्रमण नियंत्रण के उपायों का स्थानीय प्रचार माध्यमों में प्रचार-प्रसार सुनिश्चित किया जाए और नकारात्मक तथा असत्य खबरों पर सख्ती से रोक लगाई जाए। कलेक्टर और पुलिस अधीक्षक, चैम्बर ऑफकामर्स के प्रतिनिधियों, मॉल के मालिकों, थोक विक्रेताओं, जिम, सिनेमा और थिएटर के मालिकों, होटल-रेस्टोरेंट, स्वीमिंग पूल, ऑडिटोरियम, मेरिज पैलेस, इवेंट मैनेजमेंट समूहों के साथ बैठक करके यह सुनिश्चित करें कि इन स्थानों में क्षमता के केवल एक तिहाई लोगों को प्रवेश दिया जाए। ऐसे जिलों में जहां पॉजिटिव रेट 4 प्रतिशत से अधिक है, वहां इनकी गतिविधियों पर रोक लगाई जाए।

न्यायालय नजूल अधिकारी, जिला कबीरधाम (छ.ग.)

ईश्तहार

रा.प्र.क्र. ई.पंजी 20111082200041
अ 20 (1)/2021-22

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक बद्रीप्रसाद गुप्ता आ. चंदूलाल गुप्ता साकिन कवर्धा जिला कबीरधाम द्वारा नगर नजूल अभिलेख में जांच रजिस्टर वर्ष 74-75 में धारक नजूल सरकार छ.ग. शासन साकिन कवर्धा के नाम पर दर्ज है।

आवेदक बद्रीप्रसाद गुप्ता आ. चंदूलाल गुप्ता साकिन कवर्धा जिला कबीरधाम द्वारा शीट क्र. 17 भूखंड क्रमांक 63 क्षेत्रफल 15.00 वर्गमीटर भूखंड को अपंजीकृत सहमति इकरारनामा दिनांक 24.09.2004 के द्वारा कृष्ण कुमार गुप्ता पिता स्व. नानुकराम एवं अन्य से क्रय हक से प्राप्त कर निर्धारण किए जाने हेतु आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है। अतः इस निर्धारण के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को उजर अथवा आपत्ति हो वे इस न्यायालय मे दिनांक 24/01/2022 तक स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से आपत्ति पेश कर सकते हैं। अतः आज दिनांक 24/12/2021 को इस न्यायालय के पदमुद्रा एवं हस्ताक्षर से जारी किया गया है।

जारी दिनांक 24/12/2021
पेशी दिनांक 24/01/2022

सील — नजूल जांच अधिकारी, कबीरधाम

कार्यालय सेनानी 4थी वाहिनी छसबल माना, रायपुर छ.ग.

क्र.-4थी वाहिनी/छसबल/माना/सा.अ./M-3824/ 2021 — दिनांक 31.12.2021

पुनः निविदा विज्ञप्ति

पुराना पुलिस मुख्यालय रायपुर स्थित भारतीय वायुसेना के उपयोग हेतु संचालित नक्सल विरोधी अभियान कार्यालय में नीचे दर्शाए अनुसार विद्युतीकरण कार्य हेतु सक्षम श्रेणी में पंजीकृत एवं पात्र ठेकेदारों से 02 लिफाफा पद्धति में मोहरबंद निविदाएं आमंत्रित की जाती है।

क्र.	कार्य विवरण	राशि रु.	धरोहर राशि
1-	PDB PANEL WITH REQUIRE EXTERNAL COPPER FLEXY WIRE FOR COMMISSIONING	1,09,740.00	3300.00
2-	PANEL INSTALLATION CHARGES		
	योग :-	1,09,740.00	

निविदा फार्म का मूल्य - रु. 300.00 प्रति फार्म।
निविदा प्रपत्र विक्रय की अंतिम तिथि - 08.01.2022 को समय 17:00 बजे तक।
निविदा प्रपत्र जमा करने की अंतिम तिथि - 14.01.2022 को समय 15:00 बजे तक।
निविदा खोलने की तिथि - 14.01.2022 को समय 16:00 बजे तक।

नोट :- उपरोक्तनुसार कार्य हेतु निविदा की नियम एवं शर्तें टेण्डर फार्म के साथ कार्यालयीन समय में कार्यालय सेनानी 4थी वाहिनी छसबल, माना से प्राप्त किए जा सकते हैं।

टीप :- आदर्श चुनाव आचार संहिता लागू होने के कारण संयुक्त कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी, (स्थानीय निर्वाचन) द्वारा अनुमति ली गई है।

जी-66463/1 — सेनानी, 4थी वाहिनी छसबल, माना, रायपुर (छ.ग.)

CHHATTISGARH STATE POWER GENERATION COMPANY LIMITED
OFFICE OF THE CHIEF ENGINEER (S&P-Gen) 5th Floor, Vidyut Sewa Bhawan, Dangania, Raipur- Pin 492013
Phone : 0771-2574451/ /61 Fax : 0771-2574458; e-mail : cesnp.cspgcl@cspc.co.in
web site : www.cspc.co.in GSTN of CSPGCL:- 22AADCC5772F1ZW
No. 03-03/ TN-362/ 21/3621 — Raipur Dtd 03/01/2022

E-TENDER NOTICE NO. TN- 362/21

Online bids are invited by the undersigned through CSPCL e-bidding system (SAP SRM) from Experienced & reputed contractors for the work as mentioned below for HTPS, Korba (West):-

S. N.	Tender Specification No.	Particulars	Last date & time of bid submission	Bid opening date (EMD, Techno Comml Bid)	E.M.D. Rs.	Tender Cost Rs
01	03-03/ EW-450/21 RFx No. 8100024204 (With RLA)	Complete Operation & Maintenance of Ash Handling Plant, 1x500 MW, HTPS, CSPGCL, Korba (West)	21.01.2022 up to 15:00 Hrs	22.01.2022 up to 15.30 Hrs	2,71,500/-	1180/- (1000/- +GST @18%)

For more details, please visit our website at:- http://www.cspc.co.in/cspgcl/ Any amendment/ corrigendum, if required, will be displayed on our website only.
"SAVE ELECTRICITY" S.- 31026/1 — Chief Engineer (S&P: Gen) CSPGCL :Raipur

केन्द्रीय भण्डारण निगम
(भारत सरकार का उपक्रम)
क्षेत्रीय कार्यालय भोपाल
75, अरेरा हिल्स, केन्द्रीय विद्यालय नं.-1 के सामने, भोपाल-462011
दूरभाष: 0755-2571275, 2675311 (D), ई-मेल: rmbpl@cewacor.nic.in
क्र.केभनि/क्षेका-भोपाल/एच.एंड.टी./बिलासपुर/2021-22 — दिनांक: 05.01.2022

ई-निविदा सूचना

केंद्रीय भंडारण निगम, क्षेत्रीय कार्यालय, भोपाल के अधीनस्थ एवं छत्तीसगढ़ क्षेत्र के अंतर्गत केंद्रीय भंडारगृह-बिलासपुर-I.B में विभिन्न जमाकर्ताओं द्वारा जमा स्टॉक के हथालन एवं परिवहन सेवाओं हेतु adhoc आधार पर हथालन एवं परिवहन ठेकेदार की नियुक्ति के लिए व्यावसायिक रूप से सक्षम एवं वित्तीय रूप से सुदृढ़ पक्षकारों से ऑनलाइन ई-निविदा आमंत्रित करता है। विस्तृत विवरण निगम की वेबसाइट www.cewacor.nic.in, www.cwceprocure.com, www.tenderhome.com व www.cppp.gov.in पर देखे एवं डाउनलोड किए जा सकते हैं।
क्षेत्रीय प्रबंधक

कार्यालय नगर पालिका परिषद आरंग, जिला-रायपुर (छ.ग.)
anagarpalika3@gmail.com
राजस्व प्रकरण क्र. 63
ग्राम/शहर आरंग

ईश्तहार-सूचना

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्रीमती मुन्नी बाई पति स्व. नीलमणी कंसारी जाति कसेर साकिन ग्राम आरंग द्वारा भूमि/भवन को विक्रेता श्रीमती निर्मला शुक्ला पति श्री जदुनंदन लाल साकिन आरंग से क्रय/मृत्यु पश्चात निम्न दस्तावेज प्रस्तुत कर निकाय आरंग में आवेदन प्रस्तुत किय गया है।

उक्त भवन क्र. 74 का भाग / भूमि खसरा नं. 3378/1 रकबा 748 वर्गफुट के भाग को लेकर पालिका के कर अभिलेख में दर्ज किए जाने की मांग किया गया है।

उपरोक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को कोई दावा/आपत्ति हो तो वह ईश्तहार/विज्ञापन प्रकाशन से 30 दिवस के अंदर मय दस्तावेज के साथ इस कार्यालय में उपस्थित होकर अपना दावा-आपत्ति पेश कर सकते हैं। नियत अवधि के बाद प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 24/12/2021 को मेरे हस्ताक्षर एवं सील मोहर लगाकर जारी किया जाता है।

सील — मुख्य नगर पालिका अधिकारी, नगर पालिका परिषद आरंग

कार्यालय नगर पालिका परिषद आरंग, जिला-रायपुर (छ.ग.)
anagarpalika3@gmail.com
राजस्व प्रकरण क्र. 71
ग्राम/शहर आरंग

ईश्तहार-सूचना

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्रीमती शकुंतला चंद्राकर पति स्व. बलदाऊ चंद्राकर जाति कुर्मी साकि आरंग द्वारा भूमि/भवन को विक्रेता स्व. बलदाऊ प्रसाद चंद्राकर पिता स्व. देवशरण चंद्राकर साकिन आरंग से क्रय/मृत्यु पश्चात निम्न दस्तावेज प्रस्तुत कर निकाय आरंग में आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

उक्त भवन क्र. 116 / भूमि खसरा नं. रकबा को लेकर पालिका के कर अभिलेख में दर्ज किए जाने की मांग किया गया है।

उपरोक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को कोई दावा/आपत्ति हो तो वह ईश्तहार/विज्ञापन प्रकाशन से 30 दिवस के अंदर मय दस्तावेज के साथ इस कार्यालय में उपस्थित होकर अपना दावा-आपत्ति पेश कर सकते हैं। नियत अवधि के बाद प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 24/12/2021 को मेरे हस्ताक्षर एवं सील मोहर लगाकर जारी किया जाता है।

सील — मुख्य नगर पालिका अधिकारी, नगर पालिका परिषद आरंग

न्यायालय तहसीलदार आरंग के न्यायालय में मामला क्रमांक 202112112500098
विषय-अ-6 मामले की श्रेणी- राजस्व सन् 2020-21
आरंग प.ह.नं. 00054 (हे.)
पक्षकारों का विवरण-
आवेदक पक्षकार - श्रीमती अनुसूया चंद्राकर
अनावेदक पक्षकार - प्राधिकृत अधिकारी कृते कार्यपालन अभियंता छ.ग. गृह निर्माण मंडल भाग 3 रायपुर

ईश्तहार

प.ह.नं. 54 ग्राम आरंग तहसील आरंग जिला रायपुर छ.ग.

एतद् द्वारा सर्वसाधारण एवं ग्रामवासियों को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्रीमती अनुसूया चंद्राकर पति उपेन्द्र कुमार चंद्राकर जाति कुर्मी निवासी इतवारी बाजार बीरगांव, रायपुर तहसील व जिला रायपुर छ.ग. द्वारा आवेदन प्रस्तुत कर ग्राम आरंग प.ह.नं. 54 रा.नि.मं. व तहसील आरंग जिला रायपुर छ.ग. जो गृह निर्माण मण्डल दीनदयाल आवास योजना एलआईजी अकोली रोड आरंग के अंतर्गत आबंटित शुदा मकान जो अकोली रोड खसरा नं. 3786/1क, 3786/1ख एवं 3786/3 का भाग रकबा 83.62 वर्गमीटर अर्थात 899.75 वर्गफुट भूतल पर निर्मित भवन/भूखंड क्रमांक 212 में निर्मित पक्का मकान जिसके चतुरसीमा के तहत उत्तर दिशा में रास्ता, दक्षिण दिशा में एलआईजी 221, पूर्व दिशा में एलआईजी 221, पश्चिम दिशा में एलआईजी 213 के मध्य उक्त मकान मौके पर स्थित है। उपरोक्त मकान को आवेदिका ने एक पंजीकृत बैनामा के माध्यम से श्रीमान उपपंजीयक रायपुर छ.ग. के समक्ष दिनांक 03.02.2017 को क्रय करते हुए पंजीयन एवं मुद्रांक विभाग के पंजीयन प्रमाण पत्र में अंकित पुस्त क्रमांक। ग्रंथ क्रमांक 72794 में पृष्ठ 273 से 300 पर विलेख क्रमांक 7116 में पंजीकृत कर दो गवाहों के समक्ष निष्पादित की गई। उक्त पंजीकृत बैनामा के आधार पर आवेदिका उक्त भूमि को अपने नाम पर नामांतरण किए जाने का निवेदन किया है।

अतएव उक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को दावा/आपत्ति हो तो स्वयं उपस्थित होकर या अपने अभिभाषक के माध्यम से न्यायालयीन समय में उपस्थित होकर इस न्यायालय में दिनांक 12/01/2022 तक प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत अवदि के बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पद मुद्रा से आज दिनांक 24/12/2021 को जारी किया जाता हैं।

सील — तहसीलदार, आरंग

कार्यालय कार्यपालन अभियंता, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड बलरामपुर जिला बलरामपुर (छ.ग.)

निविदा आमंत्रण सूचना

एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित कार्य हेतु ऑनलाईन (Online) निविदा आमंत्रित की जाती है :- कार्य का नाम :- कार्य का नाम RETROFITTING/SVS OF PIPED WATER SUPPLY SCHEME under Jal Jeevan Mission as per NIT निविदा डाउनलोड करने की अंतिम तिथि **15.01.2022**

स. क्र.	सिस्टम क्रमांक	निविदा सूचना क्र./ दिनांक	ग्राम का नाम	अनुमानित लागत
1	89693	59/28.12.2021	MAJHUAULI-BHAWANIPUR	61.78

उपरोक्त कार्य की निविदा की सामान्य शर्तें, धरोहर राशि विस्तृत निविदा विज्ञप्ति दस्तावेज व अन्य जानकारी ई-प्रोक्योरमेंट वेब पोर्टल http://eproc.cgstate.gov.in से डाउनलोड की जा सकती है।

जी-66482/5 — कार्यपालन अभियंता, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड, बलरामपुर (छ.ग.)

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक व संपादक यशवंत धोटे* द्वारा बंसल स्कूल कैम्पस, अशोक विहार कॉलोनी, पण्डरी से मुद्रित कर ब्रिस्टल चौक छोटापारा रायपुर से प्रकाशित, प्रबंध संपादक - चन्द्रशेखर धोटे
फोन व फैक्स : 0771-4035602, डाक पंजीयन क्रमांक सी.जी./आर.वाई.पी. डीएन/40/2019-2021

अन्नपूर्णा समूह चुरा रही अन्न, महामाया निकली महाठगनी : प्रज्ञा

बेमेतरा/नवप्रदेश। जिला पंचायत सदस्य प्रज्ञा निर्वाणी ग्राम पंचायत नवागांव खुडमुड़ी के स्कूलों और आंगनबाड़ी केन्द्रों का सरपंच नीलेश वैष्णव के साथ निरीक्षण करने पहुंची। इस दौरान उन्होंने पाया कि नवागांव के शासकीय प्राथमिक शाला में स्कूली बच्चों को दिए जाने वाले मध्यान भोजन से आचार व पापड़ गायब था। सरकार ने सोमवार से लेकर शनिवार तक के लिए मेन्यू निर्धारित किया है जिसकी खुलकर धज्जियां उड़ाई जा रही हैं। अन्नपूर्णा स्व सहायता समूह द्वारा चलाये जाने वाले मध्यान भोजन के थाली से आचार, पापड़ की चोरी चल रही, खुड़मुड़ी के महामाया स्व सहायता समूह ने आंगनबाड़ी में आने वाले बच्चों को गुड़, चना, रोटी, चावल व सब्जी, अंडा देने की बजाय सिर्फ छौके भात खिलाकर अपने कर्तव्यों का निर्वहन कर लिया जा रहा है। जिला पंचायत सदस्य प्रज्ञा निर्वाणी ने नाराजगी जाहिर करते हुए कहा कि हम निरीक्षण के लिए जाते हैं, अपनी रिपोर्ट से संबंधित अधिकारियों को अवगत कराते है, चोरी करने वाले समूहों को बर्खास्त करने की अनुसंशा करते है ताकि व्यवस्था में सुधार हो, सेवा की भावना के बजाय मेवा की भावना से काम चल रहा है। नवगांव में प्रधान पाठक ने हस्ताक्षर कर दिया कि मध्यान भोजन में आचार, पापड़ की कमियां पाई गई, स्कूल निरीक्षण के दौरान छात्र छात्राओं ने टायलेट की गंदगी की समस्या को दिखाते हुए कहा कि यहां जाने से अच्छा है खेत खलिहान में जाना, बदबु और गंदगी इतनी है कि बारिश में कक्षाओं तक

टॉयलेट की बदबू आ जाती है, छात्रों ने बताया कि टॉयलेट की सफाई सिर्फ 26 जनवरी व 15 अगस्त को होती है। ग्राम नवागांव में जांच के दौरान 5 में से सिर्फ एक शिक्षक मिले जो हेड मास्टर भी है और पूरी स्कूल के बच्चों को और चारो कक्षाओं को अकेले ही सम्हाल रहे थे। जिला पंचायत सदस्य प्रज्ञा निर्वाणी ने ब्लाक शिक्षा अधिकारी को स्कूल की अव्यवस्था और मध्यान भोजन में हो रही लूट पर कार्यवाही करने की मांग की है। उन्होंने अन्नपूर्णा समूह और महामाया समूह को तत्तकाल हटाने की सिफारिश की है।

छात्रों ने पेड़ का नाम बताया गुरूघासीदास

बच्चे ही बच्चों को पढ़ाते हुए दिखे, एक पांचवी कक्षा की बच्ची ने कक्षा में जिला पंचायत सदस्य प्रज्ञा निर्वाणी का प्रश्न का उत्तर देते हुए कहा कि वृक्षों की पूजा करते हैं। जब बच्ची से वृक्ष का नाम पूछा गया तो उसने वृक्ष का नाम घासीदास बाबा बताया। यहां चार साल से एक शिक्षिका नवागांव में पदस्थ होने के बावजूद एक दिन भी नहीं आई हैं।

दो शिक्षक के सहारे चल रहा स्कूल

पूर्व माध्यमिक शाला खुडमुड़ी के प्रभारी प्रधान पाठक महेंद्र वर्मा ने अपनी व्यथा बताते हुए कहा कि इस स्कूल में पांच साल से पूर्णकालिक प्रधान अध्यापक नहीं है। एक कक्षा की निर्धारित संख्या 40 होने के बावजूद छठवी में 75, सातवीं में 56 और आठवी में 73 छात्रों को बैठाकर पढ़ा रहे हैं। यहां सोशल डिस्टेंसिंग नहीं सोशल अडजेस्टिन्ग से काम चल रहा है। 204 दर्ज संख्या पर मात्र 2 शिक्षक के सहारे स्कूल चल रहा है।

न्यूज गैलरी

युवक ने अज्ञात कारणों से लगाई फांसी, जांच में जुटी पुलिस

खरोरा/नवप्रदेश। एक युवक ने अज्ञात कारणों से पेड़ में फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली। घटना खरोरा थाना क्षेत्र की है। पुलिस मर्ग कायम कर मामले की जांच कर रही है। ग्राम बेल्दार सिवनी निवासी अजय वर्मा पिता हरिशंकर वर्मा मंगलवार को अपने घर के पीछे खेत के पेड़ में गमछे का फंदा बनाकर खुदकुशी कर ली। मृतक के माता पिता काम करने गए थे। युवक घर में अकेला था। लोगों की नजर फांसी पर लटक रही लाश पर पड़ी तो तत्काल सूचना पुलिस को दी। घटना स्थल पहुंच कर पुलिस लाश को नीचे उतारा और पंचनामा कार्रवाई कर पीएम के लिए शव अस्पताल भिजवाया। बहरहाल पुलिस मर्ग कायम कर मामले की जांच कर रही।

आगामी आदेश तक जन चौपाल स्थगित

भाटापारा/नवप्रदेश। कोविड संक्रमण के बढ़ते प्रभाव एवं राज्य सरकार के नये निर्देश के आधार पर कलेक्टर सुनील जैन ने अगले सप्ताह से जन चौपाल को आगामी आदेश पर्यन्त तक स्थगित कर दिया है। अब आवेदक अपना आवेदन सीधा आवक जावक अथवा शिकायत बॉक्स में जमा कर सकते हैं। इसके साथ ही कार्यालय आने पर कोविड नियमों का अनुपालन करना अनिवार्य है। गौरतलब है कि प्रति मंगलवार को आम जनता की शिकायतों के निराकरण हेतु दोहपर 1 बजे से लेकर 3 बजे तक जनचौपाल का आयोजन किया जाता था।

आज कलेक्टर वीसी में चेम्बर सहित अन्य व्यापारियों से करेंगे चर्चा

भाटापारा/नवप्रदेश। कोरोना के नए वेरियंट के संक्रमण पर नियंत्रण एवं उसके रोकथाम के लिए आज कलेक्टर सुनील जैन वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से दोपहर 12.50 बजे चेम्बर आफ कामर्स के पदाधिकारियों सहित अन्य व्यापारियों से चर्चा करेंगे। एसडीएम लवीना पांडेय ने नगर के माल ओनर, सिनेफ्लेक्स, बिग बाजार, विशाल मार्ट, राइस, दाल, पोहा यूनियन, टेंट हाउस, मैरिज हाल ऑनर, इवेंट मैनेजर, होटल, रेस्टारेंट इत्यादि लोगों से जनपद कार्यालय स्थित वीडियो कांफ्रेंसिंग हाल में दोपहर पूर्व पहुंच कर कलेक्टर की वीडियो चर्चा में अनिवार्य रूप से भाग लेने की अपील की है।

कोविड से बचने कलेक्टर ने की एहतियात बरतने की अपील

बेमेतरा/नवप्रदेश। वैश्विक महामारी कोरोना से गत वर्ष अप्रैल व मई माह में कोविड महामारी की भयावतः हम सबने देखी है। इस दौरान बहुत से परिवारों ने कोविड की वजह से अपने प्रियजनों को खोया है। कही बच्चों के सिर से परिजनों का साया छिन गया, तो कहीं परिजनों के घर की किलकारी छीन गई। अब समय समझदारी दिखाने का है। हमें कोविड से बचाव के लिए कोविड टीका का दोनों डोज लगवाना जरूरी है। 18 वर्ष या अधिक आयु वर्ग के बाद अब शासन द्वारा 15 से लेकर 18 से कम के सभी आयु वर्ग के लोगों के लिए टीका करण शुरू कर दिया गया है। अतः अपने बच्चों व समाज की सुरक्षा के लिए अपनी जिम्मेदारी निभाते हुए, कोविड गाइड लाइन के पालन के साथ-साथ कोविड टीकाकरण अवश्य कराएं व इस अभियान को सफल बनाएं। आप सभी जागरूक जनों से अपील है कि भ्रम से बचें और सभी को बचाएं। नए वैरिएंट ओमिक्रोन का प्रकोप फिर से बढ़ रहा है अतः घर से बाहर निकलने पर मास्क अवश्य लगाएं, सोशल डिस्टेंसिंग का पालन करें व बार-बार प्रॉपर हैंड वाश करें यह सम्भव ना हो तो हैंड सेनेटाइजर का उपयोग अवश्य करें। बेमेतरा जिले के समस्त सार्वजनिक स्थलों पर मास्क की अनिवार्यता को बढ़ावा दिया जा रहा है। जो कोई भी सार्वजनिक स्थलों पर बिना मास्क के नजर आएगा उसे समझाईश दी जायेगी। अतः आप सभी से अपील है कि मास्क अवश्य लगाएं व कोविड से बचाव में मदद करें।

केसला में रासेयो का सात दिवसीय विशेष शिविर का किया गया आयोजन

खरोरा/नवप्रदेश। स्व. रामप्रसाद देवांगन शासकीय महाविद्यालय, खरोरा के राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा ग्राम केसला में सात दिवसीय विशेष शिविर का आयोजन किया गया। वाग्देवी माँ सरस्वती, रासेयो प्रतीक पुरूष स्वामी विवेकानंद, राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की प्रतिमा पर माल्यार्पण और दीप प्रज्वलन से शिविर का शुभारंभ हुआ। मुख्य अतिथि विनोद देवांगन द्वारा ध्वजारोहण किया गया। स्वयं सेवकों द्वारा राष्ट्रगान, छत्तीसगढ़ राजगीत, रासेयो लक्ष्यगीत के माध्यम से ध्वजवंदन किया गया। मंचस्थ मुख्य अतिथि विनोद देवांगन, कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे वरिष्ठ प्राध्यापक आरके साहू, पत्रकार नीलेश गोयल, पूर्व माध्यमिक शाला के प्रधान पाठक

सीबी धुरंधर, प्राथमिक शाला के प्रधानपाठक सुश्री पवारा नरवस, प्रोफेसर जेपी खटकर, प्रोफेसर हिमांशु ध्रुव एवं रासेयो कार्यक्रम अधिकारी डॉ बाल्मीकि साहू के साथ पंचायत परिवार के सदस्यगण, स्वयं सेवक, मिडिल, प्रायमरी स्कूल के बच्चे उपस्थित थे। मुख्य अतिथि ने शिक्षा के महत्व पर प्रकाश डाला और अपने समुदाय के लोगों का सहयोग करने का आह्वान किया। पत्रकार नीलेश गोयल ने स्वयं सेवकों को समाज से जुड़कर लोगों में चेतना लाने के साथ शिविर के माध्यम से व्यक्तित्व निर्माण करने आह्वान किया। आरके साहू ने रासेयो के इतिहास पर प्रकाश डालते हुए समाज के नवयुवकों, आमजनों को साथ लेकर स्वच्छता, सिंगल यूज प्लास्टिक, नशा मुक्ति, प्रदूषण, वैकशीनेशन, पौधारोपण, जल संरक्षण हेतु जागरूक करने अपील की।

मुरा में हुई मां गायत्री की स्थापना और प्राण प्रतिष्ठा

खरोरा/नवप्रदेश। मुरा में नवनिर्मित गायत्री ज्ञान मंदिर की स्थापना अखिल विश्व गायत्री परिवार हरिद्वार देव संस्कृति विश्वविद्यालय के प्रति कुलपति चिन्मय पंड्या के हाथों हुई। सोमवार की सुबह चिन्मय पंड्या मुरा पहुंचकर मां गायत्री की प्राण प्रतिष्ठा में शामिल हुए। इस दौरान शो पीस आरती की थाल सजाकर आरती की गई। वहीं नव कुंडी यज्ञ हवन में कोरोना से मृत आत्माओं की शांति के लिए आहुतियां दी गई। गायत्री ज्ञान मंदिर मुरा पहुंचे देव संस्कृति विश्वविद्यालय के प्रति कुलपति और युवाओं के प्रेरणा स्त्रोत चिन्मय पंड्या ने गायत्री परिजनों को कहा कि मां गायत्री सभी वेदों की जननी है जितने भी वेद पुराण और शास्त्र आज जो हम पढ़ते हैं हमारे आने वाली पीढ़ी जो पड़ रही है, वह मां गायत्री की देन है। ऐसे में हमें मां गायत्री की आराधना प्रतिदिन करनी चाहिए। उन्होंने यह भी कहा कि सभी वेद पुराण शास्त्र दो मां गायत्री में समाया हुआ है। ऐसे में हम रोज सुबह उठकर

मां गायत्री का ध्यान करें बच्चों में संस्कार देनी है तो मां गायत्री की पूजा अर्चना और मंत्र जाप सभी को कराना चाहिए। मुरा में गायत्री ज्ञान मंदिर को बनाने वाले सदाशिव हथमल को बधाई देते हुए उन्होंने कहा कि अपने सरकारी नौकरी से रिटायर होने के बाद हथमल लगातार गायत्री शक्तिपीठ समता कॉलोनी रायपुर के ट्रस्टी है और मां गायत्री की सेवा भाव में निस्वार्थ लगे हुए हैं उनके इस भाव की जितनी सराहना की जाए कम है। मां गायत्री की कृपा से आज इस उम्र में भी बाबूजी का सोच और विचार स्वच्छ और निर्मल है और जिनकी सोच और विचार लगातार जारी है वह कभी वृद्ध नहीं हो सकते।

अभ्युदय ने किया कोविड-19 टीकाकरण का आगाज

कवर्धा/नवप्रदेश। भारत सरकार के स्वास्थ्य मंत्रालय एवं मुख्य

चिकित्सा स्वास्थ्य अधिकारी कवर्धा के दिशा निर्देशानुसार नगर के प्रतिष्ठित शिक्षण संस्थान अभ्युदय स्कूल में मंगलवार को 15 से 18 वर्ष के छात्रों को कोविड 19 की तीसरी लहर व ओमिक्रोन से सुरक्षित रखने हेतु को वैक्सीन का टीका लगाया गया। स्वास्थ्य विभाग की टीम मंगलवार प्रातः 10 बजे अभ्युदय स्कूल पहुंची। टीकाकरण हेतु विद्यालय द्वारा एक दिन पूर्व ही पालकों से उक्त विषय के तारतम्य में सहमति ली जा चुकी थी। टीकाकरण को लेकर छात्रों में विशेष उत्साह देखने को मिला।

बाबा गुरु घासीदास के संदेश आज भी प्रासंगिक : वासनिक

राजनांदगांव/नवप्रदेश। खैरागढ़ विकासखंड व डोंगरगढ़ विधानसभा क्षेत्र के ग्राम पंचायत झीकादाह में परम पूज्य गुरु घासीदास बाबा की जयंती समारोह पूर्वक मनाई गई। कार्यक्रम का शुभारंभ राजगामी संपदा न्यास के अध्यक्ष विवेक वासनिक ने बाबा जी के चित्र पर माल्यार्पण व पूजन अर्चना कर किया।

विशिष्ट अतिथि के रूप में युवा कांग्रेस की प्रदेश सचिव हिमानी वासनिक भी मंचस्थ थीं। इस अवसर पर कार्यक्रम को संबोधित करते हुए श्री वासनिक ने ग्रामीणों से कहा कि बाबा जी के बताएं रास्ते पर चलकर ही हम एक दूसरे को जोड़ सकते हैं उनके बताए संदेश मनखे-मनखे एक समान को सरकार भली-भांति चरितार्थ कर रही है। गांव की योजनाओं जिनमें नरवा, घुरुवा, गरवा, बाड़ी जो मूल रूप से ग्रामीण अर्थव्यवस्था का केंद्र बन रही है, इसे लेकर ही राज्य सरकार कार्य कर रही है, जहां कृषकों की आय बढ़ाने के लिए सरकार में आते ही मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने 2500 रूपये प्रति क्विंटल धान का मूल्य किया, वहीं आधे दाम में बिजली देकर लोगों की समस्याएं दूर की है। इसके अलावा पूरे देश में गोबर खरीदी सिर्फ छत्तीसगढ़ राज्य में हो रही है। गौ-माता को राष्ट्र माता के रूप में छत्तीसगढ़ सरकार ने ही प्रतिपादित किया है, यदि गाय के गोबर व गोमूत्र से हमने अपने खेतों को सींचा तो वह दिन दूर नहीं जब कीटनाशक व दूषित भोजन से हमें मुक्ति ही नहीं मिलेगी, बल्कि इससे समृद्धि भी हासिल होगी, इसलिए जरूरत है सरकार की नरवा, गरवा, घुरवा, बाड़ी योजना से जुड़ कर अपने आपको समृद्ध बनाने की। उन्होंने कहा कि बाबा जी ने ऊंच-नीच के भेदभाव को मिटाने का संदेश दिया था कि सभी मनुष्य एक समान है, सरकार ने यह चरितार्थ कर दिखाया है। गांव की अर्थव्यवस्था मजबूत होगी तो हमारा प्रदेश भी समृद्ध होगा।

दिल्ली वर्ल्ड पब्लिक स्कूल के 40 बच्चों ने लगवाया टीका

भाटापारा/नवप्रदेश। खमरिया भाटापारा स्थित 'दिल्ली वर्ल्ड पब्लिक सीनियर सेकेंडरी स्कूल' में मंगलवार को 15 से 18 वर्ष के बच्चों को, को-वैक्सीन का टीका लगाया गया।

इसके लिए विद्यालय में प्रशिक्षित एवं अनुभवी चिकित्सकों के दल ने व्यवस्थित एक शिविर में विद्यार्थियों के आईडी के आधार पर आयु निर्धारित करके टीकाकरण किया। इसके लिए विद्यार्थियों में जबरदस्त उत्साह देखने को मिला। यह शिविर सुबह 10:30 से सायं 4:00 बजे तक चला। इस दौरान लगभग 40 विद्यार्थियों को टीका लगाया गया। बलौदाबाजार जिले में 3 जनवरी 2022 से 15 से लेकर 18 वर्ष के बच्चों का टीकाकरण प्रारंभ हो गया, जिसे लेकर बच्चों में काफी उत्साह दिखा।

खोखली स्कूल में 180 छात्रों को लगा पहला डोज

भाटापारा/नवप्रदेश। शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय खोखली में कोविड टीकाकरण अभियान के तहत स्वास्थ्य विभाग के टीम द्वारा 15 से 18 वर्ष के 180 बच्चों को को-वैक्सीन का पहला डोज बीडी कोदर एवं सीमा श्रीवास द्वारा लगाया गया। इस महाभियान को सफल बनाने संस्था प्राचार्य अनुज राम कुर्रे, वयाख्याता अरुण वर्मा, अशोक शर्मा, रविकांत वर्मा, कमलेश वर्मा, भूमेश पाण्डेय, नीलकंठ वर्मा, कल्पना मिश्रा, सुषमा सिंह, गायत्री सोनवानी, प्रेरणा ठाकुर, आरती सार्वा सहित ग्राम पंचायत खोखली के सचिव रूपेंद्र वर्मा, भागवत साहू का योगदान सराहनीय रहा।

सिविल सर्जन को शो-काज नोटिस जारी

बेमेतरा/नवप्रदेश। कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी विलास भोसकर संदीपान ने 3 जनवरी 2022 को सड़क दुर्घटना मे मृतक आकाश पारदी के प्रकरण में तत्काल संज्ञान लेते हुए कार्यवाही की गई। जिसमें सिविल सर्जन, सह मुख्य अस्पताल अधीक्षक बेमेतरा मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी एवं ड्यूटीरथ डॉ. दीक्षा कश्यप को शो-काज नोटिस जारी कर 24 घण्टे के भीतर जवाब मांगा गया है।

न्यायालय तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा

रा.प्र.क्र- 202201100700033//अ-06/वर्ष 2021-22

एतद् द्वारा आपको सूचित किया जाता है कि आवेदक मे. लक्ष्मी एसोसिएशन भागीदार संस्थान-भागीदार द्वारा श्री शंकर सिंघल आ. स्व. ओम प्रकाश सिंघल, निवासी क्यूं नं.12 स्ट्रीट-6 सेक्टर-बी, पंचशील सोसायटी बोरसी दुर्ग तह. व जिला दुर्ग (छ.ग.) के द्वारा भूमिस्वामी की भूमि मौजा-पोटियाकला, प.ह.नं-23 रा.नि.मं. दुर्ग-1 तह. व जिला दुर्ग में स्थित भूमि 10 बांधा तालाब, गंजपारा दुर्ग तह. व जिला दुर्ग द्वारा ग्राम- पोटियाकला, प.ह.नं. 23-अ रा.नि.मं. दुर्ग तह. व जिला दुर्ग में स्थित भूमि खसरा नं. 21/1 रकबा 0.2760 हे. खसरा नं. 13/8 रकबा 0.3320 हे., खसरा नं. 14 रकबा 1.1890 हे., खसरा नं. 17/1 रकबा 0.5650 हे., खसरा नं. 21/3 रकबा 0.1375 हे. खसरा नं. 23/2 रकबा 1.019 हे., खसरा नं. 21/2 रकबा 0.5510 हे., खसरा नं. 22 रकबा 0.6440 हे., खसरा नं. 17/2 रकबा 0.3160 हे., खसरा नं. 17/3 रकबा 0.3160 हे. खसरा नं. 16/2 रकबा 0.4050 हे. खसरा नं.21/4 रकबा 0.1375 हे., खसरा नं. 18/2-19/10 रकबा 0.5000 हे., खसरा नं. 13/7 रकबा 0.0810 हे., खसरा नं. 16/1-18-1, 19/1 रकबा 0.5770 हे. कुल खसरा 15 कुल रकबा 7.0460 हे. को स्वीकृत अभिन्यास की अनुमति हेतु उपरोक्त दर्शित खसरा संविलियन की आवश्यकता है। अतः छ.ग. शासन द्वारा जारी नवीन निर्देशानुसार खसरा नं. का संविलियन कर संविलियन खसरा नं. प्रदाय करने हेतु मय दस्तावेज के साथ न्यायालय में आवेदन प्रस्तुत किया गया है। जिसका प्रकरण न्यायालय में विचाराधीन है। अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत पेशी दिनांक 14.01.2022 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 03.01.2022 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर

तहसीलदार
दुर्ग (छ.ग.)

कार्यालय, नगर पालिक निगम, जोन क्र. 5 रायपुर
ईदगाह भाठा, पानी टंकी, रायपुर (छ.ग.)
ph.No. 0771-40455819 Email rmczone5@gmail.com

ईश्तहार/आधिपत्य हस्तांतरण की सूचना

नामांतरण प्र.क्र.372 दिनांक 10.12.21
वार्ड का नाम वार्ड- ठाकुर प्यारेलाल-40

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड-40 स्थित भूमि 40/569L00511 जो कि निगम अभिलेख में श्री जेठूराम साहू s/o राम बगस साहू के नाम से दर्ज है जिसको श्री गैंदराम साहू s/o स्व. जेठूराम साहू ने शपथपत्र, सहमति पत्र, मृत्यु प्रमाण पत्र, बंटवारानामा, रजिस्ट्री/ लिखित द्वारा वंशानुक्रम/ अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त कर नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत नामांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। यदि कोई व्यक्ति/ संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो इस प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित आपत्ति प्रस्तुत करें। अन्यथा समयावधि पश्चात किसी भी प्रकार की कोई सुनवाई नहीं की जावेगी।

जोन कमिश्नर
जोन क्रमांक-5
नगर पालिक निगम, रायपुर

कार्यालय, नगर पालिक निगम, जोन क्र. 5 रायपुर
ईदगाह भाठा, पानी टंकी, रायपुर (छ.ग.)
ph.No. 0771-40455819 Email rmczone5@gmail.com

ईश्तहार/आधिपत्य हस्तांतरण की सूचना

नामांतरण प्र.क्र.369 दिनांक 10.12.21
वार्ड का नाम वार्ड- वामनराव लाखे-66

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड-66 स्थित भूमि RPR664B00397 जो कि निगम अभिलेख में श्रीमती सावित्री बाई शर्मा w/o स्व. राजेश कुमार शर्मा के नाम से दर्ज है जिसको श्रीमती नीलिमा बेन्द्रे w/o श्री प्रकाश कुमार बेन्द्रे ने शपथपत्र, सहमति पत्र, मृत्यु प्रमाण पत्र, बंटवारानामा, रजिस्ट्री/ लिखित द्वारा वंशानुक्रम/ अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त कर नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत नामांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। यदि कोई व्यक्ति/ संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो इस प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित आपत्ति प्रस्तुत करें। अन्यथा समयावधि पश्चात किसी भी प्रकार की कोई सुनवाई नहीं की जावेगी।

जोन कमिश्नर
जोन क्रमांक-5
नगर पालिक निगम, रायपुर

कार्यालय नगर पालिका परिषद आरंग, जिला-रायपुर (छ.ग.)
anagarpalika3@gmail.com
राजस्व प्रकरण क्र. 66
ग्राम/शहर आरंग

ईश्तहार-सूचना

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्रीमती प्रेमलता अग्रवाल पति श्री संजय अग्रवाल जाति अग्रवाल साकिन ग्राम आरंग द्वारा भूमि/भवन को विक्रेता श्री मनोहर कुमार देवांगन पिता श्री काशीराम देवांगन साकिन आरंग से क्रय/मृत्यु पश्चात निम्न दस्तावेज प्रस्तुत कर निकाय आरंग में आवेदन प्रस्तुत किय गया है।

उक्त भवन क्र.170 का भाग / भूमि खसरा नं. 3679/5 का भाग रकबा 204.25वर्गफुट के भाग को लेकर पालिका के कर अभिलेख में दर्ज किए जाने की मांग किया गया है।

उपरोक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को कोई दावा/आपत्ति हो तो वह ईश्तहार/विज्ञापन प्रकाशन से 30 दिवस के अंदर मय दस्तावेज के साथ इस कार्यालय में उपस्थित होकर अपना दावा-आपत्ति पेश कर सकते हैं। नियत अवधि के बाद प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 24/12/2021 को मेरे हस्ताक्षर एवं सील मोहर लगाकर जारी किया जाता है।

सील

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर पालिका परिषद आरंग

कार्यालय नगर पालिका परिषद आरंग, जिला-रायपुर (छ.ग.)
anagarpalika3@gmail.com
राजस्व प्रकरण क्र. 65
ग्राम/शहर आरंग

ईश्तहार-सूचना

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्रीमती पुष्पा साहू पति श्री केशोराम उर्फ केशवराम साहू जाति तेली साकिन ग्राम कोसरंगी द्वारा भूमि/भवन को विक्रेता श्रीमती शकुंतला शर्मा पिता/पति राजेन्द्र प्रसाद शर्मा से क्रय/मृत्यु पश्चात निम्न दस्तावेज प्रस्तुत कर निकाय आरंग में आवेदन प्रस्तुत किय गया है।

उक्त भवन क्र. / भूमि खसरा नं. 3333/2 रकबा 1761 वर्गफुट के भाग को लेकर पालिका के कर अभिलेख में दर्ज किए जाने की मांग किया गया है।

उपरोक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को कोई दावा/आपत्ति हो तो वह ईश्तहार/विज्ञापन प्रकाशन से 30 दिवस के अंदर मय दस्तावेज के साथ इस कार्यालय में उपस्थित होकर अपना दावा-आपत्ति पेश कर सकते हैं। नियत अवधि के बाद प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 24/12/2021 को मेरे हस्ताक्षर एवं सील मोहर लगाकर जारी किया जाता है।

सील

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर पालिका परिषद आरंग

न्यायालय नायब तहसीलदार डोंगरगढ़, जिला-राजनांदगांव

ईश्तहार

रा.प्र.क्र./202112092300073
ब/121 वर्ष 2021-22

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक विरेन्द्र आ. कन्हई जाति महार निवासी व कृषक ग्राम छोटे कुसमी तहसील डोंगरगढ़ जिला राजनांदगांव द्वारा आवेदन पेश किया गयाहै कि आवेदक के नाम पर एकल खाते में ग्राम छोटे कुसमी प.ह.नं. 13 तहसील डोंगरगढ़ में कृषि भूमि ख.नं. 560/4 कुल रकबा 0.036 हे. भूमि राजस्व अभिलेख में दर्ज व स्थित है। आवेदक की उपरोक्त भूमि को कृषि कार्य की मूल किसान किताब भाग एक एवं दो गुम हो चुकी है, जिसके कारण आवेदक को कृषि कार्य में परेशानी हो रहीहै। अतः आवेदक द्वारा डुप्लीकेट किसान पुस्तिका भाग एक एवं दो प्रदाय किए जाने हेतु निवेदन किया है।

अतः उपरोक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति या संस्था को किसी प्रकार की दावा/आपत्ति हो तो वह स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से दावा/आपत्ति पेशी दिनांक 07/01/2022 तक या उसके पूर्व प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार आज दिनांक 23/12/2021 को मेरे हस्ताक्षर व न्यायालय के मुहर से जारी किया गया है। आवेदक का मो. नं. 7697512714

सील

तहसीलदार
डोंगरगढ़

कार्यालय सम्पदा अधिकारी
छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल,
सम्पदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-1, सिरपुर भवन, व्यवसायिक परिसर कबीर नगर, रायपुर
email ID-eocghbzone1@gmail.com

आम सूचना

छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल द्वारा कबीर नगर रायपुर में निर्मित दीनदयाल आवास योजना के अंतर्गत भवनों में से फ्लैट/भवन क्रमांक एलआईजी-39/458 भूतल में श्री प्रेमवती बंजारे पति बेदप्रसाद बंजारे को स्ववित्तीय/ एकमुश्त आधार पर आबंटित/ नामांतरित किया गया है। आबंटी द्वारा दिनांक 12.11.2012 को विक्रय विलेख निष्पादित कर लिया गया।

आबंटी उक्त भवन के विक्रय हेतु दिनांक 02.12.2021 को निष्पादित विक्रय इकरारनामा की छायाप्रति प्रस्तुत कर फ्लैट/भवन श्री अनूप कुमार मिश्रा पिता श्री शम्भुनाथ मिश्रा के नाम से विक्रय करने के लिए विक्रय अनुमति की मांग की है।

अतः किसी भी व्यक्ति शासकीय/ अर्द्ध शासकीय संस्था इत्यादि को उक्त भूखण्ड/ भवन के विक्रय के संबंध में किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो इस कार्यालय में लिखित रूप से प्रमाणित दस्तावेज सहित इस आम सूचना प्रकाशन के 15 दिन के अंदर समक्ष उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत करें। अन्यथा बाद में प्राप्त आपत्ति मान्य नहीं की जावेंगी।

सम्पदा अधिकारी
छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल,
सम्पदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-01
कबीर नगर, रायपुर

कार्यालय, नगर पालिक निगम, जोन क्र. 5 रायपुर
ईदगाह भाठा, पानी टंकी, रायपुर (छ.ग.)
ph.No. 0771-40455819 Email rmczone5@gmail.com

ईश्तहार/आधिपत्य हस्तांतरण की सूचना

नामांतरण प्र.क्र.371 दिनांक 10.12.21
वार्ड का नाम वार्ड- ठाकुर प्यारेलाल-40

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड-40 स्थित भूमि RPR569L00511 जो कि निगम अभिलेख में श्री जेठूराम साहू s/o राम बगस साहू के नाम से दर्ज है जिसको श्री हेमलाल साहू s/o स्व. जेठूराम साहू ने शपथपत्र, सहमति पत्र, मृत्यु प्रमाण पत्र, बंटवारानामा, रजिस्ट्री/ लिखित द्वारा वंशानुक्रम/ अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त कर नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत नामांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। यदि कोई व्यक्ति/ संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो इस प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित आपत्ति प्रस्तुत करें। अन्यथा समयावधि पश्चात किसी भी प्रकार की कोई सुनवाई नहीं की जावेगी।

जोन कमिश्नर
जोन क्रमांक-5
नगर पालिक निगम, रायपुर

बीरगांव नगर निगम में कांग्रेस का कब्जा

नंदलाल देवांगन महापौर और कृपा राम निषाद बने सभापति

रायपुर/नवप्रदेश। राजधानी से सटे हुए बीरगांव नगर निगम में कांग्रेस ने कब्जा जमा लिया है। कांग्रेस की टिकट पार चुनाव जीत कर पहुंचे पार्षद नंदलाल देवांगन को बाकी पार्षदों ने मतदान कर महापौर बनाया है।

वहीं भाजपा की तरफ से पतिराम साहू को महापौर पद का प्रत्याशी बनाया गया था, जिन्हें हार का सामना करना पड़ा। बीरगांव नगर निगम में महापौर पद के लिए आज हुई वोटिंग में नंदलाल को कुल 25 वोट मिले है। वहीं नंदलाल के खिलाफ मैदान में उतरे भाजपा के पार्षद पतिराम साहू को 15 वोट ही मिल पाए।

दरअसल, कांग्रेस को यहां 40 में से 25 वोट मिले यानी 25 पार्षदों ने कांग्रेस के पक्ष में वोट किया, जिसमें 6 निर्दलीय पार्षद भी शामिल हैं। वहीं बीजेपी प्रत्याशी को महज 15 वोट ही मिले हैं, जिसमें 3 निर्दलीय पार्षद पहले ही कांग्रेस में शामिल हो चुके थे। बाद में अन्य तीन ने भी कांग्रेस को समर्थन कर अत्यक्ष रूप से कांग्रेस में शामिल हो ही गया।

बीरगांव में कांग्रेस का महापौर बनने के बाद कांग्रेस ने सभापति के लिए भी जोर आजमाइश की जिसमे भी कांग्रेस की जीत हुई है। महापौर के मतदान के बाद सभापति के लिए मतदान किया गया। जिसमे कांग्रेस के पार्षद कृपा राम निषाद को 26 वोट मिले। जिसके बाद बीरगांव के सभापति की कुर्सी कृपा राम निषाद को मिल गई। वहीं भाजपा ने जोगी कांग्रेस के प्रत्याशी एवज देवांगन को अपना समर्थन दिया था, जिन्हें 14 वोट मिले। सभापति के चुनाव में क्रॉस वोटिंग की बात है। बीजेपी नेताओं ने बड़ा दावा किया था कि भाजपा मेयर बनाने से चुकी है लेकिन सभापति जरूर बनाएगी। नतीजे सामने आने के बाद भाजपा की उम्मीदों पर पानी फिर गया है।

बीरगांव नगर निगम की जीत को लेकर कांग्रेस विधायक सत्यनारायण शर्मा ने कहा कि मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की कार्यशैली और उपलब्धियों का सुखद परिणाम है कि हम सब जगह जीते हैं।

पार्षदों का एक साथ हुआ शपथ ग्रहण

महापौर चुनाव के पहले रायपुर के कलेक्टर सौरभ कुमार ने नवनिर्वाचित पार्षदों को शपथ दिलाई। सभी 40 के 40 पार्षदों का एक साथ शपथ ग्रहण महापौर चुने जाने की कवायद शुरू हुई और कांग्रेसी को महापौर चुन लिया गया। इस अवसर पर उप जिला निर्वाचन अधिकारी यू एस अग्रवाल तथा नगर निगम आयुक्त श्रीकांत वर्मा भी उपस्थित थे। महपौर चुनाव के मद्देनजर कांग्रेस विधायक सत्यनारायण शर्मा भी बीरगांव नगर निगम पहुंचे थे।

पतिराम ने कांग्रेस उम्मीदवार को 401 वोट से हराया था

नंदलाल देवांगन वार्ड 25 से तीसरी बार चुनाव जीतकर आए थे। वे रायपुर ग्रामीण से कांग्रेस विधायक सत्यनारायण शर्मा के करीबी माने जाते हैं। वहीं अगर बीजेपी प्रत्याशी पतिराम साहू की बात की जाए तो वे वार्ड नंबर 18 से चुनाव जीते थे। उन्होंने कांग्रेस प्रत्याशी सुबोध कुमार वर्मा को 401 वोटों के अंतर से हराया था। इस निगम में 5 सीटी जीतने वाली जोगी कांग्रेस ने भी एवज देवांगन को सभापति के लिए उम्मीदवार बनाया था, जिसे अब बीजेपी ने समर्थन दिया।

वर्षो से मुआवजा लंबित, ग्रामीणों ने कलेक्टर से की शिकायत

कवर्धा। चार वर्ष पूर्व बिरकोना से चुचरुगपुर रोड का तात्कालीन भाजपा सरकार के कार्यकाल में भूमिपूजन किया गया था। यह सड़क बिरकोना से मरका एवं चुचरुगपुर होते हुए बेमेतरा जिले को जोड़ती है। आरडीसी विकास योजना अंतर्गत निर्माण होने वाले इस रोड के लिए लगभग 104 करोड़ रुपए स्वीकृति तात्कालीन सरकार ने दी थी। परंतु आज पर्यंत तक यह कार्य अधूरा है। इस सड़क मार्ग के लिए जिन किसानों की जमीन ली गई थी, उन्हें आज पर्यंत तक मुआवजा राशि नहीं मिला है। लंबित मुआवजे की मांग को लेकर ग्रामीण दर्जनों बार तहसीलदार, एसडीएम और कलेक्टर कार्यालय का चक्कर लगा चुके। बावजूद इसके अब तक जिला प्रशासन की ओर से प्रभावित किसानों को मुआवजा राशि नहीं दी गई है। प्रशासन की उदासीन रवैय्ये को लेकर ग्रामीणों ने किसान मोर्चा जिलाध्यक्ष भुनेश्वर चन्द्राकर के संज्ञान में लाया। किसान मोर्चा के जिलाध्यक्ष चन्द्राकर के नेतृत्व में मरका के किसान टाकेशवर जायसवाल, गोविंद, श्रवण, राजेंद्र, द्वारिका, भगवती, एवं तिजु साहू कलेक्टर से मुलाकात करा कर इस पर तत्काल मुआवजा प्रदान करने की बात कही। कलेक्टर रमेश शर्मा ने सभी को आश्वासन दिया कि जल्द से जल्द प्रक्रिया में लिया जाएगा एवं पात्र ग्रामीणों को जल्द मुआवजा प्रदान किया जाएगा।

कानफोडू आवाज निकालने वाले दुपहिया चालकों के खिलाफ कार्यवाही की मांग

- **हिन्दू युवा मंच ने एसपी को स्मरण पत्र सौंपकर पुनः कराया ध्यानाकर्षण**

राजनांदगांव/नवप्रदेश। हिन्दू युवा मंच ने जिला इकाई ने अमानक साइलेंसर से पटाखे जैसी कानफोड़ू तेज आवाज निकालने वाले दुपहिया वाहन चालकों के खिलाफ एक बार फिर से कार्यवाही करने की मांग करते हुए पुलिस अधीक्षक को उक्त मामलें में पुनः ध्यानाकर्षण कराते हुए स्मरण पत्र सौंपा है। हिन्दू युवा मंच के जिलाध्यक्ष किशोर माहेश्वरी ने बताया है कि 29 नवंबर 2021 को हिन्दू युवा मंच ने पुलिस अधीक्षक डी. श्रवण को कानफोड़ू पटाखे जैसी तेज आवाज निकालने वाले अमानक साइलेंसर धारी दुपहिया वाहन चालकों पर कार्यवाही करने की मांग की थी। एक महीने बाद भी जब उक्त शिकायत पर कार्यवाही नहीं हुई तो क्षुब्ध होकर हिन्दू युवा मंच ने पुलिस प्रशासन को नींद से जगाने और कार्यवाही करने स्मरण पत्र सौंपकर पुनः ध्यानाकर्षण कराया है। बीते दिनों एक दो दुपहिया वाहन चालक को पकड़ने में बसंतपुर थाने को कामयाबी जरूर मिली है और उन पर बड़ा जुर्माना भी लगाया गया है, लेकिन आज भी कई दुपहिया वाहन चालक जिन्होंने अपने साइलेंसर को मोडिफाइड करके अमानक स्वरूप दिया है। ऐसे मनचले कार्यवाही से आज भी कोसो दूर हैं। हिन्दू युवा मंच ने आम लोगों की तकलीफों जो ध्यान में रखते हुए इसकी शिकायत भी की थी, लेकिन पुलिस प्रशासन गहरी नींद में सोता रहा। विडंबना इस बात की है कि, आम आदमी की तकलीफे शासन और प्रशासन को दिखाई नहीं देती। आम आदमी भले रोज ऐसी समस्याओं से गुजरते रहे हो, लेकिन जिला प्रशासन और पुलिस प्रशासन को इस बात से कोई मतलब नहीं है, लेकिन जब बात खुद के ऊपर आई तब पुलिस प्रशासन नींद से जागा और तब प्रशासन को यह बात समझ में आई कि, वाकई में यह एक बड़ी समस्या है। अमानक साइलेंसर धारी केवल मात्र एक दो दुपहिया वाहन चालक पर कार्यवाही करने से कुछ नहीं होगा।

8 बाइक चालकों पर मोटर व्हीकल एक्ट के तहत की गई कार्यवाही

कबीरधाम/नवप्रदेश। कोतवाली प्रभारी कपिल चंद्रा के द्वारा अभियान चला कर यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले बाइक चालकों पर कार्रवाई की जा रही है। जिसमें शहर के भीड़भाड़ वाले इलाके में स्टंट करते तथा तेज आवाज वाले साइलेंसर लगाकर दुपहिया वाहन चलाने वाले चालकों पर कोतवाली पुलिस के द्वारा कार्यवाही करने टीम गठित की गई है। इसी तारतम्य में 3 जनवरी को वाहन चेकिंग के दौरान तेज आवाज/पटाखे की आवाज वाले साइलेंसर लगाकर वाहन चला रहे दुपहिया वाहन चालकों पर मोटर व्हीकल एक्ट के तहत 8 वाहन चालकों पर कार्यवाही की गई। इन चालकों से 64 सौ रुपए समन शुल्क वसूल किया गया।

बनपचरी में पानी टंकी के साथ ही सामुदायिक भवन का होगा निर्माण

महासमुंद/नवप्रदेश। ग्राम पंचायत बनपचरी में जल जीवन मिशन के तहत पानी टंकी के साथ पाइपलाइन का विस्तार किया जाएगा। साथ ही सामुदायिक भवन व स्वागत द्वार का निर्माण होगा। संसदीय सचिव व विधायक विनोद सेवनलाल चंद्राकर ने विकास कार्यों के लिए भूमिपूजन किया। सोमवार को ग्राम पंचायत बनपचरी में पानी टंकी, सामुदायिक भवन व स्वागत द्वार निर्माण के लिए भूमिपूजन समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि संसदीय सचिव व विधायक विनोद सेवनलाल चंद्राकर थे। अध्यक्षता जिला पंचायत उपाध्यक्ष लक्ष्मण पटेल ने की। विशेष अतिथि के रूप में स्काउट गाइड के जिलाध्यक्ष दाउलाल चंद्राकर, जनपद सदस्य प्रतिनिधि तुलसी साहू, रमन सिंह ठाकुर, रोशन पटेल, सरपंच अभय कुंभकार मौजूद थे। अपने संबोधन में संसदीय सचिव व विधायक श्री चंद्राकर ने कहा कि कोरोना महामारी के बाद भी भूपेश सरकार ने विकास कार्यों की गति को रूकने नहीं दिया और क्षेत्र में लगातार विकास कार्य कराए जा रहे हैं। विधानसभा क्षेत्र विकास की राह पर तेजी से आगे बढ़ रहा है। जनभावनाओं के अनुरूप क्षेत्र में विकास कार्य कराए जा रहे हैं। शहर के साथ-साथ ग्रामीण क्षेत्र में शिक्षा, स्वास्थ्य, पेयजल, सिंचाई, सड़क, बिजली सहित मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही है। उन्होंने कहा कि कुछ महीने में पानी टंकी का निर्माण होने के साथ ही पाइपलाइन का विस्तार हो जाएगा। इससे ग्रामीणों के घरों तक साफ पानी की सप्लाई हो सकेगी। जिला पंचायत उपाध्यक्ष लक्ष्मण पटेल व स्काउट गाइड के जिलाध्यक्ष दाउलाल चंद्राकर ने विधायक विनोद सेवनलाल चंद्राकर को विकासपुरूष की संज्ञा देते हुए कहा कि उनके नेतृत्व में तीन सालों में क्षेत्र का चहुंमुखी विकास हुआ है। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से तेजराम ध्रुव, कोमल ध्रुव, रोहित ध्रुव, जनक कुंभकार, दिलीप सिंग ध्रुव, संतु कुंभकार, प्रेमसिंह ध्रुव, समयलाल कुंभकार, शोभाराम ध्रुव, मोमाबाई जोगी, कुमारी बाई यादव, सुमित्रा ध्रुव, प्रेमिन ध्रुव, रूखमणी ध्रुव, राजकुमार कुंभकार, राधेश्याम ध्रुव, पवन ध्रुव, घनश्याम ध्रुव, सत्यभामा पटेल आदि मौजूद थे।

वन विभाग का कारनामा! पुराने पर ही बना रहा नया तालाब

- **चार साल पहले जल संसाधन विभाग ने मनरेगा से बनवाया, अब वन अमला बनवा रहा**

बैकुंठपुर/नवप्रदेश। मनेन्द्रगढ़ वन मंडल अंतर्गत वन परिक्षेत्र मनेन्द्रगढ़ के तहत नारायणपुर सर्किल के ग्राम भौता में वन विभाग द्वारा एक पुराने तालाब पर लाखों रुपए खर्च कर नए तालाब का निर्माण किया जा रहा है। जबकि स्थानीय लोगों का कहना है कि पुराने तालाब को जीर्णोद्धार करके नया तालाब अलग स्थान पर बनाया जाना चाहिए। ताकि किसानों को खेती में अतिरिक्त लाभ मिल सके। वन विभाग के इस कार्य का ग्रामीण विरोध कर रहे किन्तु सर्किल प्रभारी के डर से इसकी भनक जिले के उच्च अधिकारियों को नहीं लग रही क्योंकि सर्किल प्रभारी के द्वारा शिकायत करने पर किसी न किसी मामले में उलझाने का डर दिखाया जाता है। कुछ महीनों पूर्व ही केल्हारी के एक सर्किल में यह खौफ पूर्व सर्किल प्रभारी का देखा जा चुका है। संभावना जताई जा रही है कि वन विभाग द्वारा इस प्रकार की गड़बड़ी निर्माण की लागत कम करने के उद्देश्य से की जा रही है ताकि स्वीकृत राशि का पूरा काम कम लागत में कर पूरा राशि आहरण किया जा सके। वन परिक्षेत्र मनेंद्रगढ़ के भौता ग्राम अंतर्गत वर्ष 2016 के मध्य में राष्ट्रीय रोजगार गारंटी योजना से जल संसाधन विभाग द्वारा बसकोहा नामक तालाब का निर्माण कराया गया था। जिस तालाब की स्वीकृति राशि 20 लाख 22 हज़ार थी। वन विभाग इस तालाब के निर्माण के लिए वन भूमि में निर्माण की अनुमति दे चुका था। तालाब भी बना दिया गया जिसके बाद करीब एक वर्ष बीतने के बाद जल संसाधन विभाग द्वारा निर्मित बसकोहा तालाब धरासायी हो जाता है जिसके बाद उस तालाब के धरासायी होने की ना तो वजह खंगाली जाती है और ना ही कोई जांच पड़ताल तालाब के साथ तालाब टूटने की जांच और संज्ञान दोनों गोल मोल कर दिया जाता है। उसके बाद बिना किसी प्रक्रिया जाने या फिर टूटे तालाब की बिना पड़ताल किए वन मंडल मनेंद्रगढ़ द्वारा 2021 में वहां पर बल्कि उसी तालाब की मेड़ पर नरवा का मेड़ सांट दिया गया। जबकि उक्त टूटे तालाब पर जांच होनी थी। 20 लाख से ज्यादा की राशि का तालाब महज एक डेढ़ साल में बह गया। इसके गुणवत्ता की जांच भी नहीं की गई। क्या कारण था कि तकनीकी थ्योरी के तहत तकनीकी विशेषज्ञ और मापदंडों पर संचालित जल संसाधन विभाग जैसी निर्माण एजेंसी का कार्य इतना ऑर्डनरी था की वह बह गया वहीं जिले के जिम्मेदार अधिकारी मनरेगा से राशि खर्च होने के बाद भी इसकी जांच करना उचित नहीं समझे ।

जन चौपाल में मिले आवेदनों का शीघ्र निराकरण करने कलेक्टर ने दिए निर्देश

कांकेर/नवप्रदेश। जन चौपाल में प्राप्त शिकायत व समस्या संबंधी आवेदनों, शासन स्तर से प्राप्त पत्रों, ग्रामीण सचिवालयों सहित अन्य आवेदनों का त्वरित निराकरण करने के लिए कलेक्टर चन्दन कुमार ने सभी जिला अधिकारियों को निर्देशित किया है। मंगलवार को आयोजित समय-सीमा की बैठक में उनके द्वारा जल जीवन मिशन के कार्य, जाति प्रमाण-पत्र बनाने के कार्य में प्रगति, धान की खरीदी, पोषण पुनर्वास केन्द्रों में कुपोषित बच्चों का उपचार, आंगनबाड़ी भवनों का निर्माण सहित अन्य विकास कार्यों में प्रगति की गहन समीक्षा की गई एवं अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। आंगनबाड़ी केन्द्र भवनों का निर्माण उपयुक्त स्थल में करने के लिए जनपद सीईओ को निर्देशित करते हुए स्थल चयन के समय आंगनबाड़ी कार्यकर्ता की भी सहमति प्राप्त करने के लिए कहा। कोरोना टीकाकरण की समीक्षा करते हुए टेस्टिंग बढ़ाने के लिए चिकित्सकों को निर्देशित किया गया एवं इस कार्य की मॉनिटरिंग करने सभी एसडीएम को निर्देश दिये गये। धान खरीदी की समीक्षा करते हुए उन्होंने सभी खरीदी केन्द्रों में ड्रेनेज व केप कव्हर की पर्याप्त व्यवस्था रखने के लिए अधिकारियों को निर्देशित किया।

शिक्षक पात्रता परीक्षा 9 को, शामिल होंगे 11,547 परीक्षार्थी

कांकेर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मण्डल रायपुर द्वारा शिक्षक पात्रता परीक्षा 9 को आयोजित किया जाएगा। जिले में 45 परीक्षा केन्द्र बनाए गए है। 11,547 परीक्षार्थी शामिल होंगे। परीक्षा दो पाली में आयोजित की जाएगी। प्रथम पाली पूर्वान्ह 9.30 बजे से दोपहर 12.15 बजे तक जिसके लिए 24 परीक्षा केन्द्र बनाया गया है, जिसमें 6,642 परीक्षार्थी शामिल होंगे। इसी प्रकार द्वितीय पाली की परीक्षा दोपहर 02 बजे से 4.45 बजे तक, इसके लिए 21 केन्द्र बनाया गया है, जिसमें 4,905 परीक्षार्थी शामिल होंगे। कलेक्टर चन्दन कुमार द्वारा डिप्टी कलेक्टर सीएल ओंटी को नोडल अधिकारी एवं सहायक संचालक शिक्षा लक्ष्मण कावड़े को सहायक नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है।

पैराडाइज स्कूल के 15 से 18 वर्ष के छात्रों का हुआ वैक्सीनेशन

कांकेर/नवप्रदेश। पैराडाइज हायर सेकेंडरी स्कूल में 15 से 18 वर्ष के कक्षा 9वीं से 12वीं तक के छात्रों का टीकाकरण किया गया। अर्जुन पटेल, चेष्टा पटेल, देषांत नाग, देविका देवांगन, अनिशा रावल, लक्ष्य कुमार, अनुराधा दास, असफिया बानो, नाजिया परवीन, फिरदोस, अंतरा झा, रागिनी यादव, चंचल यादव, आशीष गुप्ता, भूमिका ठाकुर, पुष्पांजली साहू, कमल नयन सोरी, चंद्रकांत ध्रुव, वैभव शर्मा, आश्वत शर्मा मिश्रा आदि बच्चों का टीकाकरण हुआ। प्राचार्य रश्मि रजक, एडमिनिस्टेटर हरि गोलुगिरि, मैनेजर योगेश रजक एवं शिक्षकों तथा कांकेर स्वास्थ्य विभाग से उपस्थित सभी अधिकारी एवं कर्मचारीउ उपस्थित रहे।

पूर्व केंद्रीय मंत्री साय की मनाई गई पुण्यतिथि

रामानुजगंज/नवप्रदेश। पूर्व केंद्रीय मंत्री लरंग साय की पुण्यतिथि के अवसर पर भाजपा व्यापार प्रकोष्ठ के संभाग प्रभारी एवं नगर पंचायत अध्यक्ष रमन अग्रवाल के नेतृत्व में लरंगसाय चौक पर स्थित लरंग साय की प्रतिमा पर वरिष्ठ भाजपा नेता अधिवक्ता आरके पटेल, कन्हैयालाल अग्रवाल, सुभाष केसरी, शैलेश गुप्ता की उपस्थिति में माल्यार्पण कर दीप प्रज्वलित कर उनके पुनीत कार्यों को याद किया गया। नपं अध्यक्ष रमन अग्रवाल ने कहा कि पूर्व केंद्रीय मंत्री लरंग साय का रामानुजगंज से गहरा रिश्ता था। उन्होंने नगर के विकास के लिए बहुत कुछ किया। क्षेत्र में विकास के लिए जो उन्होंने कार्य किया उसकी तुलना नहीं की जा सकती। उनके जीते जी यहां उनके नाम से चौक का स्थापना उनके द्वारा कराए गए विकास कार्यों के कारण हुआ था जो आज नगर का प्रमुख चौक है। वे सादगी सरलता ईमानदारी की मिसाल थे। इतने बड़े पद पर जाने के बाद भी लोगों से उसी आत्मीयता एवं सहजता से मिलते थे। ऐसे नेता बहुत ही विरले मिलते हैं। पूर्व भाजपा जिला अध्यक्ष आरके पटेल ने भी उनके पुनीत कार्यों को याद करते हुए कहा क्षेत्र के विकास के लिए हमेशा चिंतित एवं समर्पित रहते थे। उनकी ईमानदारी मिशाल आज भी हम सब देते हैं। इस दौरान प्रमोद कश्यप सांसद प्रतिनिधि पवन गुप्ता, अनूप कश्यप, विजय रावत, राम ध्यान गुप्ता सहित भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

अंतराज्यीय एलपीजी गैस चोर गिरोह का पुलिस ने किया पर्दाफाश

कबीरधाम/नवप्रदेश। बोडला पुलिस को हाईवे से होकर मध्यप्रदेश जाने वाली एलपीजी गैस वाहन में गैस की चोरी की सूचना मिली थी। जिस पर टीम बनाकर हाइवे से गुजरने वाली वाहनों पर नजर रखी जा रही थी। सोमवार को मुखबीर के द्वारा सूचना मिली कि एक गैस टेंकर वाहन संदिग्ध हालत में बोडला से आगे खराब सड़क पर खड़ी है जिस पर तत्काल थाना बोडला द्वारा टीम गठित कर घेराबंदी कर विधिसम्मत घटना स्थल की तलाशी ली गई व घटना स्थल से 03 संदिग्ध व्यक्ति मिलने पर नाम पता पूछने पर तीनों ने अपना नाम नरेश कुमार पिता मंशुराम 30 साल निवासी रंजितपुरा थाना बज्जु जिला बिकानेर राजस्थान, बिनाराम पिता बाबूराम 27 साल निवासी हाड़िया थाना ओसियान जिला जोधपुर राजस्थान और मनोज पिता चनाराम विश्नोई 22 साल निवासी नगरासर थाना बज्जु जिला विकानेर राजस्थान सभी हाल मुकाम लालपुर रोड कवर्धा थाना कवर्धा जिला कबीरधाम का रहना बताए। घटना स्थल का सर्च करने पर दो वाहन सिलेडर नोजल पाईप 03 नग गैस रेग्युलेटर टार्च मोबाईल एवं अन्य सामग्री बरामद हुआ। आरोपियों के निशानदेही पर एक कैप्सुलनुमा ट्रक खाली व भरा हुआ सिलेंडर, पिकअप वाहन व एक कार मारूति आर्टिका को घटना स्थल से जप्त किया गया। आरोपियों ने बताया कि संगठित गिरोह बनाकर अंतर्राज्यीय स्तर पर कवर्धा से मंडला नेशनल हाईवे में गैस ट्रक ड्रायवर से सांठगांठ कर अवैध रूप से सिलेंडर को रिफिल कर बड़े शहरों में सिलेंडर को विभिन्न स्थानों पर अधिक दर पर खपाना बताया। आरोपियों के खिलाफ जुर्म दर्ज कर जेल भेजा गया।